सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 25 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 55, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 850 अंकों की गिरावट

प्रमुख शेयर सूचकांकों में लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 850 अंक से अधिक टूटकर 75,000 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। } 14

## संरा शांति मिशनों में महिलाओं को शामिल करना आवश्यक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं। } 16



## काजीरंगा पहुंचे 61 देशों के राजनयिक

### यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क में जीप सफारी का लिया आनंद



गुवाहाटी। विदेश मंत्री एस जयशंकर और 61 देशों के राजनयिकों ने सोमवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी की सवारी की और जीप सफारी का आनंद लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये राजनयिक रविवार रात विदेश मंत्री के साथ जोरहाट पहुंचे थे और आज सुबह काजीरंगा पहुंचे।

राजनयिकों ने सबसे पहले पार्क के केंद्रीय रेंज कोहोरा में हाथी की सवारी का आनंद लिया। जयशंकर मशहूर हाथी प्रद्युम्न पर सवार हुए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पहले कहा था कि कई राजनयिकों के जीवनसाथियों ने इस यात्रा का लाभ उठाया, जबकि एडवांटेज असम 2.0 इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट समिट में भाग लेने वाले देशों जैसे भूटान, जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया और अन्य के राजदूत सीधे गुवाहाटी पहुंचेंगे। हाथी की सवारी के बाद राजनयिकों ने यूनेस्को के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत की आस्था, एकता व समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है महाकुम्भ

एजेंसी



भागलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद द्वारा महाकुंभ को लेकर की गयी टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए सोमवार को कहा कि राम मंदिर से चिढने वाले लोग महाकुंभ को कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन ऐसे लोगों को बिहार कभी भी माफ नहीं करेगा। बिहार के भागलपुर जिले में किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी किये जाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने अपने संबोधन में प्रसाद पर प्रहार करते हुए कहा, राजग सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है, लेकिन यह जो जंगल राज वाले हैं, इनको हमारी धरोहर से, हमारी आस्था से नफरत है। राजद सुप्रीमो पर अपना प्रहार जारी रखते हुए मोदी ने कहा इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। यह भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी ज्यादा लोग अब तक महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। बिहार से भी श्रद्धालु महाकुंभ होकर आ रहे हैं लेकिन यह जंगल राज वाले महाकुंभ को ही गाली दे रहे हैं। वे महाकुंभ को लेकर भद्दी-भद्दी बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा राम मंदिर से चिढने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मैं जानता हूं कि महाकुंभ को गाली देने वाले ऐसे लोगों को बिहार कभी भी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा पूर्वोदय से ही विकसित भारत का उदय होगा और हमारा बिहार, पूर्वी भारत का सबसे अहम स्तंभ है। बिहार, भारत के सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। राजद के लंबे कुशासन ने बिहार को बर्बाद किया, बिहार को बदनाम किया लेकिन अब विकसित भारत में बिहार का वही स्थान होगा जो प्राचीन समृद्ध भारत में पाटलिपुत्र का था। हम सभी मिलकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा बिहार में आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए, सड़कों के नेटवर्क के लिए, जनकल्याण की योजनाओं के लिए राजग सरकार प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुंगेर से भागलपुर होते हुए मिर्जा चौकी तक करीब 5000 करोड रुपए की लागत से नया राजमार्ग बनाने का काम शुरू हो रहा है तथा भागलपुर से औंसडीहा तक फोरलेन सड़क को चौड़ा करने का काम भी शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने विक्रमशिला से कटारिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### काशी विश्वनाथ में 27 तक वीआईपी दर्शन पर रोक

वाराणसी। महाकुंभ के बाद वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ को देखते हुए 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन (विशिष्ट लोगों के लिए दर्शन) की व्यवस्था पर रोक लगा दी गयी है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को होने के कारण देश के विभिन्न प्रान्तों से दर्शनार्थियों का हुजूम आने की सम्भावना है। इसे देखते हुए आगामी 25 से 27 तक मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गयी है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु, संत और नागा साधु श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।

### पाक सीमा पर बढ़ायी गयी बीएसएफ जवानों की तैनाती

नयी दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब और जम्मू में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित अपनी चौकियों पर अतिरिक्त जवानों को तैनात करने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के इस कदम का उद्देश्य घुसपैठ रोधी तंत्र को मजबूत करने तथा गोला-बारूद अथवा मादक पदार्थों को ले जाने वाले ड्रोनों को रोकना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चंडीगढ़ स्थित सीमा सुरक्षा बल की पश्चिमी कमान ने इन दोनों क्षेत्रों में अग्रिम मोर्चे पर नौ सामरिक मुख्यालय स्थापित करने का भी निर्देश दिया है।

# देश में नजीर बनी यूपी की कानून व्यवस्था : योगी

### ❍ आपराधिक घटनाओं में आयी गिरावट ❍ मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों का दिया हवाला

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से राज्य की कानून एवं व्यवस्था को देश में एक नजीर बताते सोमवार को दावा किया कि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में खासी गिरावट आई है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रदेश की कानून-व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा, कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश में एक नजीर (उदाहरण) बनी है। यह देश में एक मॉडल व्यवस्था बनी है। आज हर व्यक्ति इसकी चर्चा करता है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, कि प्रदेश में डकैती की घटनाओं में 84.41 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा लूट की घटनाओं में 77. 43 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या की घटनाओं में 41. 01 प्रतिशत, बलवा की घटनाओं में 66.4 प्रतिशत व फिरौती के लिए अपहरण की घटनाओं में 54.72 प्रतिशत की कमी आई है। दहेज हत्या के मामलों में 17.08 प्रतिशत और बलात्कार की घटनाओं में 26.15 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री ने दावा करते हुए कहा, कि महिलाओं के प्रति अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर है। इस राज्य ने इन अपराधों के सर्वाधिक दोषियों को सजा दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### समाजवादियों व वामपंथियों को रास नहीं आ रही सनातन की सुंदरता : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर टिप्पणी करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने महाकुंभ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफ-सुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सड़क हादसों ने ली 15 की जान, 36 घायल

लखनऊ। मिर्जापुर, उन्नाव, सुलतानपुर, नोएडा, बलिया और कौशांबी जिले में हुए सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 36 लोग घायल हो गए। मिर्जापुर जिले में हुईं दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तेलंगाना के तीन मूल निवासियों सहित सात लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना लालगंज क्षेत्र में रविवार रात करीब 10 बजे हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना, अदलहाट क्षेत्र में रात करीब दो बजे हुई।

इसमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं उन्नाव जिले में सराय मनिहार गांव के पास बिहार-बक्सर मार्ग पर एक अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे तीन युवकों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में जुड़वा भाई अरबाज खान (16) और आदिल खान (16) तथा सरफराज (22) शामिल हैं। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित रायबरेली जिले के दिग्पालगंज पथाई से घर लौट रहे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अक्षय, कैटरीना व सोनाली बेंद्रे ने लगायी डुबकी

### एकनाथ शिंदे व पर्यावरण मंत्री पंकजा गोपीनाथ मुंडे ने भी किया स्नान

विशेष संवाददाता





महाकुंभ नगर। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम प्रयागराज महाकुंभ में आम श्रद्धालुओं के साथ ही बॉलीवुड और राजनीतिक क्षेत्र से लोगों का आना जारी है। सोमवार को बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने संगम में डुबकी लगाई।

राजनीतिक क्षेत्र से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पर्यावरण मंत्री पंकजा गोपीनाथ मुंडे ने संगम में स्नान किया। इनके अलावा, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। संगम में स्नान के बाद अक्षय कुमार ने कहा, मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर

### महाकुंभ भगदड़ : न्यायिक आयोग ने मेला प्रशासन व पुलिस के साथ की बैठक

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को संगम नोज पर हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की टीम सोमवार को सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची और समीक्षा बैठक की।

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने आयोग की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया, कि न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची। यहां इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आयोग के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : प्राकृतिक सौंदर्य से पयर्टन को लगेंगे पंख

### पीएम मोदी की यात्रा से हर्षिल-मुखवा के सौंदर्य का विश्व स्तर पर होगा प्रचार : धामी

प्रमुख संवाददाता



उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल हर्षिल-मुखवा के भ्रमण से इस क्षेत्र मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्र के पयर्टन को पंख लगेंगे। पूरे विश्व में इस यात्रा का प्रचार-प्रसार होगा, जिससे हमारे राज्य में श्रद्धालु व पयर्टकों का आना तय है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से उत्तराखंड की आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर उत्तरकाशी जनपद के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरूगेशन सहित अन्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 का दूसरा दिन, लघु नाटिका ड्रामा जंक्शन का हुआ मंचन

# उत्कर्ष 2025 : बीबीडी परिसर में दिखा छात्रों का उत्साह







विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के तत्वावधान में 23 से 25 फरवरी को हो रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 के दूसरे दिन सोमवार को छात्रों ने तकनीकी, सांस्कृतिक, खेल, साहित्य, इनफॉर्मल, होटल मैनेजमेंट एवं ललित कला में उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव शिपू गिरि को बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर ने मोमेंटो एवं मुख्य संयोजक उत्कर्ष डॉ. एसएमके रिजवी ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों का उत्साहवर्धन एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज टेक्नोलॉजी का युग है, समय के साथ छात्रों को अपडेट रहना चाहिए। तकनीकी प्रतियोगिताओं में कौन बनेगा उत्कर्ष टेक्नोचैम्प, रोबो मैराथन, टेक मेनिया, रोबोकॉन, लाइन फॉलोअर में अंधेरे में रोबोट रास्ता बनाता है जिसके ऊपर रोबोट चलते हैं। पिक एंड प्लेस में रोबोट द्वारा किसी भी प्रकार की वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं। इसके अलावा लाइट फॉलोअर, रोबोकॉन, थिंक टैंक आदि आकर्षण के केन्द्र रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा लघु नाटिका ड्रामा जंक्शन के माध्यम से हिंदुस्तान और पाकिस्तान बटवारे पर आधारित नाटक का मंचन एवं फ्यूचर में टेक्नोलॉजी बेस्ड यदि पूरी पृथ्वी हो जायेगी तो इंसान मानवता को खो देगा आदि पर मंचन हुआ।

# मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष को लेकर कला और बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## बीबीडी परिसर में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं में दिखा जोश, खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र कड़ी मेहनत कर अपना स्थान बनाने में रहे सफल











विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी परिसर में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 के दूसरे दिन सोमवार को छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने के लिए छात्र-छात्राओं ने बुद्धि, कला कौशल और खेलकूद प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाया।

स्ट्रीट डांस, मूक मंचन (माइम), सांस्कृतिक नृत्य, तरंग पैरोडी, राग रतन, राईम रंबल, फैशन शो, मिस्टर एंड मिस उत्कर्ष के दूसरे राउंड में अपनी प्रतिभाओं द्वारा मिस एवं मिस्टर उत्कर्ष का खिताब जीतने के लिए कला एवं बुद्धिमत्ता का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत कर प्रतियोगिता को आकर्षक बनाया। साहित्यिक प्रतियोगिताओं में हिंदी-अंगेजी क्रिएटिव राइटिंग, कविता, संवाद संगम वाद-विवाद प्रतियोगिता, नज्म, काव्यसेतु, शब्दयुद्ध, उर्दू मुशायरा आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने-अपने पक्ष को मजबूती से रखा। खेल प्रतियोगिताओं में फुटबाल, बास्केटबॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, शतरंज, कबड्डी, कैरम, खो-खो, एथलेटिक आदि खेल प्रमुख रहे, जिसमें छात्रों ने कड़ी मेहनत कर अपना स्थान बनाने में सफल रहे। स्पोर्ट्स इंडिविजुअल कैटेगरी में विजयी प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि सुनीता सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ एवं अभिषेक कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखनऊ द्वारा पुरस्कार दिया गया। होटल मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा इनोवेटिव बाइटस मे स्नैक्स बनाना एवं मिक्सचर लीग सीजन में मॉकटेल बनाकर जजों का दिल जीता।

एनएसएस के छात्रों द्वारा स्मार्ट वोटिंग मशीन जो रेटीना और फेस रीड कर वैलेडिटी देती है। इलेक्ट्रॉनिक सेंससिंग डस्टबिन एवं ऑटोमैटिक रडार आदि बनाकर कर लोगों को जागरूक किया। आर्किटेक्चर के छात्रों द्वारा फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता में रंगोली, पिक्सल पेंट, इंक स्पायर जेस्चर फ्रेम, ब्रिक मैट्रिक्स आदि आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे। विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कर्ष 2025 के अंतिम दिन 25 फरवरी को समापन समारोह होगा, जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती अलका दास गुप्ता, चेयरपर्सन, बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप, विराज सागर दास, प्रेसिडेंट, बीबीडी ग्रुप, देवांशी दास, वाइस प्रेसिडेंट एवं वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास होंगी।

# सीएम योगी ने बताया मानव, दानव और महामानव का फर्क

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर समाजवादी पार्टी और खासकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयानों का जवाब सोमवार को विधानसभा में दिया। अखिलेश यादव ने कहा था कि 144 साल और कुंभ को महाकुंभ कहकर गुमराह किया गया। सीएम योगी ने इसी को लेकर समाजवादी पार्टी की जमकर खिंचाई की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बयान का हवाला देते हुए मानव, दानव और महामानव के अंतर को समझाया। उन्होंने बताया, कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था कि मानव का मानव होना उपलब्धि है, मानव का दानव होना पराजय और मानव का महामानव होना उसकी विजय है। सीएम योगी ने कहा कि मानव, दानव व महामानव यानी देव तीनों श्रेणियां हमेशा से रही हैं। महर्षि कश्यप की दो रानियां थीं। एक से देव व दूसरे से दानव हुए। यानी दोनों की उत्पत्ति मानव से ही हुई है। कर्म, आचरण, व्यवहार ने किसी को मानव और किसी को दानव बनाया है। जो दिनचर्या में व्यस्त है वह मानव है। जो व्यवस्था में विश्वास नहीं करता, नकारात्मकता पैदा करता है, वह दानव है। और जो स्वार्थ भावना से ऊपर उठकर परमार्थ के प्रति काम करता है वह महामानव होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह तीन श्रेणियां हमें बहुत कुछ प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के सदस्यों को इशारा करते हुए कहा कि आप संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति आप लोगों का दृष्टिकोण क्या है, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के दृश्य देखकर इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

जो शोरशराबा, टिप्पणियां और राज्यपाल के प्रति व्यवहार किया जा रहा था, क्या वह संवैधानिक था। यदि ऐसा

**विधानसभा**

व्यवहार संवैधानिक है तो फिर असंवैधानिक क्या है। आप लोग भाषण बहुत देते हैं, लेकिन वास्तविक आचरण देखना हो तो सपा सोशल मीडिया सेल का हैंडल देखिए। यह उनकी विचारधारा, आंतरिक शिष्टाचार, लोकतंत्र के प्रति उनके विचारों की अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम है, जिससे कोई भी सभ्य समाज लज्जा महसूस करता है। फिर भी आप दूसरों को उपदेश देते हैं। सीएम योगी ने सपा और नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अच्छा लगा कि आपने महाकुम्भ, सनातन परंपरा व अयोध्या धाम को स्वीकार किया। समाजवादी जब अंतिम पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को इस बारे में आपत्ति थी कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में महाकुम्भ को वैश्विक स्तर का आयोजन बनाने का उल्लेख क्यों किया और उस प्रकार की व्यवस्था क्यों नहीं की तो अब तक 63 करोड़ श्रद्धालु महाकुम्भ का हिस्सा नहीं बनते। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि 2013 में आपको जाने नहीं दिया गया था। इस बार आप गए थे। आपने स्नान किया, सुविधाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। व्यवस्था सरकार की थी, माध्यम अध्यक्ष जी थे। महाकुम्भ में यदि विश्वस्तरीय सुविधा नहीं होती तो अब तक 63 करोड़ श्रद्धालु उसका हिस्सा नहीं बनते। अनुमान है कि 26 फरवरी तक यह संख्या 65 करोड़ पार करेगी।

# उच्च सदन में उठा ऊर्जा विभाग के निजीकरण का मामला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने विधान परिषद में आश्वासन दिया है कि प्रदेश के दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण के बाद भी उनमें आरक्षण व्यवस्था का पालन किया जाएगा। सोमवार को सपा के आशुतोष सिन्हा ने ऊर्जा विभाग के निजीकरण का मामला उठाते हुए पूछा कि क्या सरकार बिजली निगमों को बेचने जा रही है।

इसके जवाब में ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश के दो विद्युत वितरण निगमों जिसमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में निजीकरण सहित व्यापक रिफार्म करने का सैद्धांतिक निर्णय किया है। जिन निगमों की स्थिति अच्छी है, उनके निजीकरण की कोई योजना नहीं है। इसमें विद्युत कर्मियों का हित पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा अर्थात संविदा और आउटसोर्स कर्मियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस पर पूरक प्रश्न करते हुए आशुतोष सिन्हा ने कहा कि केवल एक शहर आगरा के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को प्रतिवर्ष सैकड़ों करोड़ का घाटा हो रहा है। टॉरेन्ट से महंगी दरों पर बिजली खरीदकर सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रही है। इस पर

- **ऊर्जा मंत्री ने दिया तार्किक और वास्तविक जवाब, कहा विपक्ष बिजली के निजीकरण या पीपीपी माडल पर फैला रहा भ्रामक अफवाहें**

**विधान परिषद**

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जब बिजली की स्थिति अच्छी होती है, इंवेस्टमेनट आता है और प्रदेश का चतुर्दिक विकास होता है। जहां तक निजीकरण का सवाल है तो टॉरेन्ट के निजीकरण की प्रक्रिया 2010 में हुई थी तब भाजपा की सरकार नहीं थी। आरक्षण नियमों के पालन के प्रति हमारी सरकार और पार्टी दोनों प्रतिबद्ध है। सरकार आरक्षण की सभी नीतियों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। निजीकरण के सवाल पर विपक्ष को जवाब देते हुए कहा एके शर्मा ने कहा कि कि यूपी में पहली बार सन 1993 में निजीकरण की प्रक्रिया नोयडा में शुरू की गयी थी और सन 2010 में टोरेंट को भी फ्रेन्चाइजी मिली। ये दोनों कार्य विपक्ष की सरकार के दौरान हुए। लेकिन अब विपक्ष बिजली के निजीकरण या पीपी माडल पर भ्रामक अफवाहें फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। फिर भी जनता का विश्वास सरकार के साथ ही है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत किसी भी विद्युत कार्मिक का अहित नहीं होने जा रहा। सभी के हितों का पूरा ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो विद्युत वितरण कंपनियां अच्छा कार्य कर रही हैं, उनके कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है।

# गंगा, संगम, नदियां और कुम्भ सबका है : माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने विधान सभा में सोमवार को सरकार को खूब घेरा। उन्होंने सरकार को कई सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने 2024 में अपने अभिभाषण में कहा था कि कुम्भ 2025 कीर्तिमान स्थापित करेगा। वर्तमान सत्र में राज्यपाल ने अभिभाषण में कुम्भ की घटना पर शोक व्यक्त किया। ऐसा क्यों हुआ। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कुम्भ किसी एक का नहीं है। यह सबका है। एक वर्ग को कुम्भ क्षेत्र में जाने से रोका गया। यह ठीक नहीं है। गंगा, संगम, नदियां और कुम्भ सबका है। सत्ताधारी दल के संकल्प पत्र में इसे विश्व स्तरीय बनाने का वादा किया था। आपकी सरकार कुम्भ को विश्व स्तरीय क्यों नहीं बना पाई। माता प्रसाद पांडेय ने आपराधिक घटनाओं के आंकड़े रखते हुए सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को बदलाव के लिए कई सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि दरोगाओं और सिपाहियों की संख्या बढ़ी है। इसके बावजूद विवेचना नहीं हो पा रही है। भर्ती परीक्षा पेपर लीक को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कठोर कारवाई करने की कोशिश की लेकिन फिर भी पेपर लीक नहीं रुक रहा है। उहोंने कहा कि सरकार कहती है कि इतना निवेश हुआ। प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। अगर ऐसा हुआ तो हमारे प्रदेश के युवा दूसरे राज्यों में नौकरी और रोजगार के लिए क्यों जा रहे हैं। पांडेय ने काला नमक चावल पर भी बात रखी। प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्थान पर डॉ. भीमराव राम जी आम्बेडकर किया गया। राज्यपाल रामनाईक के कहने पर यह संशोधन हुआ था। वर्तमान सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में डॉ. भीमराव अंबेडकर लिखा गया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पहले हम नियम से चलते हैं। बाद में परम्परा से चलते हैं। हम अम्बेडकर का पूरा सम्मान करते हैं।

# महाकुम्भ को भाजपा सरकार ने राजनीतिक इवेंट बनाने का किया काम

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश के कई जिलों से आये कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महाकुंभ संतो, धमार्चार्यों और आम जनता का श्रद्धा का धार्मिक आयोजन है। लेकिन भाजपा सरकार इसे राजनीतिक इवेन्ट बनाने का काम किया। भाजपा सरकार महाकुंभ के सुचारू आयोजन में फेल रही है। न तो भीड़ का मैनेजमेंट कर पायी, न श्रद्धालुओं के यातायात की व्यवस्था कर पायी और न स्नान के लिए साफ पानी उपलब्ध करा पायी। संगम में गंगा जल को लेकर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनजीटी की रिपोर्ट भाजपा सरकार की नाकामी का दस्तावेज है। गंगा जी की सफाई के नाम पर हजारों करोड़ का बजट आया। बजट साफ हो गया लेकिन गंगा नदी साफ नहीं हो पायी।

पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ के आयोजन के लिए स्थायी और बुनियादी ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है इसलिए जिस तरह की भी सलाह की आवश्यकता हो सपा देने के लिए तैयार है। केन्द्र सरकार को प्रयागराज का किला उत्तर प्रदेश सरकार को दे देना चाहिए। कुंभ के आयोजन के लिए केन्द्र और यूपी सरकार को मिलकर दो लाख करोड़ रुपये का कार्पस फंड बनाना चाहिए। इसमें एक लाख करोड़ रुपये राज्य सरकार दे और एक लाख करोड़ रुपये केन्द्र सरकार दे। जिससे कार्पस फंड के एक लाख करोड़ रुपये से स्थायी बुनियादी ढ़ांचा तैयार हो सके और एक लाख करोड़ रुपये से कुंभ में आने जाने वाले गरीब श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सुविधाओं का विकास किया जाय ताकि महाकुंभ में फिर कभी इस तरह की घटनायें न हो और ऐसे हालात न पैदा हो जैसे इस बार हुए है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल ब्लंडर है। अब संगम में गंगा के जल को लेकर केंद्र और प्रदेश की सरकारें टकरा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपनी-अपनी रिपोर्ट को लेकर लड़ रहे हैं। भाजपा सरकार की एजेंसियों की लड़ाई को देखकर आम जनता ठगा महसूस कर रही है। महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए साफ पानी की भी व्यवस्था नहीं कर पायी। अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में भगदड़ भाजपा सरकार की नाकामी है। इससे भी बढ़कर सरकार और मुख्यमंत्री ने संवेदनहीनता की पराकाष्ठा कर दी। सरकार भगदड़ की जानकारी छिपाती रही। भगदड़ के मृतकों और घायलों की सही जानकारी नहीं दी। लोग अपने परिजनों की जानकारी के लिए भटकते रहे। बड़ी संख्या में लोगों की महाकुंभ आने जाने के दौरान रास्ते में दुर्घटना से मौत हो गयी।

सरकार ने न तो मृतकों की कोई जानकारी दी और न तो उनके परिजनों की कोई आर्थिक मदद की। पूरी सरकार महाकुंभ भगदड़ मृतकों की संख्या, घायलों के इलाज पर झूठ बोलती रही। इस बार कुंभ में श्रद्धालुओं की जैसी दुर्दशा हुई है वैसी कभी नहीं हुई थी। कुंभ में हुए हादसों और अव्यवस्था में भाजपा सरकार की पोल खोल दी है। इस सरकार की अयोग्यता से पूरी दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हुई।

# यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हुई बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व यूपी प्रभारी रूबी खान एवं उनके साथ पश्चिमी उप्र अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रभारी महमूद खान व पूर्वी उप्र अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रभारी शिवली मंजूर ने सोमवार को लखनऊ पहुंचकर प्रदेश से आये हुए निवर्तमान प्रदेश पदाधिकारियों एवं निवर्तमान जिला-शहर अध्यक्षों सहित अल्पसंख्यक कांग्रेस के सैंकड़ों पदाधिकारियों के साथ बैठक की व संवाद किया। इस अवसर पर उप्र कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह एवं प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव, राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर बिहार प्रदेश प्रभारी शमीम खान व कांग्रेस नेत्री सदफ जाफर भी उपस्थित रहीं।

प्रभारीगणों ने समस्त जिलों से आये हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की और अल्पसंख्यक कांग्रेस में यह लोग किस पद पर योगदान देना चाहते हैं उसके लिए वार्ता की। इसी क्रम में सभी प्रभारीगणों ने लगातार प्रदेश का दौरा करके उप्र कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की एक नई और मजबूत टीम खड़ी करने का संकल्प लिया जो अभा कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, अभा कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी एवं राष्ट्रीय चेयरमैन, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, के सपनों और कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने का काम करेंगे। अल्पसंख्यक के सभी वर्गों को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रभारी रूबी खान एवं उत्तर प्रदेश पश्चिम प्रभारी महमूद खान व उप्र पूर्वी प्रभारी शिवली मंजूर ने निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग अनवर अनीस को नई व्यवस्था होने तक कार्यालय का सारा प्रभार और प्रदेश देखने के लिए अधिकृत किया।

# उपमुख्यमंत्री की टिप्पणी पर विधानसभा में सपा का भारी हंगामा, स्पीकर ने कार्यवाही से हटाई बात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य समरपाल सिंह के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता के

- **वक्तव्य बाहर किए जाने के आश्वासन के उपरांत सदन की दो घंटे बाद कार्यवाही बढ़ी आगे**
- **आशा वर्करों को कम से कम 6000 और अधिकतम दिए जा रहे 11000 रुपये मानदेय**

एक बयान का उल्लेख कर दिया तो सपाई वेल में आ गए। विधान सभा अध्यक्ष द्वारा उक्त वक्तव्य को कार्यवाही से बाहर करने के आश्वासन के साथ सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी।

विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा के सदस्य समरपाल सिंह के प्रश्न का उत्तर दे रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा सदस्य को इंगित कर कहा कि कहा कि अपने नेता जी की बात मानते हो, जिन्होंने कहा था कि लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है। इसके बाद सपा के सदस्य वेल में आ गए। स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के कई बार समझाने के बावजूद सपा के सदस्य नहीं माने। वह नारेबाजी करते रहे। इसके बाद दोपहर 12.10 बजे सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके उपरांत विपक्षी दल के सदस्य वेल में धरने पर बैठ गए। दोबारा से दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सपा के सदस्य संग्राम सिंह यादव ने कहा कि हमारे जिन नेता जी (मुलायम सिंह यादव) को देश में अहम योगदान के लिए पद्मविभूषण दिया गया। भाजपा की और हमारी पार्टी की विचारधारा अलग है। फिर भी भाजपा की सरकार ने यह पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। संग्राम सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



और पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा को अपनी विचारधारा का डिप्टी सीएम बनाना चाहिए। इस पर भाजपा के विधायकों ने विरोध करना शुरू कर दिया। अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्ता पक्ष के विधायकों को बैठने के लिए कहा और विपक्ष को ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से रोका, जिससे कोई आहत न हो। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि देश में चार पुरस्कार हैं। दूसरा प्रतिष्ठित पुरस्कार पद्मविभूषण है। भारत सरकार ने नेता जी को यही पुरस्कार दिया है। उनका सम्मान सदन के अंदर के साथ बाहर भी है। हम सब उनका सम्मान करते हैं। इसके उपरांत विपक्ष की ओर से नेता जी के लिए उपयोग में लाये गए शब्दों को कार्यवाही से बाहर करने का आग्रह किया गया। इस पर पीठ से विधान सभा अध्यक्ष महाना ने आश्वासन दिया। उस प्रसंग को कार्यवाही से बाहर किए जाने के आश्वासन के बाद विधान सभा की कार्यवाही आगे बढ़ी।

सोमवार को सपा के इंजीनियर सचिन यादव, डा. रागिनी, डा. आरके पटेल व समर पाल सिंह आदि ने स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न लगाए थे। ब्रजेश पाठक ने एक-एक कर सभी सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों को मौजूदा वक्त में कम से कम 6000 रुपये और अधिकतम 11000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को आशा वर्करों का मानदेय 3000 रुपये करने के लिए पत्र भेजा है। ब्रजेश पाठक ने सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा वर्ष 2014 में खुद इनकी सरकार ने शासनादेश जारी कर कहा था कि आशा वर्करों को कोई नियत वेतन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों और हर संभव स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। केवल आशा वर्कर ही नहीं सरकार सभी कर्मचारियों को हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने तो आशा वर्करों की अध्यक्ष पर लखनऊ के हजरतगंज थाने में मुकदमा लिखवा दिया था। मैंने खुद मुकदमा वापस लिया है। सपा के अमरोहा से विधायक समर पाल सिंह ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल ब्राइट स्टार हास्पिटल में मरीजों से ज्यादती करने की बात कही। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल ने दिलशाद पुत्र नौशे की मृत्यु पर उसकी लाश नहीं दी। बाद में जब उन्होंने हंगामा किया तो किसी तरह शव दिया गया लेकिन पहले 25 हजार रुपये जमा करवाए फिर 50 हजार रुपये और मांगे।

इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। राज्यपाल के अभिभाषण पर डा. नीरज बोरा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में जारी चर्चा में शामिल होते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि लेखपाल के स्तर पर बड़ी समस्या आ रही है। राजभर और गोंड समाज के जाति प्रमाण पत्र बनाने में लेखपाल रुकावट पैदा कर रहे हैं। वे प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। भर और राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए।

**सदन की कार्यवाही से उमाशंकर सिंह ऑनलाइन जुड़े :** इसी बीच बहुजन समाज पार्टी के सदस्य उमाशंकर सिंह घर पर रहकर विधान सभा की कार्यवाही से ऑनलाइन जुड़े। वह बीमार थे। अब स्वस्थ हैं लेकिन चिकित्सकों के कहने पर वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि वह जल्द स्वस्थ होकर इसी सदन की कार्यवाही में शामिल होंगे। पूरा सदन उनके दीघार्यु होने की कामना करता है। उमाशंकर सिंह ने पूरे सदन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा विधायक टी. राम के बेटे का निधन होने पर उन्हें भी सदन की कार्यवाही से ऑनलाइन जोड़ा गया। पीठ से अध्यक्ष महाना ने उनके बेटे के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि ऐसे दुख की घड़ी सब उनके साथ हैं।

# कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 के पहले दिन सोमवार को लखनऊ के जुबली इंटर कॉलेज में प्रथम पाली के परीक्षार्थियों का तिलक कर एवं मीठा खिलाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में पूरी लगन

- **परीक्षा के पहले दिन मंत्री गुलाब देवी ने स्वयं परीक्षार्थियों का तिलक कर एवं मीठा खिलाकर बढ़ाया हौसला**
- **13 दिनों तक चलने वाली परीक्षा में 54 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल**
- **अनुचित साधनों के उपयोग पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश**
- **सीसीटीवी वॉयस रिकॉर्डिंग से परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही**

और आत्मविश्वास के साथ शामिल हों और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है और यह परीक्षा केवल शैक्षणिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने लखनऊ के राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज एवं ब्राइटवे इंटर कॉलेज, अलीगंज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी सुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। इसके बाद उन्होंने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि यूपी बोर्ड के टोल फ्री नंबर 1800-180-5310 तथा 1800-180-5312 पर परीक्षार्थियों की समस्याओं, जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए और मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान किया जाए। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। स्ट्रांग रूम, परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार की विशेष निगरानी की जाए। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. महेंद्र देव, अपर निदेशक (राजकीय) माध्यमिक शिक्षा अजय द्विवेदी, प्रभारी कंट्रोल रूम श्री विवेक नौटियाल उपस्थित रहे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने लखनऊ के कंट्रोल रूम तथा राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, रा.बा.इ. कॉलेज नरही एवं नवजीवन इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक परीक्षा देने में किसी भी



प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बोर्ड परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बता दें कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 आज से प्रारंभ हो गई। परीक्षा का आयोजन 24 फरवरी से 12 मार्च तक कुल 13 दिनों में किया जाएगा। इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 54 लाख 37 हजार 233 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस बार विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इस बार परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई को सक्रिय किया गया है। हर परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के 17 जनपदों के 306 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से भी पूरे प्रदेश की परीक्षा प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है।\ आज परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली सुबह 8:30 से 11:45 तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:00 से 5:15 तक आयोजित



की गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के छात्रों की हिंदी एवं प्रारंभिक हिंदी तथा इंटरमीडिएट के सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। द्वितीय पाली में हाईस्कूल के हेल्थकेयर तथा इंटरमीडिएट के हिंदी एवं सामान्य हिंदी विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई।

## परीक्षा देने में समस्या होने पर हेल्पलाइन से करें सम्पर्क : सचिव

सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष- 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों से अपील की है कि परीक्षा का तनाव बिल्कुल न लें तथा सहज होकर परीक्षा में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय द्वारा किसी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र नहीं दिया जा रहा है या विषय, वर्ग एवं जेंडर के त्रुटिपूर्ण अंकन हो जाने के कारण परीक्षा में सम्मिलित होने में विद्यालय या किसी अन्य स्तर से बाधा उत्पन्न की जा रही है या कोई अन्य समस्या आ रही हो तो परिषद कार्यालय में 24गुने7 संचालित हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5310 एवं 1800-180-5312 पर सम्पर्क करें। आपकी समस्या/जिज्ञासा का निश्चित एवं तत्काल समाधान किया जायेगा। यदि कोई भी संस्था या व्यक्ति किसी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकने में संलिप्त एवं दोषी पाया जायेगा तो परिषद द्वारा उचित कार्रवाई की जायेगी।

## राजधानी के 127 केंद्रों पर परीक्षाएं शुरू

राजधानी के 127 केंद्रों पर दो पालियो में यूपी बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गयीं। कई केंद्रों मे परीक्षा देने आये बच्चों पर फूलों की बारिश हुई। साथ ही उनका मुंह मीठा कराया गया।परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए संवेदनशील केंद्रों पर जैसे कि माल, मलिहाबाद व काकोरी समेत करीब एक दर्जन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। छह सचल दल केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे थे। रात में प्रत्येक केंद्र की निगरानी के लिए 23 टीम गठित की गई हैं। केंद्रों पर बच्चों के बैठने, शौचालय, रोल नंबर चस्पा करने से लेकर परीक्षाओं से जुड़ी सभी तैयारियां होने से परीक्षार्थियों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा।

बता दें कि इसके पहले रविवार को परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियों को परखा गया। केंद्रों पर परीक्षार्थियों का सीटिंग प्लान करते हुए रोल नंबर चस्पा कर दिये गये हैं। वहीं कक्षनिरीक्षकों को डेढ़ घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिये गये थे, जिसका पालन करते हुए कक्षनिरीक्षक केंद्रों पर पहुंच गये। केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी के लिए राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। परीक्षा में 103778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।एडीएम (सप्लाई) ज्योति गौतम ने रविवार दोपहर राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने डीआईओएस राकेश कुमार से सभी केन्द्रों की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक सिस्टम के पास जाकर हर केन्द्र की कनेक्टिविटी और वाइस रिकार्डिंग देखी।सोमवार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट और वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की मौजूदगी में सीसी कैमरे के निगरानी में स्ट्रांग में रखी अलमारी को खोला गया और परीक्षा के कार्यक्रम के अनुसार अलमारी से विषय का प्रश्न पत्र निकाला गया। साथ ही अलमारी खोलने व बंद करने का समय और तारीख भी रजिस्टर में दर्ज किया गया।

संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय में मंडलीय कंट्रोल रूम से केंद्रों पर होने वाली त्रुटियों का संज्ञान लिया जाएगा। वहीं डॉ. प्रदीप कुमार ने मंडल स्तरीय गठित चार सचल दलों के प्रभारियों को समय से केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। यह सचल दल लखनऊ समेत सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी के केंद्रों का औचक निरीक्षण करेगा। वहीं मंडलीय कंट्रोल रूम के नंबर 0522-2254070 पर सूचना दी जा सकेगी।

# खो खो की विश्व विजेता टीम ने मेट्रो में किया सफर

**लखनऊ।** मेट्रो ने 2025 में वर्ल्ड कप विजेता भारतीय खो-खो टीम के खिलाड़ियों की मेजबानी करते हुए मेट्रो राइड कराई। भारतीय पुरुष खो-खो टीम के कप्तान प्रदीप वायकर और महिला खो-खो टीम की खिलाड़ी निर्मला भाटी ने भारतीय खो-खो महासंघ के महासचिव एमएस त्यागी के साथ हजरतगंज से सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की। लखनऊ मेट्रो में यात्रा के दौरान उन्होंने स्टेशनों पर बनी कलाकृतियों के साथ-साथ साफ-सफाई की जमकर तारीफ की। भारत ने इसी वर्ष जनवरी में पहली बार विश्व स्तर पर आयोजित खो खो वर्ल्ड कप में पुरुष और महिला दोनों मुकाबलों में जीत के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आयोजित हुए खो-खो की पुरुष एवं महिला टीम को वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीतना पर बधाई दी। उन्होंने साथ ही कहा कि खो-खो भारत का खेल है जिसे इन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और 2036 में खेले जाने वाले ओलंपिक में इसे शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि भारतीय खो-खो टीम के खिलाड़ी लखनऊ मेट्री की सुविधाओं से रूबरू हुए।

# सील तोड़कर दोबारा निर्माण करने पर बिल्डर के खिलाफ तहरीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।एलडीए के जोन छह में क्वींटन रोड, कैसरबाग, शुभम सिनेमा के पास अवैध निर्माण में सील किए गए भवन में सील तोड़ कर दोबार निर्माण किए जाने पर बिल्डर के खिलाफ एफआईआर लिखे जाने की तहरीर दी गई है। एलडीए के अवर अभियंता की ओर से निर्माणकर्ता के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में तहरीर दी गई है। जोन छह के जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक के अनुसार शुभम सिनेमा के पास एक व्यक्ति मानचित्र स्वीकृत कराए बिना ही भवन का निर्माण करा रहा था। पूर्व में यहां हो रहे अवैध निर्माण का ध्वस्त कर दिया गया था। उसके बाद भी भवन स्वामी की ओर से वहां भूतल पर स्लैब डालने का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान भवन स्वामी की ओर से कोई स्वीकृत मानचित्र न दिखाने पर उसे छह अगस्त 24 को सील कर दिया गया था। यह मामला मंडलायुक्त के यहां सुनवाई के लिए विचाराधीन है। बावजूद इसके भवन स्वामी सील तोड़कर फिर से निर्माण करा रहा था, जिसे बीते सप्ताह फिर सील कर दिया गया है। इस मामले में जोन छह के अवर अभियंता की ओर से कैसरबाग कोतवाली में तहरीर दी गई है। अभी इस मामले में मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# सरकारी भूमि से हटाया गया कब्जा

**लखनऊ।** नगर निगम की सम्पत्ति विभाग की टीम ने सोमवार को ग्राम दशौली, तहसील-बक्शी का तालाब में एक बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस बल की मदद से जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। कुछ अवैध कब्जेदारों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन टीम ने शांति से और बिना किसी परेशानी के सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त करवा लिया। इस अभियान के तहत ग्राम दशौली की सरकारी जमीन, जिसका खसरा संख्या-272 था और क्षेत्रफल 0.300 हेक्टेयर था, अतिक्रमण से मुक्त कर दी गई। प्रशासन और नगर निगम इस तरह के अभियान लगातार जारी रखेंगे, ताकि सरकारी जमीन को अतिक्रमण से बचाया जा सके। इस दौरान नगर निगम के नायब तहसीलदार नीरज कटियार और बक्शी का तालाब तहसील के तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय के नेतृत्व में जमीन से कब्जा हटाया गया। साथ ही, राजस्व निरीक्षक अविनाश तिवारी और नगर निगम के लेखपाल आशुतोष, संदीप कुमार और राजस्व लेखपाल पीयूष सिंह ने भी अतिक्रमण हटाने में सहयोग किया।

# जितना लोड उतनी बिजली नहीं तो होगी पावर कट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के 60 प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लग चुका है। लेकिन कोई तेज तो कोई बिल अधिक आने की शिकायत कर रहा है। ऐसे में बिजली विभाग स्मार्ट मीटर में ऐसा विकल्प देने जा रहा है जिससे कोई भी उपभोक्ता निर्धारित लोड़ से ज्यादा बिजली उपयोग करते ही पावर कट हो जायेगा। इसके बाद न तो ओवर लोड का बिल बनेगा न ही कोई जुर्मान देना होगा। यूपीपीसीएल प्रबंधन की माने तो इन नियम को लागू करने के लिए तैयारिया शुरु कर दिया गया है। स्मार्ट मीटर को लेकर पावर कार्पोरशन जल्द ही उपभोक्तओं की लोड़ बढ़ने पर जुर्माने को समाप्त करने की योजना बना रहा है। स्मार्ट मीटर का कनेक्शन किसी ने लिया है और वह क्षमता से ज्यादा बिजली उपयोग कर रहा है। लेकिन उपभोक्ता को मालुम नही चल पा रहा है तो अब घबराने की बात नही है। स्मार्ट मीटर में एक ऐसा वर्जन लगा हुआ है जिसको शुरु कर देने से जैसे ही क्षमता से ज्यादा लोड़ उपभोक्ता उपयोग करेगा तो उसके घर की बिजली गुल हो जायेगी। इसके बाद उपभोक्ता जैसे ही अपना बिजली लोड़ कम करेगा तो बिजली अपने आप मीटर में आ जायेगी।

# महाकुम्भ में फिर बना विश्व कीर्तिमान, 21 हजार कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़ा धार्मिक, अध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के गवाह बने महाकुंभ में विश्वकीर्तिमानों में एक और कड़ी जुड़ गई है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में सोमवार को 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने

- **स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बने**

लगभग 10 किमी. तक सफाई अभियान चलाकर एक नया कीर्तिमान रचा।63 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया है। सोमवार को एक साथ लगभग 21 हजार कर्मचारियों ने सफाई के लिए झाड़ू उठाई और दुनिया को स्वच्छ भारत, दिव्य महाकुम्भ का संदेश दिया। इसी दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौजूद रही। यह इस महाकुम्भ का दूसरा रिकॉर्ड था, इससे



पहले 14 फरवरी को 300 से अधिक कर्मचारियों ने नदी स्वच्छता का नया कीर्तिमान स्थापित किया था।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा यह रिकॉर्ड हमारे स्वच्छता कर्मियों के समर्पण और एकजुटता का अभूतपूर्व उदाहरण है। हजारों स्वच्छता कर्मियों ने मिलकर इस पवित्र आयोजन को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बने। महाकुम्भ का यह कीर्तिमान हमें प्रेरित करता है कि हम हर दिन अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें और एक स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। सोमवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। वर्ष 2019 में लगभग 10 हजार कर्मचारियों ने एक साथ स्वच्छता अभियान चलाकर कीर्तिमान बनाया था। बीते छह सालों में इस लक्ष्य को कोई भी भेद नहीं सका। इस बार जब महाकुम्भ की तैयारी शुरू हुई तो प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने चार लक्ष्य रखे थे।

जिसमें एक लक्ष्य सड़क स्वच्छता का था। मेला प्राधिकरण का लक्ष्य 15 हजार से अधिक सफाई कर्मियों से एक साथ स्वच्छता कराने का लक्ष्य रखा था। इस आयोजन के लिए मेला क्षेत्र में चार जोन बनाए गए थे। नागवासुकि सेक्टर, अरैल, झूंसी और परेड में मीडिया सेंटर के पीछे हेलीपैड के पास। दोपहर 12 बजते ही विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) महाकुम्भ आकांक्षा राना मौके पर पहुंचीं। उनके साथ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के ज्यूरी प्रवीण पॉटेल भी थे। सभी जोन में आते ही स्वच्छता कर्मचारियों के हाथ पर क्यूआर कोड वाला बैंड पहनाया गया। जिसके बाद सभी को नियम बताए गए। सेनेटाइजेशन प्रभारी डॉ. आनंद सिंह लगातार मौजूद रहे। इसके बाद स्वच्छता का अभियान शुरू हुआ कर्मचारियों ने एक साथ स्वच्छता का काम शुरू किया। घड़ी पर नजर हरी। इसके बाद सभी को रोका गया। लगभग 21 हजार कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद भी गिनती होती रही। सत्यापन के बाद मालूम चलेगा कि स्वच्छता को लेकर कितने कर्मचारियों ने सफलता पूर्वक अभियान को पूरा किया। महाकुम्भ में जो विश्व रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम इस पर 27 फरवरी को मेले के समापन कार्यक्रम में प्रमाणपत्र जारी करेगी। अफसरों के अनुसार इसके पहले सभी रिकॉर्ड का सत्यापन किया जाएगा। जिसके बाद भव्य आयोजन में प्रयागराज मेला प्राधिकरण को इन नए रिकॉर्डों का प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

# बसों के अन्दर लगे लोकेशन डिवाइस फेल

**लखनऊ।** परिवहन निगम करोड़ो रूपये खर्चकर लम्बी दूरी की बसों में लोकेशन डिवाईस लगाई गयी थी। जिससे यात्री यह जान सके की कौन सी बस कहा पर है और कितने समय पर बस स्टेशन के अन्दर आयेगी। जबकी विभाग को भी इस डिवाईस से यह पता चल सके की बस किस रूट से चालक लेकर जा रहा है। गलत रूट पर बस को ले जाते ही मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा चालक को सूचना भी दिया जा सके। परिवहन निगम के हजारो बसों को एक जगह से नियंत्रण किया जा सके इसके लिए करोड़ो रूपये खर्चकर लोकेशन डिवाईस लगाई गयी थी। जिससे यात्री घर बैठे-बैठे ही एप के माध्यम से यह जान सके की कौन सी बस कहा पर है। बस की लोकेशन देखने के बाद ही यात्री अपने घर से बस स्टेशन के लिए निकल सके जिससे उसका समय न बर्बाद हो। परिवहन निगम के अधिकारियों से जब इस डिवाईस के बारे में बताया कि 32 प्रतिशत ही डिवाईस कार्य कर रही है।

# गुडंबा व जानकीपुरम में 2 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने जानकीपुरम योजना एवं जानकीपुरम विस्तार योजना में दो अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि मो. लाइक व अन्य की ओर से जानकीपुरम योजना, कुर्सी रोड स्थित पलका चौराहा पर जे. एम. राजस्थान टाईल लगभग 465 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से भूतल एवं प्रथम तल तक निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा थाना जानकीपुरम के अंतर्गत रितेश व अन्य द्वारा जानकीपुरम विस्तार के प्लाट संख्या 4/53 पर लगभग 2152 वर्गफीट क्षेत्रफल में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल तक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये



बिना किये जा रहे दोनों निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर की ओर से प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों निमार्णों कार्यों को सील करा दिया गया।

# मेयर तक पहुंचा पार्षद व कर निरीक्षक के बीच मारपीट का मामला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऐशबाग वार्ड में शनिवार को हाउस टैक्स वसूली को लेकर पार्षद और कर निरीक्षक के बीच विवाद अभी थमा नहीं है। दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर लिखाई गई है। कर्मचारी संगठन की ओर से प्रशासन पर कार्रवाई करने का दबाव बनाया जा रहा है। अब यह मामला महापौर सुषमा खर्कवाल तक पहुंच गया है।

- **पार्षदों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के कर निरीक्षक बनने पर खड़ा किया सवाल**

सोमवार को पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से कैंप कार्यालय में मुलाकात की। कर निरीक्षक की तैनाती पर सवाल उठाए। उन्हें तत्काल हटाने की मांग की। पूछा कि आखिर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कर निरीक्षक कैसे बना दिया गया। मेयर ने इसकी जांच करवाने का आश्वासन देकर पार्षदों को शांत कराया। पार्षद दल के




नेता सुशील तिवारी पम्मी, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, संदीप शर्मा, अनुराग मिश्रा, राहुल मिश्रा, प्रमोद सिंह राजन, मनीष रस्तोगी, अनूप कमल सक्सेना आदि ने मेयर को बताया कि कर निरीक्षक हरीशंकर पांडेय से पूरे जोन की जनता त्रस्त है। आरोप लगाया कि कर निरीक्षक आवासीय भवनों और व्यावयायिक प्रतिष्ठानों का नियम विरुद्ध मनमाने तरीके से मूल्यांकन कर भवन करों में बढ़ोतरी करते हुए भवन स्वामियों का मानसिक उत्पीड़न करते हैं। बढ़े कर के समाधान के एवज में अवैध वसूली करते हैं। पार्षदों ने मेयर से अनुरोध किया वह इस बात की जांच करवाएं कि हरीशंकर पांडेय किस नियम के तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कर निरीक्षक पद पर पहुंच गए हैं। यदि इसमें भी कोई गड़बड़ी है तो उन्हें उनके मूल पद पर भेजने की व्यवस्था की जाए। मेयर ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि कर निरीक्षक पर लगे आरोपों की जांच वह एक कमेटी बना कर करवाएंगी। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे निर्णय लिया जाएगा। कहा कि पार्षद और कर्मचारी दोनों ही नगर निगम के अंग हैं। विवाद को खत्म करने के लिए वे दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठा कर बात करेंगी। इस दौरान नगर आयुक्त भी मौजूद रहेंगे।

# जेपीएनआईसी के अधूरे काम 50 करोड़ से होंगे पूरे

**लखनऊ।** गोमती नगर में सफेद हाथी बने जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र के अधूरे काम जल्द पूरे होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार ने बजट में इसके लिए 50 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके निर्माण की जांच राइट्स संस्था की ओर से की गई है। संस्था ने जेपीएनआईसी के अधूरे कामों को पूरा करने के लिए सिविल व विद्युतीकरण के जरूरी कार्य कराए जाने पर जोर दिया है। इनमें स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में डिस्प्ले बोर्ड, सिटिंग अरेन्जमेंट, चतुर्थ तल पर स्थित जिम व वीआईपी रूम के अवशेष कार्य, छठे तल पर स्थित कैफेटेरिया के अवशेष कार्य के साथ-साथ आठवें तल से सोलहवें तल तक स्थित होटल ब्लाक के अधूरे कार्य व फर्निशिंग के कार्यों को हटाते हुए परियोजना को शुरू करने के लिए पुनरीक्षित लागत 925.42 करोड़ रुपये आकलित की गयी है। यह पूर्व में स्वीकृत लागत 864.49 करोड़ रु से 60.43 करोड़ रु अधिक है।

# बिजली कर्मचारियों का 89 वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

**लखनऊ।**विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली वितरण निगमों के काम में लगातार सुधार हो रहा है और महाकुंभ में बिजली कर्मियों ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर पूरे देश को चकित कर दिया है। इसके बावजूद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा सोमवार को विधान परिषद में बिजली के निजीकरण के पक्ष में दिया गया वक्तव्य दुर्भाग्यपूर्ण है। ऊर्जा मंत्री के इस वक्तव्य से बिजली व्यवस्था सुधार ने लगे बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि विकसित भारत के लिए बिजली का निजीकरण नहीं अपितु सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली उद्योग को रखा जाना प्राथमिक आवश्यकता है क्योंकि निजी क्षेत्र के लिए बिजली एक व्यापार है औ सार्वजनिक क्षेत्र के लिए बिजली एक सेवा है। आगरा में टोरेंट कंपनी का प्रयोग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऊर्जा मंत्री द्वारा सदन में यह बताना चाहिए था कि टोरेंट को प्रति यूनिट बिजली किस रेट में प्राप्त हो रही है और कंपनी द्वारा पॉवर कॉर्पोरेशन को




प्रति यूनिट कितना राजस्व दिया जा रहा है ? और विगत वर्ष 2023-24 में इस कारण हुए 275 करोड़ रुपये के घाटे की भरपाई कैसे की जाएगी ? जबकि कम्पनी द्वारा आगरा में बिजली बेंच कर 800 करोड़ रुपये का मुनाफा फिर कैसे कमाया ?यदि निजीकरण के इस प्रयोग की सही समय पर समीक्षा होती तो एक साल में पॉवर कॉर्पोरेशन को 1000 करोड़ का मुनाफा होता। विगत 15 वर्षों में सिर्फ आगरा के निजीकरण से ही पॉवर कॉर्पोरेशन को हजारों करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है। पदाधिकारियों ने आगे कहा कि सदन के वर्तमान सत्र में बिजली व्यवस्था में लगातार हो रहे सुधार की मुक्तकंठ से प्रशंसा हर स्तर से हो रही है और भारत सरकार द्वारा जारी की गई विद्युत वितरण कंपनियों की रेटिंग की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगातार सुधार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में आरडीएसएस स्कीम के अंतर्गत विद्युत वितरण निगमों का नेटवर्क सुधारने के लिए हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इससे हो रहे सुधार और बिजली कर्मियों के परिश्रम का परिणाम है कि विद्युत वितरण निगम लगातार सुधार की ओर बढ़ रहे हैं फिर इन सब परिणामों के बावजूद निजीकरण क्यों ? दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने वर्ष 2023 - 24 में प्रति यूनिट बिजली विक्रय कर रु 04.47 प्रति यूनिट राजस्व वसूली की है जो आगरा शहर में टोरेंट पॉवर कंपनी से मिलने वाले राजस्व रु0 4.36 प्रति यूनिट से अधिक है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आगरा एक औद्योगिक शहर है । आगरा में एशिया का सबसे बड़ा चमड़ा उद्योग है और आगरा में सबसे अधिक पांच सितारा होटल है। दूसरी ओर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत बुंदेलखंड और चंबल का क्षेत्र आता है और अनेक गांव आते हैं। इन स्थानों पर बिजली का राजस्व बहुत कम है। इसके बावजूद दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से टोरेंट पावर कंपनी की तुलना में प्रति यूनिट अधिक राजस्व मिल रहा है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# बुजुर्गों को लूटने वाले ई-रिक्शा गैंग का खुलासा, पांच गिरफ्तार



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस ने एक शातिर ई-रिक्शा गैंग को गिरफ्तार किया है। गैंग के पांच सदस्य बुजुर्गों को निशाना बनाकर लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। इनमें तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।

कृष्णनगर कोतवाली क्षेत्र में 15 फरवरी को शाम 5:10 बजे एक महिला से सोने के आभूषण लूटने का मामला सामने आया था। बिजनौर थाना क्षेत्र की रॉयल सिटी निवासी महिला ने कृष्णनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कृष्णनगर पुलिस और दक्षिणी सर्विलांस टीम ने मिलकर आरोपियों को पकड़ा। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि गैंग के सदस्य गुजरात के रहने वाले हैं। ये लोग कुछ समय से दिल्ली के जेजे कॉलोनी में रह रहे थे। गैंग का सरगना पप्पू ई-रिक्शा चलाता था। इनका तरीका था कि एक सवारी को बिठाकर पूरी गैंग सवारी बनकर बैठ जाती थी। फिर आपस में झगड़ा करने का नाटक करते थे। इसी दौरान कटर से चेन काटकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की सोने की चेन, 15,950 रुपये नगद, एक जोड़ी चांदी की पायल और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा व तीन लोहे के कटर बरामद किए हैं। चोरी की ज्वैलरी बेचने से मिले 50,000 रुपये भी वढकखाते में फ्रीज कर दिए गए हैं।

**बुजुर्ग महिला एवं पुरुष के साथ सीट पर बैठने को लेकर धक्का मुक्की कर ध्यान भंग कर घटना को देते थे अंजाम:** कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पकड़े गए टप्पेबाज गिरोह की महिला सरगना ज्योति के अनुसार विगत 15 फरवरी को आलमबाग से खरीदारी कर ई रिक्शा से घर जा रही महिला व 17 फरवरी को कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन से ई रिक्शा पर बैठकर घर जा रही बुजुर्ग महिला संग उन्होंने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया था। गिरोह की महिला सरगना ज्योति के अनुसार ई रिक्शा से महिला सवारियों को निशाना बनाते थे। रास्ते में गिरोह की महिलाएं आपस में झगड़ा कर बैठी सवारी का ध्यान भंग कर देती थी और पलक झपकते ही सवारी के गले की चेन कटर से काट कर तथा हाथ के कड़े इत्यादि ज्वैलरी की चोरी कर रास्ते में ई रिक्शा से उतरकर गायब हो जाती थी। गिरोह की महिलाएं इतनी सफाई से चोरी करती थीं कि सवारी को उस समय आभास ही नहीं होता था कि उनके साथ टप्पेबाजी हो गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आए टप्पेबाजों के गैग लीडर महिला सहित दो महिला व दो युवकों को थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

**प्रापर्टी डीलर हत्या करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार:** काकोरी के बेहटा गांव में प्रापर्टी डीलर अंकित लोधी के चारों हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह हत्या एक प्राइम लोकेशन ही प्रापर्टी को लेकर हुई थी। पुलिस ने इस घटना से जुड़े सभी साक्ष्यों को जुटाते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि काकोरी थानाक्षेत्र में अंकित नाम के युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान दूलागंज काकोरी निवासी सुमित कनौजिया (28) पुत्र रामप्रसाद, सरवन उर्फ टऊवा (42) पुत्र कैलाश, अंशू यादव उर्फ काली (19) पुत्र रामकेश यादव, पलेहन्दा काकोरी निवासी रंजीत कुमार (22) पुत्र बुद्धीलाल के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि आरोपियों का अंकित से बेहटा गांव में एक कीमती जमीन खरीदने को लेकर विवाद हुआ था। इसी मन मुटाव को लेकर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी गोलू दो साल पहले बेहटा गांव में प्रापर्टी डीलर धर्मपाल की हत्या में जेल गया था। हाल ही वह जमानत पर बाहर आया है। जमानत पर छूटते ही फिर प्रापर्टी का काम करने लगा। वहीं पुलिस घटना में शामिल गोलू व एक अन्य की तलाश कर रही है।

## संयुक्त पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को पकड़ा, जेवरात व नगदी बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** सरोजनीनगर पुलिस व सर्विलांस टीम दक्षिणी की संयुक्त पुलिस टीम ने बंद घरों में घुसकर चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।जिनके कब्जे से चोरी किये गये लाखों के जेवरात व नगदी सहित एक ईको वैन नम्बर प्लेट लगी बरामद की है।




सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आये दिन रात बंद घरों की रेकी कर चोरी की शिकायतें मिल रहे थी ।, जिस कारण चोरों को पकड़ने हेतु डीसीपी दक्षिणी ने तत्काल निर्देश दिया। निर्देश पाते ही थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर बड़े चोरों के गिरोह का खुलासा किया गया। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य स्कूटी के माध्यम से रात्रि 10 बजे के बाद रिहायशी इलाकों में बंद पड़े मकानों को चिन्हित करते है और फिर उनमे कोई सामान जैसे कोई कपडा, लकड़ी का टुकड़ा पॉलीथिन में कचरा जैसे सामान गेट पर अथवा दीवार से अंदर फेंक देते थे। फिर अगले दिन रात्रि 2 बजे के करीब आकर देखते कि क्या वो सामान जो एक दिन पहले फेका गया है । वो वैसे ही पड़ा है या हटाया गया है। इसके जरिये ये शातिर तरीके से यह पुख्ता करते थे की घर पर कोई नहीं रह रहा है और फिर पेचकस और पाने से खिड़कियों के लोहे की ग्रिल ढीली करते और रॉड की मदद से ग्रिल उठाकर अलग कर देते थे। फिर अंदर के ताले तोड़कर सारे सामान की चोरी करते थे। वापिस जाते समय फिर से ग्रिल वैसे ही बिना फिक्स किये लगाकर चले जाते । जिससे अगल बगल किसी को देखने पर तोड़फोड़ का कोई शक न हो। जब मकान मालिक वापस आते तब घर सामान्य मिलता , लेकिन अंदर ताले टूटे, लॉकर टूटे हुए मिलते थे। बाद में पुलिस के जाने पर और पूरे घर की चेकिंग करने पर पता चलता था की खिड़कियों की ग्रिल खिसका कर घर में प्रवेश किया गया है। ट्रांसपोर्टनगर में भी जिन दो घरों में चोरी की गयी है । वहा पर एक दिन पहले रेकी के दौरान एक घर पर पुराना कपड़ा और दूसरे घर पर पॉलिथीन में कचरा भर कर फेका गया था। घटना करने के बाद सामान को तुरंत ही अपने साथी अपराधी अमिताभ रस्तोगी उर्फ विशाल रस्तोगी जो सुनार का काम करता है। उसे चोरी का सामान आगे बेचने के लिए देने जाते समय इन चोरो द्वारा ईको वैन जिससे चोरी की जाती थी, को बदल लिया जाता है, और किसी पिकअप जिसमें पीछे डिलीवरी का कोई माल जैसे तार, गत्ते, पाइप आदि लदा हो उस पर बैठ जाते थे । ताकि देर रात्रि में यदि पुलिस चेक करें तो मजदूर होने और माल डिलीवरी पर जाने की बात बताकर बचा जा सके। अपराध करने के दौरान रेकी और चोरी करने में प्रयुक्त वाहनों में फर्जी नंबर प्लेट का प्रयोग किया गया है। ताकि सीसीटीवी कैमरों में वाहन की पहचान से बचा जा सकें। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर हारुन पुत्र मुन्ना राइन निवासी मुल्हेपुर थाना रामपुर कला सीतापुर उम्र करीब 32 वर्ष, पिन्टू कश्यप पुत्र कुन्नीलाल निवासी सुल्तापुर अकडरियाकला थाना इटौंजा जनपद लखनऊ उम्र 35 वर्ष, अमिताभ रस्तोगी उर्फ विशाल रस्तोगी पुत्र आशाराम रस्तोगी निवासी ग्राम नानपारा थाना नानपारा जनपद बहराइच हाल पता ग्राम भरावन कला थाना दुबग्गा जनपद लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष को चोरी गये जेवरात व नगदी व ईको वैन गाडी कूटरचित नम्बर समेत गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी। मौके से माल बरामदगी व ईको वैन गाड़ी में कूटरचित नम्बर प्लेट लगी होने के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस गैंग में कुल 6 सदस्य है। जिसमे से इनका सरगना पप्पू उर्फ. अकरम उर्फ.चिकना को कल रात्रि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। इस गैंग के अन्य तीन सदस्यों हारुन, पिन्टू कश्यप, अमिताभ रस्तोगी उर्फ विशाल रस्तोगी को ब्लूडार्ट तिराहे से रिक्शा कॉलोनी की तरफ जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया गया है। इनके दो साथी इरफान व अब्बू तालिब की पुलिस तालाश कर रही है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगायी गयी है। गोली काण्ड में मृतक अंकित लोधी के गाँव में फिर एक वारदात, प्राथमिकी दर्ज काकोरी के बेहटा गाँव में चौराहे के पास किसान श्रीकृष्ण चौधरी (77) से 22 की शाम गाँव के ही कुछ लोगों ने मामूली कहासुनी पर की मारपीट। श्रीकृष्ण चौधरी के पुत्र आलोक कुमार गौतम (32) की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज।

# तत्कालीन सीओ रामपुर को वापस दरोगा बनाने का आदेश खारिज

- 35 लाख रुपये रिश्वत लेने के वीडियो पर हुई थी कार्रवाई
- हाईकोर्ट ने पुनर्जांच के दिए आदेश

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रामपुर में सीओ सिटी के पद पर तैनात रहे, विद्या किशोर को राहत देते हुए, उनके खिलाफ शासन द्वारा पारित पदावनति के आदेश को निरस्त कर दिया है। गैंगरेप के एक मामले में 35 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में, 11 अगस्त 2023 को आदेश पारित करते हुए, उन्हें उनके मूल पद सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदावनत कर दिया गया था। न्यायालय ने मामले को जांच अधिकारी के पास वापस भेजते हुए, आरोप पत्र के आगे की जांच फिर करने का आदेश दिया है, साथ ही उक्त कार्यवाही को चार माह में पूरा भी करने को कहा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने विद्या किशोर की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई कि उस पर रामपुर का सीओ सिटी रहने के दौरान आरोप लगा था कि गैंगरेप की एक शिकायत मिलने के बावजूद उसने कोई कार्रवाई नहीं की, बाद में जिले में नए एसपी की तैनाते एके पश्चात उक्त मामले में एफआईआर दर्ज हुई। आरोप है कि एसआईटी ने मामले की जांच की और जांच के दौरान पता चला कि याची ने 35 लाख रुपये की रिश्वत ली थी, उक्त रिश्वत के लेनदेन की एक विडियो क्लिप भी सामने आई। दलील दी गई कि याची को उक्त वीडियो क्लिप के आधार पर दंडित किया गया जबकि आरोप पत्र के साथ उसे कथित वीडियो क्लिप की सीडी नहीं उपलब्ध करायी गई। यह भी कहा गया कि 11 अगस्त 2023 को दंडादेश पारित करने से काफी पहले 11 नवंबर 2022 को ही सरकार के ट्विटर हैंडल पर दंड की बात कही गई। इस पर न्यायालय ने कहा कि मात्र ट्विटर पर पूर्व से दंड की जानकारी देने मात्र से दंडादेश को निरस्त नहीं किया जा सकता लेकिन याची को कथित वीडियो की सीडी न देना त्रुटि थी।

# हाई कोर्ट सहित लखनऊ की सभी अदालतों में आज अधिवक्ता नहीं करेंगे न्यायिक कामकाज

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ स्थित अवध बार एसोसियेशन सहित जिले की समस्त अधीनस्थ अदालतों की बार एसोसियेशनों के अधिवक्ता मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगें।

यह निर्णय अधिवक्ता संगठनों ने यूपी बार कौंसिल के आवाहन पर लिया है। दरअसल पूरे प्रदेश के अधिवक्ता केंद्र सरकार द्वारा एडवोकेट्स अधिनियम 1961 में लाये जा रहे संशोधनों के विरोध में उठ खड़े हुए हैं। अधिवक्ताओं का मानना है कि केंद्र सरकार जो संशोधन ला रही है वे अधिवक्ता हितों के बिल्कुल प्रतिकूल हैं। सोमवार को अवध बार एसोसियेशन के अध्यक्ष आर डी शाही की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे संषोधनों के विरोध स्वरूप मंगलवार को अदालतों में काम न करने का निर्णय लिया गया है। वहीं महामंत्री मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि अवध बार ने हाई कोर्ट में जजों की कमी , मुकदमों का सूचीबद्ध न होने व मौजूदा जजों के क्षेत्राधिकार का जल्दी जल्दी रोटेशन ना होने के कारण भी हाई कोर्ट के अधिवक्ता आंदोलित हैं। दूसरी ओर जिला कोर्ट परिसर स्थित सेंट्रल बार एसोसियेषन ने भी यूपी बार कौंसिल के आवाहन पर मंगलवार को अदालतों में काम न करने का निर्णय लिया है। सेंट्रल बार के महामंत्री अमरेश पाल सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार के प्रस्ताव ऐसे हैं कि यदि वे कानून का रूप लेते हैं तो यह अधिवक्ताओं की एकता और अखंडता को तोड़ देंगें।

**कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर 27 को होगी सुनवाई:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर अगली सुनवायी 27 फरवरी को होगी। सोमवार को राज्य सरकार की ओर से जमानत के विरोध में हलफनामा दिया गया जिसके पश्चात न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने अभियुक्त पक्ष को उक्त जवाबी हलफनामा पर जवाब देने के लिए समय दिया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद पर पीड़िता ने सीतापुर के कोतवाली नगर में दुष्कर्म करने, धमकाने व सदोष परिरोध करने के आरोपों में एफआईआर दर्ज करवायी है। पीड़िता का आरोप है कि कांग्रेस सांसद ने शादी का झांसा देकर व राजनीतिक करियर में मदद का लालच देकर चार सालों तक शारीरिक शोषण किया। अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका 29 जनवरी को हाईकोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के पश्चात उन्हें जेल जाना पड़ा था।

## वकीलों की पिटाई के मामले में हाईकोर्ट हुई सख्त

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीजीआई के पास पिछले साल वकीलों की हुई पिटाई के मामले में सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने पुलिस कमिश्नर से पूछा है कि 23 नवंबर 2024 को हुई घटना की एफआईआर अब कोर्ट द्वारा मामले का संज्ञान लेने के बाद ही क्यों दर्ज की गई। इसके साथ ही न्यायालय ने पुलिस कमिश्नर को यह भी आदेश दिया है कि वह मंगलवार को न्यायालय के समक्ष किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को पेश होने का आदेश दें। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एसक्यूएच रिजवी की खंडपीठ ने पीड़ित अधिवक्ताओं अमित कुमार पाठक व अन्य की याचिका पर पारित किया है । याचियो की ओर से दलील दी गई कि 23 नवंबर 2024 को पीजीआई के पास ठेला लगाने वाले कुछ लोगों ने याचियो को बुरी तरह से मारा पीटा था तथा उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था बावजूद इसके पीजीआई थाने की पुलिस ने उल्टा याचियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया तथा याचियो के प्रार्थना पत्र पर एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया।

# घर में घुस कर जबरदस्ती छेड़छाड़ , तीन लाख रुपये वसूला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** बिजनौर इलाके में एक युवक महिला के घर में घुस कर जबरदस्ती छेड़छाड़ की ।कुछ दिन पूर्व मुझे धमकी दी की हमने तुम्हारी वीडियो बना रखी है ।इससे हमे धमकाता रहता की यह वीडियो आपके पति को दिखा दूंगी ।इससे परेशान हो कर बिजनौर थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना बिजनौर के सी आर पी एफ गेट नंबर तीन के सामने निवासी सुमित बाबू की पत्नी शिल्पी यादव ने पुलिस को बताया कि मेरे घर के पास ही रहने वाले ध्रुव यादव पुत्र नर सिंह यादव बीती 12 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच मेरे घर में जबरदस्ती घुस कर मेरे साथ बत्तमीजी और छेड छाड़ की और धमकी दी की हमने आपकी वीडियो बना रखी है ।जिसे हम आपके पति को दिखा दूंगी ।इस डर से हम अपने पति से छुप कर इसकी बात मानती रही ।इसने हमसे प्रति महीने 20,000 रुपए मांगे । मैने इसे कैस दिया ।हमने अपना घर छोड़ कर किराए पर रहती हूं और जूते चप्पल की दुकान चलाने आती हूं ।इसी दुकान से करीब तीन लाख रुपए दे चुकी हूं ।मैने बात करना बंद कर दिया हूं के बावजूद दीवार तोड़ दिया और बोला की मुझे घर आने से कौन रोकता है ।पीड़िता शिल्पी यादव ने बिजनौर पुलिस को शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है और मांग की की हमे युवक से न्याय दिलाया जाए ।

## टप्पेबाजों का गिरोह सक्रिय, पुलिस कर्मी बताकर उतरवाये जेवरात

**लखनऊ।** गाजीपुर थानाक्षेत्र में पुलिसकर्मी बनकर रिटायर्ड कर्मचारी से ठगी कर ली। आरोपी पैदल टहल रहे बुजुर्ग को रोककर डर दिखाया। बातों में उलझाकर अंगूठी व चेन उतरवा ली। इसके बाद कागज की पुड़िया थमाकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने होश आने पर पीछा किया लेकिन दोनों युवक फरार हो गए। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सी-ब्लॉक इन्दिरानगर निवासी विश्वम्भर नाथ अवस्थी रिटायर्ड कर्मचारी हैं। रविवार दोपहर करीब 3 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर कल्याण अपार्टमेंट के पास टहल रहे थे। तभी बाइक से आए दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए पूछा कि आप क्या करते हो। पीड़ित ने कहा कि वह नौकरी से रिटायर्ड हैं। यह सुनकर आरोपियों ने उनसे रूटीन चेकिंग की बात कहते हुए कहा कि इस समय लूटपाट की घटनाएं ज्यादा हो रही है। इसलिए सोने की चेन व अंगूठी पहनकर न घूमा करें। दोनों ने जेब से रुमाल निकाला और अंगूठी व चेन उतरवाकर रखने के लिए कहा। इसके बाद रुमाल की पुड़िया थमाकर दोनों चले गए। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपियों से बात करते वक्त वो सम्मोहित हो गए। उनके जाने के बाद हल्का होश आया तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। कुछ दूर उन्होंने आरोपियों का पीछा किया लेकिन वो फरार हो गए। मामले में इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अपार्टमेंट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहचान का प्रयास किया जा रहा हैं।

# होमगार्ड मुख्यालय के बाबू ने लगाई फर्जी ड्यूटी, हड़पी सैलरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक बाबू ने डायल-112 में होमगार्ड की फर्जी ड्यूटी लगाकर उसकी 3 महीने की सैलरी हड़प ली। जब होमगार्ड को यह बात पता चली, तो वह शिकायत करने गया। इस पर बाबू ने उसे सस्पेंड कराने की धमकी दी।

अतुल सिंह साल 2009 से होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। 7 जून, 2024 तक उनकी ड्यूटी डायल-112 में थी। अतुल का दावा है कि मां की तबीयत खराब होने पर उसने एक साल तक ड्यूटी नहीं लगाने की मांग की। इसके लिए होमगार्ड जिला कमांडेंट को 10 जून, 2024 को एप्लिकेशन दी। अतुल के छुट्टी पर जाने के बावजूद बाबू लक्ष्मी नारायण यादव उसकी ड्यूटी लगाता रहा। उसके खाते में 3 महीने की सैलरी डलवाई। बाद में गलती से सैलरी आने की बात कहकर सारे रुपए ले लिए। अतुल सिंह ने बताया- हम मां का इलाज करा रहे थे। एक दिन बाबू लक्ष्मी नारायण यादव का कॉल आया। उन्होंने कहा कि आपके अकाउंट में गलती से किसी दूसरे की सैलरी चली गई है। इसे ऑफिस में आकर जमा कर दो। फिर घर के पास बुलाया, पैसा लिया और खाली कागज में साइन करा लिए। पूछने पर कहा- पैसा वापस मिलने की एप्लिकेशन लगा देंगे।

## मोटर साइकिल व मोबाइल फोन चोरी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ । बिजनौर इलाके में घर पर सो रहे एक युवक की मोटर साइकिल और मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने बिजनौर थाने पर मोटर साइकिल और मोबाईल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी शिव शंकर त्रिपाठी पुत्र प्रेम शंकर त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि मै अपने घर पर सो रहा था ।तभी इसी दौरान छत के उपर से आकर 23 फरवरी की रात मेरी मोटर साइकिल व मोबाइल फोन जो आलोक पुत्र देवी दीन निवासी देईला के नाम है के अलावा और भी कीमती कागज चोरी हो गए ।काफी खोजा,लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लग सका। शिव शंकर त्रिपाठी ने बिजनौर थाने पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोमवार को मलिहाबाद क्षेत्र में सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के महमूद नगर ढाल गांव से आगे बरगदही पुलिया के पास नई बस्ती धनेवा निवासी रमेश का पुत्र संजीव रावत उर्फ शेरू मोहम्मद नगर निवासी अपने दोस्त शिवम्पुत्र संतोष यादव के साथ अपनी बाइक यूपी 32 एनवी 1524 से लखनऊ की तरफ जा रहे थे। रास्ते में काका ढाबे के पास बरगदही पुलिया के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए बाइक मोड़ी ही थी तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार से सफेद रंग की ईऑन कार यूपी 32 एफबी 0410 ने जोरदार टक्टर मार दी। टक्कर से बाइक चला रहे संजीव रावत उर्फ शेरू व पीछे बैठा शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी भेजा और कार को थाने भिजवा दिया। सीएचसी में शेरू की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों ने शेरू को मृत घोषित कर दिया। वही शिवम के परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले जाकर इलाज करा रहे हैं। मृतक शेरू के परिवार में पिता रमेश माता रामदेवी भाई समीर बहन मानसी,रितिका हैं। वहीं उसी स्थान पर पहली सड़क दुर्घटना के करीब बीस मिनट बाद मलिहाबाद थाना क्षेत्र के पड़रा मजरा कुशभरी निवासी सियाराम पत्नी सुखदेवी के साथ अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस यूपी 32 पीएस 1561 से लखनऊ की ओर जा रहे थे वह भी पेट्रोल भरवाने के लिए पंप पर मुड़े थे तभी पीछे से आ रही बोलोरो कार यूपी 30 जेड 6364 ने जोरदार टक्टर मार दी। जिसमें दंपति घायल हो गए।

## मार्केट से लौट रही युवती से छेड़छाड़

लखनऊ। हुसैन गंज में बाजार से लौट रही युवती के साथ मनचलों ने छेड़छाड़ की। अश्लील कमेंट करने से मना करने पर मारपीट करने लगे। युवती का कहना है कि आरोपी अक्सर रास्ते में आने जाने के दौरान हरकत करते हैं। पुलिस ने मामले दो युवकों पर कार्रवाई की है। बाग आईना बीबी पार्क हुसैन गंज की रहने वाली युवती ने बताया कि वो अपनी दो फ्रेंड के साथ बाजार गई थी। लौटते समय रास्ते में बताशा पानी खाने लगी। तभी इलाके के रहने वाले युनूस, अभिजीत और लक्की आ गए। तीनों अश्लील कमेंट करने लगे। मना किया तो गाली देते हुए बैड टच किया। इसके बाद लात घूंसों से पीटते लगे। युवती का कहना है आरोपी कई दिनों से पीछा कर छेड़खानी कर रहे हैं। मना करने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले में इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता का कहना है कि युनूस और अभिजीत के खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई है।

# सत्र के दौरान विधानसभा के सामने दंपती ने किया आत्मदाह का प्रयास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा गेट नंबर 5 के बाहर सोमवार को एक दंपती ने आत्मदाह करने की कोशिश की। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने समय रहते उन्हें रोक लिया। जानकारी के मुताबिक, राकेश दुबे (56) और उनकी पत्नी निर्मला (54) कानपुर के निवासी मान निवादा बिल्हौर के रहने वाले हैं।

बेटी की गुमशुदगी मामले में उचित कार्रवाई न होने से दोनों नाराज है। इसलिए पति-पत्नी ज्वलनशील पदार्थ लेकर विधानसभा के पास पहुंचे। यहां खुद पर आग लगाने की कोशिश की। प्राथमिक जांच में पता चला कि इनकी बेटी आकांक्षा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसे बाद में मुकदमा अपराध संख्या 288/24, धारा 140(1) बीएनएस के तहत संशोधित किया गया। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने मामले में उचित कार्रवाई नहीं की। इससे आहत हैं। घटना के समय मौके पर तैनात आत्मदाह निरोधी ड्यूटी के पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर दंपती को रोका और थाना हजरतगंज ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**महिला ने अपने जेठ को बीच सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर मारा:** बंथरा इलाके में एक महिला ने अपने जेठ पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है कि मेरे जेठ हमे बीच सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर मारा है ।

बंथरा के लोनहा निवासी राम चंदर की पत्नी दीपा रानी ने पुलिस को बताया की 23 फरवरी को रात सवा आठ बजे मेरे जेठ राम सनेही ने हमे गंदी गंदी गालियां दी और बीच सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर मारा ।जिससे मुंह में सूजन और पेट में अंदरूनी चोटे आई है। हमे चलने में परेशानी हो रही है। यह स्थित तब थी जब मेरेपति घर 4पर नहीं थे और ड्यूटी पर गए हुए थे । उस समय पुलिस के 112 नम्बर पर सुचना भी दी थी। जेठ राम सनेही ने देवरानी मायका के साथ भी मार पीट की और जान से मारने की धमकी दे रहे है । महिला ने अपने जेठ के खिलाफ मारने पीटने और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

## दबंगों ने एक व्यक्ति पर किया धारदार हथियार से हमला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 19 फरवरी की देर रात हुए गोली काण्ड में मृतक अंकित लोधी की हत्या की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि श्रीकृष्ण चौधरी के साथ हुई इस वारदात ने पुलिस को सकते में डाल दिया। थाना प्रभारी काकोरी ने 23 की देर रात आलोक कुमार गौतम पुत्र श्रीकृष्ण चौधरी से प्राप्त तहरीर के आधार पर आनन - फानन गाँव के ही रिंकू रावत पुत्र स्वङ्नन्हक्के, रोहित रावत पुत्र राकेश, विजय पाल रावत पुत्र श्याम लाल रावत और बिट्टी रावत पुत्री खेलावन के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर सावंत कुशवाहा को जाँच अधिकारी नामित कर जांच शुरू कर दी है।

आलोक कुमार की तहरीर के अनुसार प्रार्थी का परिवार गाँव का मूल निवासी है। 22 फरवरी को शाम 7:15 पर प्रार्थी के पिता श्रीकृष्ण चौधरी बेहटा चौराहे के पास खेत की देख रेख के लिए गए हुए थे,जहाँ शराब पी रहे विपक्षीगणों को वहाँ शराब पीनें से रोकना उनको इतना ना गंवारा गुजरा कि उन लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर प्रार्थी के पिता को मारने पीटने के साथ ही धार दार हथियार से आँख व सिर पर चोट पहुंचाने का आपराधिक कृत्य कारित कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। श्रीकृष्ण चौधरी की पत्नी सावित्री देवी (56) ने बताया कि बलरामपुर हॉस्पिटल में उनके पति का इलाज चल रहा है , स्थिति खतरे से बाहर है।

# टेलीविजन के मुकाबले फिल्मों में ज्यादा फ्रीडम मिलता है : शिवांगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पिछले हफ़्ते सिनेमाघरों में एक्टर-सिंगर और म्यूजिक डायरेक्टर हिमेश रेशमिया की फिल्म रिलीज हुई। इस फिल्म में हिमेश के साथ एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा नजर आई। हाल ही में शिवांगी ने मीडिया को एक इंटरव्यू दिया जहाँ उन्होंने फिल्म चुनने का कारण, प्रभुदेवा के साथ अनुभव, फिल्म और टीवी के काम में फर्क और अपने आने वाले प्रोजेक्ट क्याके बारे में बात की।

**आपकी फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, आप इस बारे में क्या कहना चाहेंगी ?**

हिमेश रेशमिया अपने विजन को लेकर बहुत जुनून से भरे है। वह किसी भी साधारण चीज को ब्लॉकबस्टर बना देते हैं। यह फिल्म मेरे लिए बहुत ही खास है, क्योंकि मैं उनके साथ एक बार पहले भी काम कर चुकी हूँ, मैंने उनके साथ साल 2021 में एक एल्बम तेरे प्यार में काम किया आया था। अब मेरा उनके साथ यह दूसरा प्रोजेक्ट है। इस फिल्म को हाँ करने का मेरा कारण हिमेश रेशमिया है. वही प्रभु देवा सर का नाम मैंने काफी बाद में सुना था। जब उन्होंने मुझे कहानी और सब कुछ समझाया, तो मुझे बहुत अच्छा लगा, मैं बचपन से ही प्रभु देवा सर की मैं फैन रही हूँ। वह एक महान कलाकार है। मेरे लिए उनके साथ काम करना सपना सच होने जैसा है क्योंकि उनके साथ स्क्रीन शेयर करना एक अभिनेता के रूप में अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है, साथ ही ये मेरा बॉलीवुड डेब्यू भी है, इसलिए यह बहुत खास है।

**आपका बॉलीवुड का पहला अनुभव कैसा रहा, आप इस बारे में हमें कुछ बताए ?**

मेरा बॉलीवुड का पहला अनुभव बहुत ज्यादा अच्छा रहा, क्योंकि मैं हिमेश सर के साथ पहले भी काम कर चुकी हूं। जब मैं मुंबई से मस्कट गयी तो मैंने देखा कि प्रोडक्शन हाउस वही था, जो पहले था. साथ ही हिमेश जी की पत्नी प्रिया ने सभी का काफी ख्याल रखा, मैं उनसे 2021 में मिली थी।

**टेलीविजन और बॉलीवुड की फिल्में टीवी शोज से कितनी अलग और चुनौतीपूर्ण है ?**

एक अभिनेता के तौर पर, अभिनय तो दोनों जगह ही करनी होती है. फर्क सिर्फ इतना है कि आपको फिल्मों में ज्यादा फ्रीडम और लचीलापन मिलता है। इसके अलावा, विषय-वस्तु भी कहानी पर निर्भर करती है, वही फिल्में कभी ज्यादा बोल्ड हो जाती है, इसके अलावा, प्रोडक्शन में भी फर्क होता है। टीवी में आपको फुटेज जल्दी निकालकर देनी होती है, वहीं, फिल्म में चीजें थोड़ी धीमी होती हैं और परफेक्शन पर ध्यान दिया जाता है। यह धीमी गति और सटीकता फिल्म की खासियत होती है।

**कैमरे के पीछे और कैमरे के आगे आपका अनुभव कैसा रहा ?**

मेरा मुंबई से मस्कट तक का सफर बहुत ही सहज और सुंदर था, यह घर जैसा महसूस हो रहा था क्योंकि सभी चेहरे परिचित थे। जब मैं होटल से सेट पर गई तो मैंने प्रभु देवा सर को देखा। मैंने उनके साथ बातचीत की, उस वक़्त वह निर्देशक के साथ बैठे थे. इसके बाद मैं हिमेश और बाकी सभी से मिली। इसके बाद हमने शूट किया. मुझे आज भी याद है कि प्रभु देवा सर ने कहा, शाबाश शिवांगी, बहुत अच्छा। वह सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगा। इस सीन को वहां मौजूद सभी ने सराहा, इसके बाद निर्देशक ने आकर कहा, परिवार में आपका स्वागत है। यह मेरे लिए एक उपलब्धि थी जिसे मैंने एक अभिनेता के रूप में हासिल किया। यह अनुभव बहुत अच्छा था और मैं इसे अपनी पूरी जिंदगी याद रखूंगी। बॉलीवुड में जितनी भी फिल्में आई हैं, अगर उनके पीछे बड़े स्टार्स का सपोर्ट हैं, तो उन फिल्मों को कोई ट्रोल नहीं कर सकता। उनकी मार्केटिंग वैल्यू बढ़ जाती है, चाहे वो पीआर के जरिए हो या मीडिया के जरिए. वहीं, अगर कोई अच्छा कलाकार अपनी फिल्म लेकर आता है और अपने दम पर प्रमोशन करता है, तो उसे ज्यादा ट्रोल किया जाता है। अगर किसी के पास इंडस्ट्री में गॉडफादर या सपोर्ट है, तो वे जल्दी बड़े स्टार बन जाते हैं, लेकिन उनके जैसे लोग, जिनके पास कोई समर्थन नहीं होता, सिर्फ अपनी कड़ी मेहनत और समय के साथ ही सफलता हासिल करते हैं। अगर आपको मदद मिल रही है और आप बिना मेहनत के आगे बढ़ रहे हैं, तो यह मेरे लिए सही नहीं है।

**यह आपका पहला बॉलीवुड डेब्यू है, तो टेलीविजन से कौन ऐसा था, जिसने आपको इस प्रोजेक्ट के लिए बधाई दी ?**

सेलिब्रिटी शेफ रिपुदमन हांडा ने, जिन्होंने 'मास्टरशेफ इंडिया' सीजन 3 का खिताब जीता था. वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त है।

**इस वक़्त बड़े- बड़े स्टार भी ओटीटी पर दिख रहे हैं, आपका क्या प्लान है ?**

मेरे पास अभी कई फिल्में है। आने वाले समय में मैं अभिनेता गोविंद नामदेव के साथ नजर आ रही हूँ. इसके अलावा, मार्च में मेरी एक और फिल्म की शूटिंग शुरू होगी, साथ ही एक साउथ इंडियन प्रोजेक्ट भी पाइपलाइन में है।

**क्या आने वाले समय में हम आपको बिग बॉस में देख सकते है ?**

मैं बिग बॉस की बहुत बड़ी फैन हूँ मैंने इसका एक भी शो नहीं छोड़ा। अगर मुझे ये ऑफर हुआ तो मैं यह जरूर करना चाहूंगी।

# बुद्धेश्वर मंदिर में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य कलश यात्रा निकली गई यह कलश यात्रा मणिमहेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर बुद्धेश्वर मंदिर पर जलाभिषेक कर समापन किया गया जिसके पश्चात प्रसाद वितरण कर शिवभक्तों को भोजन पानी वितरित किया गया इस अवसर पर हिंदू महासभा की मंडल अध्यक्ष अनीता तिवारी ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म को बढ़ावा देना और हिंदुत्व के प्रति जन जागृति करना है हम महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं का हिंदुत्व के प्रति स्नेह बढ़े और महिलाएं लव जिहाद सहित अन्य विषयों पर सचेत रहे ऐसा प्रयास करते हैं इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष रिंकी सिंह, सरिता बाजपेई कोषाध्यक्ष, पुष्पा मोदी महामंत्री, रीता नाथ, इंदिरा उपाध्याय, रागिनी सिंह, लक्ष्मी श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में महाशिवरात्रि को लेकर सजने लगे शिवालय और मंदिर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में महाशिवरात्रि का पावन पर्व नजदीक आते ही शिवालयों में विशेष तैयारियां तेज हो गई हैं। महाशिवरात्रि इस बार 26 फरवरी बुधवार को मनाई जाएगी। शहर के मनकामेश्वर मंदिर समेत प्राचीन शिवालयों में जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह सम्पन्न हुआ था। इसलिए शिवरात्रि का दिन भगवान शिव की आराधना का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है।

श्रद्धालु इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे। वहीं, महिलाएं जीवन में सुख समृद्धि व परिवार की खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखेंगी, जिसका पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जायेगा। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि यह व्रत फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर रखा जाता है। श्रद्धालु दिन में महादेव का जलाभिषेक व रात्रि में शिव-पार्वती विवाह में शामिल होकर पुण्य के भागी बनेंगे। शिवरात्रि के दिन सुबह स्नानादि से निवृत्त शिव मंदिर या अपने घर में नर्मदेश्वर की मूर्ति या पार्थिव शिवलिंग बनाकर मम इह जन्मनि जन्मान्तरेवार्जित सकल पाप क्षयार्थं आयु-आरोग्य-ऐश्वर्य-पुत्र-पौत्रादि सकल कामना सिद्धिपूर्वक अन्ते शिवसायुज्य प्राप्तये शिवरात्रिव्रत साङ्गता सिध्यर्थं साम्बसदाशिव पूजनम करिष्ये मंत्र का जप करते हुए महादेव को जलाभिषेक करें। महादेव को आक, कनेर, विल्वपत्र व धतूरा, कटेली आदि अर्पित करें।

**इन शिव मंदिरों में चल रही विशेष तैयारी:** महाशिवरात्रि के दिन शहर के मनकामेश्वर, महाकाल, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य शिवालय शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों से गुलजार रहेंगे। शिवरात्रि के अवसर पर महादेव के जलाभिषेक व शिव-पार्वती विवाह को लेकर शिवालयों की साज-सजावट, रंगाई-पुताई आदि की तैयारी जोरों पर हैं। शिवालयों की साफ-सफाई के साथ ही गर्भगृह तक पहुंचाने वाले रास्ते की बैरिकेडिंग व रौशनी की व्यवस्था की जा रही है। मंदिरों में रंगाई-पुताई लगभग पूरी हो चुकी है। भक्तों के लिए विशेष सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। शहर के शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में महादेव का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। यहां मंदिर के प्राचीन कुंआ से शिव भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिला प्रशासन ने प्राचीन शिवालयों समेत शहर के सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है।

**12 ज्योतिर्लिंग धाम में होगा रुद्राभिषेक:** सदर का 12 ज्योतिर्लिंग धाम मंदिर भक्तों के लिए रात दो बजे से खुलेगा। यहां सुबह 6 बजे तक रुद्राभिषेक किया जाएगा। महाआरती के बाद कोलकाता के संजय नवीन बंधु भजन आरती पेश करेंगे। वहीं मनकामेश्वर की महंत देव्या गिरी के मार्गदर्शन में रात तीन बजे जलाभिषेक करेगी। पूर्वीदेवी और महाकालेश्वर मंदिर ठाकुरगंज में भी रुद्राभिषेक की बुकिंग पूरी हो गई है। वहां रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक रुद्राभिषेक चलेगा। शाम 6 बजे भजन संध्या के बाद दीपयज्ञशाला में दीपदान होगा। यहां रात 8 आठ बजे महाआरती और सुन्दरकांड का पाठ किया जाएगा। रात 10 बजे हवन होगा। मां पूर्वी देवी एवं महाकालेश्वर मंदिर बाघांबरी सिद्धपीठ में शाम कीर्तन के बाद दीपदान होगा। यहां आरती रात 8:30 बजे होगी। सुंदरकांड के पाठ के बाद रुद्राष्टध्यायी हवन होगा। और रात 12 बजे से रुद्राभिषेक किया जाएगा। उधर गोमती नगर के अयप्पा मंदिर में केवल 301 रुपये में रुद्राभिषेक करवाया जा सकता है। उधर सीतापुर रोड शिव पार्क खदरा में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यहां आचार्य विश्वम्भर शास्त्री का शिव महापुराण पर प्रवचन कल शाम से चल रहा है। चौक स्थित छोटे शिवालय में बड़े शिवालय तक शिव बारात निकाली जाएगी। बड़े शिवालय मंदिर के बाहर गुफा की भव्य झांकी सजाई जा रही है। उधर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की ओर से रविंद्रालय से झूलेलाल पार्क तक विश्व परिवर्तन शिव संदेश शोभायात्रा निकाली जाएगी।

**एक क्विंटल भांग गटकेंगे भोला के भक्त:** महाशिवरात्रि पर भोले को भांग का भोग लगाने की परंपरा है। प्रसाद के बाद भोले के भक्त भी भांग का मजा लेते हैं। भांग का क्रेज ऐसा है कि इस बार भोला के भक्त सौ किलोग्राम तक भांग गटक सकते हैं। यह दावा है शहर के प्रमुख ठंडाई विक्रेताओं का। इन लोगों ने इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की है। चौक में राजा ठंडाई के नाम से दुकान चला रहे राजकुमार त्रिपाठी बताते है कि इधर लोगों में शुगर फ्री ठंडाई का भी क्रेज बढ़ा है। इसके अलावा लोग मट्ठे, कुल्फी, गोली, चूरन, खस्ते तक में भांग खाने लगे हैं। राजकुमार बताते है कि कल्याणगिरी मंदिर में भोलेनाथ को तीन पीढ़ियों से भांग का प्रसाद उन्हीं के परिवार से जा रहा है।

## मनकामेश्वर में हुई भगवान शिव की हल्दी रस्म

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महाशिवरात्रि से पूर्व डालीगंज स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में सोमवार से देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के विवाह समारोह की रस्मों का धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में जगतजननी माता पार्वती का सुंदर विवाह मंडप सजाया गया। उसमें विवाह का खम्ब भी गाड़ा गया।

मंदिर परिसर में मुख्य सेवादार ने भोले बाबा को हल्दी लगाओ रे... लोकगीत गाकर हल्दी चढ़ाने की रस्म पूरी की। इस दौरान महिलाओं ने हल्दी गीतों पर झूमकर नृत्य किया। वहीं सेवादार महिलाओं ने भोलेनाथ के चढ़ावे की सामान कपड़े, साड़ी, सुहाग की सामग्री के साथ फल, मिठाई लेकर क्षेत्र में गाते - बजाते हुए यात्रा भी निकाली। इस कार्यक्रम में सुनीता गुप्ता, किरण कपूर, ज्योति जायसवाल, गौरजागिरी समेत अन्य महिलाएं शामिल हुईं। मंदिर मठ की महंत देव्यागिरी जी महाराज ने बताया कि मंडप में मंगलवार को मेहंदी की रस्म की जाएगी। सेवादार अपने साथियों के साथ महाशिवरात्रि पर सुबह में गोमती के जल से जलाभिषेक करेंगे। महिला सेवादारों ने गोमती घाट से जल लाकर मंदिर में रखा है, इसी जल से महाशिवरात्रि पर अभिषेक होगा, इसके साथ 151 लीटर दुग्ध से भी अभिषेक होगा। इसी दुग्ध से बनी खीर का वितरण प्रसाद के रूप में भक्तों में होगा।

# हे गणनायक, विघ्न विनायक, सकल विश्व के मंगलदायक...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** अवध डिग्री कॉलेज, गौतम पल्ली मार्ग, लखनऊ में 12 दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह पूर्वक हुआ।

इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध नृत्यांगना कुमकुम धर जी, उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी जी, सांस्कृतिक विभाग के सहायक निदेशक श्री तुहिन द्विवेदी, विद्यालय के प्रबंधक प्रो. निशि पांडेय, उपप्रधानाचार्या डॉ. उपमा चतुर्वेदी तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ। मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि प्रख्यात नृत्यांगना सुश्री कुमकुम धर जी एवं विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक श्री तुहिन द्विवेदी का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा किया। ज्ञातव्य है कि 12 दिवसीय कार्यशाला में अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ में बिरजू महाराज कथक संस्थान के तत्वाधान में आयोजित की गयी। इस कार्यशाला का उद्देश्य केवल नृत्य सिखाना नहीं, बल्कि छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना, उनमें गर्व की भावना विकसित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला की शुरूआत कथक के मूलभूत तत्वों- तत्कार, हस्त मुद्राएँ, हस्तक, टुकड़े, आमद, तिहाई आदि सिखाने से हुई। इसके बाद छात्राओं ने हे गणनायक, विघ्न विनायक, सकल विश्व का मंगलदायक पर विनायक वंदना सीखी। तत्पश्चात ताल त्रियताल में कथक के शुद्ध नृत्य पक्ष का अभ्यास कराया गया। इस 12 दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में छात्राओं ने अपनी सीखी हुई रचनाओं को मंच पर प्रस्तुत किया जिसके अन्तर्गत विनायक वंदना तीनताल में शुद्ध नृत्य तथा अंत में सूफी कथक की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस कार्यशाला का संचालन प्रशिक्षिका सुश्री अदिति थपलियाल द्वारा किया गया।

# 433वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत श्री गंगा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, नाका पैसर, उ.प्र. के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 433वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती सुमन पाण्डे ने अपने पुत्र श्री नितिन पाण्डेय एवं पुत्रवधू श्रीमती शोभिता पाण्डेय के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ्य जीवन के लिये भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का साहित्य छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। डॉ. नीलम गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्रबंधक चन्द्र किशोर वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर की प्रतिनिधि डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती सावित्री शर्मा, उमानंद शर्मा, संस्थान के चेयरमैन अनुराग वर्मा, प्रबंधक चन्द्र किशोर वर्मा, कोऑर्डिनेटर विमलेश वर्मा, प्राचार्या डॉ. अनामिका मिश्रा तथा प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती मानसी यादव सहित कॉलेज के संकाय सदस्य एवं छात्रायें मौजूद रहीं।

# लखनऊ समकालीन भारतीय कला मेला देखने उमड़े कला प्रेमी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन दिनों प्रदेश में पहली बार समकालीन कला की एक वृहद स्तर पर 38 कलाकारों के कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में नगर की प्रतिष्ठित फ्लोरोसेंस आर्ट गैलरी द्वारा फीनिक्स प्लासियो में इस फेयर को भव्य रूप में शुभारंभ किया गया था। जिसमें देश के अलग अलग हिस्सों से कलाकार, क्यूरेटर, समीक्षक कला संग्राहक के साथ बड़ी संख्या में कलाप्रेमियों की उपस्थिति हुई।

तब से लगातार लखनऊ ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों से कलाकार और कलाप्रेमियों सैकड़ों की संख्या में इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और लगातार कर भी रहे हैं। इस प्रकार पहली बार लखनऊ में कलाप्रेमियों की उपस्थिति को देखते हुए इस प्रदर्शनी को आगामी 28 फरवरी तक बढ़ाया जा रहा है। देश के अनेकों कलाकारों और कला समीक्षकों ने इस प्रदेश की राजधानी में पहली बार इस वृहद प्रदर्शनी पर बेहतर विचार प्रस्तुत किए हैं इसी कड़ी में नगर के वरिष्ठ कलाकार जय कृष्ण अग्रवाल कहते हैं कि एक अर्से से लखनऊ के कलाजगत में खालीपन का एहसास हो रहा था। लग रहा था कि आधुनिक कला परिदृश्य की दिशा ही बदल गई है। किन्तु इन दिनों स्थानीय फीनिक्स प्लासियो में चल रहे ₹लखनऊ कन्टमपोरेरी इन्डियन आर्ट फेयर - 2025 के सफल आयोजन से एक आशा बंधी है। ऐसा प्रतीत होने लगा है कि कभी संस्थाओं में बँधी कला अब खुली हवा में सांस लेने लगी है। स्थानीय कला प्रमोटर और फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक निदेशक सुश्री नेहा सिंह और उनके सहयोगी दल क्रमशः क्यूरेटर भूपेन्द्र कुमार अस्थाना, गोपाल सामंत्री और राजेश कुमार के अथक प्रयास का प्रतिफल इस आर्ट फेयर को एक पहल की संज्ञा दिया जाना अतिश्योक्ती नहीं होगी। वास्तव में देखा जाये तो एक मॉल की तड़क भड़क और भीड़ भाड़ वाले वातावरण में कलाकृतियों का प्रदर्शन एक जटिल कार्य है किन्तु आयोजकों की सूझबूझ ने एक अलग स्पेस की संरचना कर कला के प्रदर्शन को सहज कर दिया। आमतौर से कलाकृतियों का प्रदर्शन करना कला दीघाओं के विशेष रूप से सृजित वातावरण में ही उपयुक्त होता है किन्तु इन दीघाओं में केवल एक विशिष्ट वर्ग ही पहुँचता है। मॉल एक ऐसा स्थान है जहाँ हर वर्ग के लोगों का आवागमन लगा रहता है। ऐसे स्थान पर कला को आम आदमी से जोड़ना आसान होता है। संम्भवतः आयोजकों का भी यही आशय रहा है ' उनका प्रयास अपनी गतिविधियों को केवल अभिजात्य वर्ग तक सीमित न रख कर हर स्तर पर सामयिक कला और कलाकारों को जोड़ना तो है ही साथ ही कला के व्यावसायिक पक्ष को बढ़ावा देना भी है। लखनऊ समकालीन भारतीय कला उत्सव '25 में विभिन्न प्रांतो का प्रतिनिधित्व करती समकालीन कलाकृतियों के प्रदर्शन के साथ दर्शकों की जिज्ञासा पूर्ति के लिये विशेषज्ञों की उपस्थिति ने आयोजन की सार्थकता को बढ़ावा तो मिला ही साथ ही समसामयिक कला पर आयोजित व्याख्यान और वाद विवाद के कुछ सत्रों ने कला प्रेमियों को बड़ा आकर्षित किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महोबा**

**पत्रांक- मेमो/कर विभाग/न.पा.प.महोबा/2024-25** **दिनांक: 22.02.2025**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत)**

**प्रकाशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाना है कि श्रीमती गोमती पत्नी स्व. जुगल किशोर अग्रवाल निवासी मोहल्ला नयापुरा नैकाना तह. व जिला महोबा ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि मुहल्ला व वार्ड नयापुरा नैकाना स्थित भवन सं. 25 जो कि नगर पालिका अभिलेखो श्री जुगल किशोर अग्रवाल पुत्र श्री गनेश प्रसाद के नाम अंकित है। उक्त भवन में सालाना गृहकर रू. 180.00 निर्धारित है। श्री जुगल किशोर अग्रवाल की मृत्यु संलग्न मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर दिनांक 12.06.2017 को हो चुकी है। आवेदक ने उक्त भवन को वारिस प्रमाणपत्र के आधार पर अपने नाम दर्ज करने की प्रार्थना की है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद महोबा**

# चुपके-चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है...से सजी शाम

## लाइव इन कंसर्ट का आयोजन, प्रतिभा सिंह बघेल की सुरीली आवाज ने दिया रक्तदान का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में लाइव इन कंसर्ट : प्रतिभा सिंह बघेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाउसफुल सभागार कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन, गजल एवं बॉलीवुड गीत गायिका श्रीमती प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी सुमधुर आवाज से सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही सभी से जनहित में वर्ष में एक बार रक्तदान करने की अपील की, उनके संगीत से वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ और कार्यक्रम में उपस्थित हजारों दर्शकों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान तथा हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल तथा श्रीमती प्रतिभा सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि, आज की यह संगीतमय संध्या केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि रक्तदान को जन आंदोलन बनाने के संकल्प से जुड़ी है` हम सब जानते हैं कि रक्तदान, जीवनदान है ।एक यूनिट रक्त किसी की सांसें लौटा सकता है, किसी के सपनों को नया जीवन दे सकता है ।विज्ञान कितना भी आगे बढ़ जाए, रक्त का कोई विकल्प नहीं। यह केवल हमारी मानवता और जिम्मेदारी पर निर्भर है ।हमें गर्व है कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 13 वर्षों से इस दिशा में कार्यरत है।हम इस मुहिम को और व्यापक स्वरूप दे रहे हैं । आपसे केवल एक अनुरोध है कि वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य रक्तदान करें। यदि स्वयं रक्तदान नहीं कर सकते, तो कम से कम एक व्यक्ति को प्रेरित करें।

हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने कहा कि, आज का यह कार्यक्रम सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक नई पहल है क्योंकि रक्तदान न केवल एक मानवता का कार्य है बल्कि यह समाज को एकजुट करने और जीवन बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट समय-समय पर कई धर्मार्थ, जागरूकता, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जनहित में कर रहा है` आप सभी से अपील है कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनहित में किया जा रहे कार्यों में अपना सहयोग दें तथा समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएं।

प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी शानदार आवाज में बेहतरीन भजन, गजल एवं बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति दी तथा संगीत जगत के महान फनकारों के गीतों को अपनी आवाज मे गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रतिभा सिंह बघेल ने मंगल भवन अमंगल हारी भजन से संगीत संध्या की शुरूआत की तथा उसके बाद जमाई राजा राम मिला, नाम गुम जाएगा, अगर मुझसे मोहब्बत, चुपके-चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है, मुझे तुम नजर से, मेरे हमनवाज, झुकी झुकी सी नजर, तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो, होठों से छू लो तुम, तुमको देखा तो यह ख्याल आया, जश्ने गम दे गए, आज जाने की जिद ना करो, कोई फरियाद, हमरी अटरिया पर आजा रे सांवरिया, आज की रात, लग जा गले कि फिर यह हंसी रात हो ना हो, यह दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, पत्ता पत्ता बूटा बूटा, नीला आसमान, हम रहे या ना रहे, बात इतनी सी है, बोले नैना, हर एक बात पर, हमें तुमसे प्यार कितना, सादगी तो हमारी जरा देखिए, आओ बलमा, छाप तिलक सब छीन ली, दम दम मस्त कलंदर गाकर सभागार में उपस्थित सभी संगीत प्रेमियों के दिलों को छू लिया तथा साथ ही हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही रक्तदान मुहिम को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की। प्रतिभा सिंह बघेल की इस संगीत यात्रा में बेस गिटार पर राहुल देव, गिटार पर रितेश ओहोल, तबला पर प्रशांत सोंगरा, ऑक्टोपैड पर रोहित गंधर्व, कीबोर्ड पर मोहम्मद फिरोज ने साथ दिया। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सिंह बघेल की पूज्य माता जी श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती प्रतिभा सिंह बघेल, संगतकर्ता राहुल देव, रितेश ओहोल, प्रशांत सोंगरा, रोहित गंधर्व, मोहम्मद फिरोज, साउंड इंजीनियर सुहास खोबरागड़े, प्रतिभा सिंह बघेल के मैनेजर श्री दिव्येश राठौर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रक्तदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं।

## यात्रियों की मुसीबत बढ़ी, 14 ट्रेनें निरस्त

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया है। निरस्तीकरण के तहत गोरखपुर से 25 फरवरी को चलने वाली 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 26 फरवरी को चलने वाली 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 24 एवं 27 फरवरी को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज चैरी चैरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कानपुर अनवरगंज से 25 एवं 28 फरवरी को चलने वाली 15003 कानपुर अनवरगंज-गोरखपुर चैरी चैरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 24 से 28 फरवरी तक चलने वाली 15111 छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 24 से 28 फरवरी तक चलने वाली 15112 वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 24 से 28 फरवरी तक चलने वाली 15129 गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 24 से 28 फरवरी तक चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 25 फरवरी को चलने वाली 22583 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 फरवरी को चलने वाली 22584 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। सीवान से 23 से 28 फरवरी तक चलने वाली 55041 सीवान-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 23 से 28 फरवरी तक चलने वाली 55042 गोरखपुर कैंट-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। समस्तीपुर से 23 से 28 फरवरी तक चलने वाली 55121 समस्तीपुर-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 23 से 28 फरवरी तक चलने वाली 55122 सीवान-समस्तीपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

## बच्चों ने दी मनोहारी प्रस्तुतियां



लखनऊ। सीएमएस के चौक कैम्पस द्वारा सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित वार्षिक समारोह में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों से विश्व एकता व विश्व शान्ति का जोरदार अलख जगाया। स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व संसद, गीत-संगीत, नृत्य, भाषण, लघु नाटिका आदि की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इससे पहले, मुख्य अतिथि डा. हीरालाल, सीईओ, स्टेट लेवल नोडल एजेंसी, परती भूमि विकास विभाग, उप्र ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर डा. हीरालाल ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा बालक को व्यक्तिगत तथा सामाजिक दोनों क्षेत्रों में रचनात्मक विकास के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# लविवि कुलपति ने विद्यार्थियों के तैयार किये गये पकवानों का किया निरीक्षण



**लखनऊ।** लविवि में चल रहे दस दिवसीय-इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट-2025 के छठे दिन सोमवार को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पहली कुकिंग प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्राओं ने चंद्रशेखर आजाद हाल में प्रतिभाग लिया। छात्राओं में प्रथम स्थान चंद्र शेखर आजाद, द्वितीय निवेदिता तथा तृतीय स्थान कैलाश हॉस्टल को मिला। दूसरी तरफ छात्रों में प्रथम स्थान हबीबुल्लाह, द्वितीय स्थान महमूदाबाद तथा तृतीय स्थान आरएस बिष्ट हाल को मिला। इस प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि संगीता राय एवं सम्मानित अतिथि प्रो निशि पांडेय पूर्व चीफ प्रोवोस्ट लखनऊ विश्वविद्यालय थीं। कुलपति आलोक कुमार राय ने स्वयं विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गए पकवानों का निरीक्षण किया। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कविता गायन में छात्राओं में कैलाश छात्रावास की तेजस्विनी को प्रथम, बीरबल साहनी की मॉरीशस की ईथली बीबी शन्ना बेगम को तथा तृतीय स्थान सीएसए की वैष्णवी चौधरी को प्राप्त हुआ। छात्रों में महमूदाबाद के प्रतीक मिश्रा को प्रथम, हबीबुल्लाह के आशुतोष सिंह को द्वितीय तथा प्रशांत कुशवाहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# ट्रेनों के मार्ग बदले, कई गंतव्य से पहले यात्रा समाप्त करेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर कॉनकोर्स फाउण्डेशन निर्माण हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन तथा मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत बनारस से 24 फरवरी से 14 अप्रैल तक चलने वाली 15107 बनारस-लखनऊ एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर रायबरेली में यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ से 24 फरवरी से 14 अप्रैल तक चलने वाली 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर रायबरेली से चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत बरौनी से 23 फरवरी से 13 अप्रैल तक चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर मेल निर्धारित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-मल्हौर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-मल्हौर के रास्ते चलाई जायेगी ।इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ के स्थान पर ऐशबाग में दिया जायेगा। गोरखपुर से 25 फरवरी, 04, 11, 18, 25 मार्च एवं 01 तथा 08 अप्रैल को



चलने वाली 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मल्हौर-लखनऊ-मानकनगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मल्हौर-ऐशबाग-मानकनगर के रास्ते चलाई जायेगी ।इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ के स्थान पर ऐशबाग में दिया जायेगा। गोरखपुर से 27 फरवरी, 06, 13, 20, 27 मार्च तथा 03, 10, 17 एवं 24 अप्रैल को चलने वाली 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मल्हौर-लखनऊ-मानकनगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मल्हौर-ऐशबाग-मानकनगर के रास्ते चलाई जायेगी ।इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ के स्थान पर ऐशबाग में दिया जायेगा। पुणे से 01, 08, 15, 22, 29 मार्च तथा 05, 12 एवं 19 अप्रैल को चलने वाली 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-मल्हौर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-मल्हौर के रास्ते चलाई जायेगी ।इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ के स्थान पर ऐशबाग में दिया जायेगा। इन्दौर से 24, 26 फरवरी, 03, 05, 10, 12, 17, 19, 24, 26, 31 मार्च तथा 02, 07, 09, 14, 16, 21 एवं 23 अप्रैल को चलने वाली 19313 इन्दौर-पटना एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग- मल्हौर-अयोध्या कैण्ट-जफराबाद के रास्ते चलाई जायेगी । इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ, निहालगढ़, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी के स्थान पर ऐशबाग, अयोध्या कैण्ट-जौनपुर जं0 स्टेशन पर दिया जायेगा। इन्दौर से 01, 08, 15, 22, 29 मार्च तथा 05, 12, एवं 19 अप्रैल को चलने वाली 19321 इन्दौर-पटना एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-मल्हौर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-मल्हौर के रास्ते चलाई जायेगी ।इस गाड़ी का ठहराव लखनऊ के स्थान पर ऐशबाग स्टेशन पर दिया जायेगा।

## प्रो. डीपी तिवारी डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष और जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, छोटा राजस्थान के संप्रति कुलपति प्रो. डीपी तिवारी को सरप्राइज इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा अदिस अबाबा इथियोपिया (पूरबी अफ्रीका) में आयोजित ग्रेजुएशन सेरीमनी में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाग लिया और उपस्थित समुदाय को संबोधित किया। साइप्रस यूनिवर्सिटी द्वारा प्रो. तिवारी को प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विषय में डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

## श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में विराजे शिव-पार्वती

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर-दो में नवनिर्मित श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में सोमवार को वैदिक मंत्रोचारण के बीच शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। विधि विधान के साथ माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय जी और नंदी महाराज को स्थापित किया गया। इसके साथ ही श्रीराम दरबार और राधा -कृष्ण की प्रतिमा की स्थापना भी की गई। इसके बाद मुख्य यजमान उपेन्द्र सिंह व उनकी पत्नी ने हवन-पूजन किया। सुंदर कांड का पाठ शुरू हुआ। इस मौके पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान रिटायर आईएएस सदाकांत शुक्ला, जानकीपुरम विस्तार संयुक्त कल्याण महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पांडेय, गजेन्द्र सिंह, अंशुल, पिंकी शुक्ला, देवेश सिंह हिमांशु सिंह, अरविंद गुप्ता, विपिन शुक्ला, व्यापार मंडल के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाषा विवि के छात्रों ने किया जलकल विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में संचालित सिविल इंजीनियरिंग विभाग के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग लखनऊ द्वारा संचालित जल उपचार संयंत्र का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को जल उपचार प्रक्रिया और स्वच्छ जल आपूर्ति के महत्व से अवगत कराना था, ताकि वे जल के संरक्षण और इसके उपयोग के बारे में बेहतर समझ प्राप्त कर सकें।

इस दौरे के दौरान छात्रों को जलकल विभाग के अधिकारी श्री महेंद्र कुमार द्वारा जल शोधन, प्रदूषण नियंत्रण और जल आपूर्ति से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को यह बताया गया कि जल उपचार संयंत्र किस प्रकार गंदे पानी को शुद्ध करके इसे पीने योग्य बनाता है और किस तरह से जल के सही उपयोग और संरक्षण से जल संकट की समस्याओं को कम किया जा सकता है।

जल उपचार संयंत्र में छात्र विभिन्न तकनीकी पहलुओं, जैसे जल शोधन प्रक्रिया, पानी के पुनर्चक्रण और जल वितरण के बारे में सीखने में सक्षम हुए। इस दौरान, विद्यार्थियों ने जल शोधन के प्रमुख चरण संग्रह, प्रारंभिक छानना, कोगुलेशन और फ्लोकुलेशन, सैडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन, वायरस और बैक्टीरिया का नाश, पानी का संग्रह, वितरण का अवलोकन किया। दौरे के अंत में, छात्रों ने जलकल विभाग के अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और जल संरक्षण के क्षेत्र में विभिन्न पहलुओं पर गहरी जानकारी प्राप्त की। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के प्रभारी निदेशक डॉ आर. के. त्रिपाठी ने इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण को छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं ज्ञानवर्धक में सहायक होती हैं। प्रभारी निदेशक ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण अन्य विभागों द्वारा भी कराया जाएगो छात्रो के साथ विषय प्रभारी कौशलेश शाह, अभिषेक अवस्थी और सहायक प्रो. इं. आस्था चौरसिया उपस्थित रहे। छात्रो ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत लाभकारी और प्रेणादायक बताया और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भाषा विवि में ईवीएम बनाम मतपत्र पर संसदीय बहस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में ईवीएम बनाम मतपत्रः निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव विषय पर एक संसदीय बहस सत्र का आयोजन सोमवार किया। इस सत्र में विभाग के सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए।

इस बहस सत्र का आयोजन डॉ. मोहम्मद नसीब के संयोजन में किया गया, जबकि विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। आयोजन समिति में प्रमुख रूप से श्वेता चौरसिया, अर्णव कुमार सिंह और शशि यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को सम्मानित किया गया। विषय के पक्ष में सलमान ने प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए, जबकि विपक्ष में अविशाकर, अर्शद और शबाज ने अपने विचार मजबूती से रखे। सभी प्रतिभागियों ने अपने विचारों को तार्किक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों को एक ज्ञानवर्धक एवं सूचनात्मक बहस का अनुभव प्राप्त हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी तार्किक तथा विश्लेषणात्मक क्षमताओं का विकास करना था। इस अवसर पर विभाग से डॉ काज़िम रिजवी, डॉ शचीन्द्र शेखर सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कबड्डी पुरुष वर्ग में केकेसी ने हासिल किया प्रथम स्थान

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में सोमवार को अंतर महाविद्यालयीय कमला देवी मेमोरियल खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव प्रो अजय आर्य ने लखनऊ विश्वविद्यालय के खेलों की प्रतिष्ठा को बनाये रखने में जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के योगदान को सराहा। हाल ही में उन्होंने काठमांडू में आयोजित जै नेपाल कप में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम में 5 केकेसी के खिलाड़ियों के योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की। खो खो कबड्डी महिला पुरुष वर्ग में लखनऊ विश्वविद्यालय की 25 टीमों ने भाग लिया। कबड्डी पुरुष वर्ग में श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सिटी कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय के सौरभ एवं बेस्ट कैचर, अभिषेक तिवारी रहे। प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का खिताब विष्णु प्रकाश सिटी कॉलेज को प्राप्त हुआ। कबड्डी महिला वर्ग में श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज विजेता रहा एवं उपविजेता लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज रहा। बेस्ट रेडर, साक्षी, नवयुग महाविद्यालय एवं बेस्ट कैचर, स्वाति पांडेय, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामिंट का खिताब आरती निषाद, श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज के नाम रहा। को को पुरुष वर्ग में श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय विजेता एवं एलपीसीपीएस कॉलेज उप विजेता रहा। बेस्ट रनर, आशुतोष, एलपीसीपीएस, बेस्ट चेजर, विमल कुमार, जेएनपीजी तथा प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का खिताब सुधांशु, जेएनपीजी को मिला। खो खो महिला वर्ग में लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज प्रथम एवं श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा। बेस्ट चेजर दीपाली जेएन पीजी कॉलेज, बेस्ट रनर, कु राधा, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज एवं प्लेयर ऑफ द टूनामेंट कु शीतल, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज रही। प्राचार्य, प्रो विनोद चंद्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में खेलों के बढ़ते स्तर को बनाए रखने में उनकी भूमिका की सराहना की एवं भविष्य में महाविद्यालय से यथासंभव सहयोग प्रदान करने का वचन दिया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर रेलवे स्टेशनों की व्यवस्था चाक-चौबंद






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाशिवरात्रि पर्व पर भारी संख्या में रेलयात्रियों और श्रद्धालुओं के वाराणसी स्टेशन पर आवागमन की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए, लखनऊ मंडल अपनी सभी तैयारियों को पूरा करके यात्री सेवा में समर्पित है कमण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में यात्री सुविधा और भीड़ प्रबंधन की सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया गया।

अपर मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी लाल जी चौधरी एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/लखनऊ कुलदीप तिवारी व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला के साथ मंडल के अन्य अधिकारियों ने काशी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया साथ ही वाराणसी और काशी स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा की। वाराणसी स्टेशन पर यात्रियों के ठहरने हेतु प्रथम प्रवेश द्वार एवं द्वितीय प्रवेश द्वार पर लगभग पांच-पांच हजार की क्षमता वाले 02 यात्री आश्रय बनाए गए है। आगामी महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बिहार, अयोध्या और प्रयाग की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए तीन अतिरिक्त होल्डिंग एरिया और बनाए गए जिसकी क्षमता लगभग 10,000 यात्रियों की है। इन आश्रय मे वाटर बूथ, मोबाईल चार्जिंग, अस्थायी शौचालयों, मेडिकल एवं खानझपान की सुविधा उपलब्ध की गईहै। काशी स्टेशन पर खोया-पाया काउन्टर, मेडिकल हेल्प डेस्क के साथ 3,000 यात्रियों की क्षमता वाला यात्री आश्रय बनाया गया है व भीड़प्रबंधन हेतु 20 पद्धत्रक्षकर्मी एवं वाणिज्य विभाग से टिकट चेकिंग एवं टिकट बुकिंग हेतु अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है। स्टेशन पर उपलब्ध टिकट काउन्टर के अतिरिक्त 09 एटीवीएम एवं 12 एम-यूटीएस द्वारा टिकट प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है' वाराणसी जं. पर आरपीएफ कंट्रोल मेंलगी 09 एलईडी स्क्रीनों तथा प्लेटफॉर्म और परिसर मेंलगाए गए 118 सीसीटीवी कैमरों द्वारा स्टेशन की निगरानी की जा रही है। वाराणसी जं. पर भीड़ प्रबंधन हेतु आरपीएफ के 240 एवं सीमा सुरक्षा बल के 95 अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है । वाराणसी स्टेशन पर 02 एवं काशी मे 01 मेडिकल हेल्प डेस्क के साथ पैरा मेडिकल के 20 अतिरिक्त कर्मचारी सेवारत है। स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए वाराणसी जं. स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की मेकेनाइज्ड क्लीनिंग की जा रही है तथा काशी स्टेशन पर भी स्वच्छता कर्मी पूरी निष्ठा से साफ सफाई के काम मेंलगे हैं। यात्रियों की सेवा और सहायता के लिए टिकट चेकिंग कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा बल तथा सिविल डिफेन्स, स्काउट एण्ड गाइड के कार्यकर्ता यात्रियों की निरंतर सहायता कर रहे हैं। स्टेशनों पर यात्री सुविधा संबंधी स्थान एवं स्थल जैसेः- यात्री आश्रय, सहयोग काउन्टर, खोया-पाया काउन्टर, यूटीएस, पीआरएस, एम-यूटीएस, एटीवीएम काउन्टर, रिफ्रेशमेंट रूम, कैटरिंग स्टॉल, मल्टीपर्पज स्टॉल, , क्लाक रूम, मोबाइल चार्जिंग कियॉस्क, मेडिकल शॉप, एटीएम, एसी वेटिंग रूम, बेबी फीडिंग रूम, महिला, पुरुष एवं दिव्यांगजनों हेतु शौचालय, व्हील चेयर एवं स्ट्रेचर, एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉल सभी सुविधाएं अपना कार्य कर रही हैं। वाराणसी स्टेशन पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक स्वयं सभी प्रबंधनों की निगरानी कर रहे है। एक सुनियोजित योजना को अमल में लाते हुए भीड़/यात्री प्रबंधन के संबंध में यात्रियों के मुख्य सड़क मार्ग से स्टेशन में प्रवेश और निकास की सुगमता, उनकी गाड़ी के प्रस्थान से पूर्व उनका दिशागत यात्री आश्रयों में ठहराव, ठहराव के दौरान उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, उनके लिए खानपान और सुरक्षा की व्यवस्था, किसी यात्री के बीमार होने पर चिकित्सा की सुविधा, गाड़ियों पर उनको सकुशल चढ़ाने और रवाना करने, टिकटिंग की सुविधा सहित सभी जरूरी आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए पूरी संचालन व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ और सुगठित किया जा रहा है।

**कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जौनपुर**

पत्रांक : पी.सी.एफ./जि.का./जौन./गे.ख. 2025-26/2024-25/1894    दिनांकः-21.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

मूल्य समर्थन योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत की जाने वाली गेंहूँ खरीद में पीसीएफ जनपद-जौनपुर में स्थापित गेंहूँ क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदार की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर वेबसाइट https/etender.up.nic.in से डाउनलोड कर उक्त पर दिनांक 28.02.2025 की अपरान्ह 14.00 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र, मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा एवं समस्त जानकारी नियम व शर्तें उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(कृष्ण शिव देव सिंह)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ., जौनपुर

संक्षेप

## पालिका कूड़ा निस्तारण से बिजली बनने का कार्य जल्द शुरू होगाः ईओ संदीप सक्सेना



नगीना, बिजनौर। नगर पालिका परिषद नगीना के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सेना की मेहनत से हर दिन लगभग 50 टन कूड़े का निस्तारण मशीनों द्वारा पिछले दो हफ्तों से ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल का सफल परीक्षण होने के बाद बिजली बनने का कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। पालिका सफाईकर्मी इसके लिए घर-घर पहुंचकर गीला और सुखा कूड़ा ले रहे हैं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने जानकारी दते हुए बताया कि प्रदेश शासन द्वारा कूड़े कचरे से बिजली बनाने के लिए पालिका को पांच करोड़ रुपए भेजा गया था। पालिका द्वारा नगर से दो किलोमीटर दूर ग्राम तुखमापुर के निकट नगर 50 टन प्रति दिन की क्षमता वाले कूड़ा निस्तारण केंद्र में बिजली व खाद बनाने की मशीन और मशीनों द्वारा ही बिजली व खाद बनाने के लिए एक बड़ा प्लांट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे नगर में घर-घर गीला और सुखा कूड़ा लेने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो हाथ की ठेलियों से घर-घर से कूड़ा लेकर कूड़ा निस्तारण केंद्र पहुंचाएंगे। कूड़ा निस्तारण केंद्र में मशीनों द्वारा उस कूड़े की छटाई होगी। प्लास्टिक की पॉलिथीन, थैलिया, बोतल, गिलास, लकड़ी, लोहा, इंट, पत्थर, अलग कर दिया जाएगा और लास्ट वाले कूड़े से बिजली व खाद बनाने की प्रक्रिया की जाएगी।

शासन के आदेश के बाद उस बिजली को बिजली विभागों को सप्लाई की जाएगी।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने आगे बताया कि इस प्लाट के चालू होने से नगर में होने वाले कूड़े की गंदगी से छुटकारा तो मिलेगा ही साथ नगर पालिका की बिजली सप्लाई के रूप में आय भी बढ़ेगी।

## डीपीए की आवश्यक बैठक कल

ललितपुर। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोशियेशन के अध्यक्ष डा.पवन कुमार रिछारिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया कि संगठन की एक आवश्यक बैठक आगामी 26 फरवरी को जनपदीय ड्रगबेयर हाऊस अमरपुर पर किया जायेगा।

बैठक में जनपद शाखा के आगामी अधिवेशन एवं अन्य कार्यक्रमों चुनाव के बारे में विचार-विमर्श किया जाना निश्चित किया गया। बैठक में उन्होंने सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

## सीएमओ के निरीक्षण में 9 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

अयोध्या। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे सीएचसी मसौधा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो डॉक्टर समेत 9 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं दूसरी तरफ सीएचसी प्रभारी डॉ. आलोक रंजन को 24 घंटे चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए। जिला मुख्यालय से तकरीबन 5 किलोमीटर दूर अयोध्या -प्रयागराज हाईवे पर स्थित सीएचसी मसौधा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोद लिया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जो कागज में सुविधाओं से तो लैस है, लेकिन हकीकत कुछ इतर है। यहां 6 डॉक्टरों समेत 25 कर्मचारियों का स्टाफ है। एक्स-रे मशीन भगवान भरोसे है।

# तनावमुक्त रहकर दें परीक्षा, विशेषज्ञों की लें सलाहः जिलाधिकारी

- डीएम ने कण्ट्रोल रुम से सभी परीक्षा केन्द्रों पर रखी पैनी नजर
- 6 सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर गतिवधियों का लिया जायजा
- बोर्ड परीक्षा आज प्रथम दिन नकलविहीन संपन्न



ललितपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा आज प्रथम दिवस सकुशन व नकलविहीन सम्पन्न हुई, परीक्षा के प्रथम दिन आज 49 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं इण्टर के हिन्दी विषयक की परीक्षा हुई, जिसमें हाईस्कूल के कुल पंजीकृत 19597 परीक्षार्थियों में से 18373 (93.75 प्रतिशत) तथा इण्टर में कुल पंजीकृत 16713 में 16061 (96.09 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को नकलविहीन व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कण्ट्रोल रुम का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर कण्ट्रोल रुम प्रभारी उप जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा। उन्होंने परीक्षा कक्षों में सी0सी0टी0वी0 कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर व राउटर आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाये रखने के लिए केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर, साफ-सफाई, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखें। परीक्षा केंद्रों के कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखें, इसके साथ ही कण्ट्रोल रुम से लगातार निगरानी करें। उन्होंने यह भी निर्देश कि बोर्ड परीक्षा में सभी अधिकारी सम्वेदनशील रहकर अपने दायित्वों को पूर्ण करें। साथ ही नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रश्न पत्रों की सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखते हुए शासन द्वारा दिये गये दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी के निर्देशन में गठित 6 सचल दलों ने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया, इसके साथ ही कण्ट्रोल रुम से लगातार सम्पर्क बनाये रखा। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहें, सुरक्षा कर्मियों के अलावा शस्त्र केंद्रों पर अंदर ले जाना वर्जित है, परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित रखें, उन्होंने कहा कि जो परीक्षा संपन्न कराने के लिए बोर्ड द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए तनावमुक्त रहने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए विशेषज्ञों की सलाह मानें, परिवारीजन बच्चों का उत्साहवर्द्धन करें, उनसे बातचीत करें और पौष्टिक भोजन करायें। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा के लिए 7 जोनल मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 49 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, इसके अलावा जनपद स्तर पर 6 सचल दलों का गठन भी किया गया है, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी घनश्याम, एबीएसए बिरधा गौरव, एबीएसए जखौरा भुवनेन्दु अरजरिया, एबीएसए मडावरा नरेश के स्थान पर संदीप कुमार वर्मा द्वारा आज उक्त सचल दलों का नेतृत्व किया गया।

## महिला जनसुनवाई का आयोजन 27 फरवरी को

ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मे सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात महिला बन्दी गृह, बालिका, महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल की अध्यक्षता में 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## आई सी ओ पी के मंडल अध्यक्ष बने सुनील सक्सेना



बांदा। इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन ने सुनील कुमार सक्सेना को चित्रकूट-बांदा मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है। संगठन ने संगठनात्मक विस्तार और पत्रकारों की भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह नियुक्ति प्रदेश सचिव के नेतृत्व में मंडल सचिव चित्रकूट जगमोहन ओझा की अनुशंसा पर की गयी है। नियुक्ति के साथ संगठन को उम्मीद है कि सुनील कुमार सक्सेना अपनी नई भूमिका में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं के समाधान और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पर सुनील कुमार सक्सेना ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश सचिव व मंडल सचिव जगमोहन ओझा का आभार जताया है। उन्होने कहा कि संगठन ने जो भरोसा उन पर जताया है वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। कहा कि मंडल के पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत कार्यरत रहेंगे और निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देंगे। आई सी ओ पी पत्रकार संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और अन्य पत्रकारों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वह संगठन को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## परीक्षा, त्योहारों के चलते जिले में धारा 163 लागू

बांदा। जनपद में विभिन्न धार्मिक संगठनों व राजनैतिक गतिविधियों, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं, अन्य परीक्षाओं, परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, महाशिवरात्रि, होली, ई-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयन्ती, डॉ० भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिवस, गुड फ्राइडे त्योहारों को देखते हुए कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने धारा-163 लागू किया है। समाज विरोधी एवं अराजकतत्व, कानून व्यवस्था को प्रभावित करने व लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करके समाज में भय, आतंक एवं दहशत का वातावरण उत्पन्न कर जनमानस के अमन-चैन एंव सामान्य शान्ति को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ कर उत्तेजना फैला सकते हैं, जिससे शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावनायें बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुएयह पूर्ण समाधान हो गया है कि जनपद की सीमान्तर्गत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके आदेश पारित किया जाये। जे0 रीभा, जिला मजिस्ट्रेट ने धारा-163 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जनपद में बीती 20 फरवरी से 18 अप्रैल तक निम्नलिखित निषेधाज्ञायें पारित कर दी हैं।

## भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष ने की फायरिंग

बांदा। नगर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारी रोड स्थित एक भूखंड पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने गेट लगाकर कब्जा कर लिया था। मुहल्ले वासियों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच कराई। जांच में मिला कि यह जमीन बांदा विकास प्राधिकरण में पार्क के रूप में दर्ज है। जिला प्रशासन ने राजेश गुप्ता को कब्जा हटाने का आदेश दिया था। सोमवार को मुहल्ले के लोग श्रमदान कर पार्क की सफाई करा रहे थे इसी दौरान राजेश गुप्ता साथियों के साथ वहां पहुंचे और उन्होने एसपी सिंह उमाकांत समेत अन्य लोगों को सफाई करने से मना किया। विवाद बढ़ने पर राजेश गुप्ता ने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी पुलिस नगर राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों को कोतवाली लाया गया है। फायरिंग की भी बात सामने आई है। इस मामले पर जांच की जा रही है। अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेडिकल छात्रों के लिए वरदान बनेगा देहदान



ललितपुर। जीते जी लोगों के काम आयें और मरने के बाद भी अपने शरीर के अंगों को दान कर मानवता की मिशाल पेश की जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जिले में शान्ति साहू देहदान समिति का गठन किया गया है। इस समिति के जरिए ऐसे लोग जो मरणोपरान्त अपने शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों व देह का दान देकर दूसरों को दान कर मानवता की मिशाल पेश कर सकेंगे। इस समिति के गठन उपरान्त शहर में राजश्री ड्राईक्लीनर्स के संचालक सुन्दरलाल रजक एवं जिला महिला अस्पताल में वार्ड आया पद पर तैनात मुन्नीदेवी साहू ने अपनी देह को दान किया। यह जानकारी देते हुये समिति के संचालक खुशालचंद्र साहू ने बताया कि उन्होंने जरूरतमंद लोगों को अंग व मेडीकल कॉलेज में अध्ययन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को चिकित्सीय शिक्षा में अग्रेतर करने के लिए देहदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। बताया कि मुन्नीदेवी साहू व सुन्दरलाल रजक द्वारा देहदान करने के समय प्रधानाचार्य डा.द्विजेन्द्र नाथ, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डा. श्रुति सिंह, सीनियर फिजीशियन डा. पवन सूद, सीएमएस डा.मीनाक्षी, डा. मोनिका जायसवाल, डा. नंदलाल यादव, भरतसिंह, चन्द्रशेखर, मुजफ्फर खान, मयंक पटैरया, अमित साहू, सुमित साहू एवं सपा नेता ज्योति सिंह, लोधी गीता मिश्रा, परवेज पठान, पत्रकार अमित लखेरा आदि मौजूद रहे।

# आयुक्त ने की विकास और कानून व्यवस्था की समीक्षा, कड़े निर्देश



बांदा। मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। आयुक्त अजीत कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यटन विकास के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी त्यौहारों शिवरात्रि, होली को शान्तिपूर्ण एवं सकुशलढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण एवं रोड निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने चित्रकूट में सड़क निर्माण में तेजी लाये जाने एवं सड़कों की मरम्मत का कार्य बॉदा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचसी एवं सीएचसी में बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये जाने के लिए अधिकारियों को पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम चित्रकूट जनपद में पूर्ण किये जाने एवं हमीरपुर में बच्चों को प्रथम डोज दिलाये जाने पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौवंशों को गौशाला में संरक्षित करें, इसके साथ ही गौशालाओं में समुचित पेयजल, चारा, प्रकाश, सेड सहित चिकित्सा की समुचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने मण्डलीय शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अध्यापकों का समय-समय पर प्रशिक्षण के साथ सभी दिव्यांग बच्चों का विद्यालयों में पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से गॉवों में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र कराये जाने व हमीरपुर जनपद में कार्यों में अपेक्षित प्रगति एवं सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों का चयन, दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड साइकिल का वितरण, सेतु निर्माण कार्यों, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का गठन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जन शिकायतों, आईजीआरएस प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य को खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये।

## जमात ए इस्लामी हिंद संगठन के नशा मुक्ति अभियान का 10 वें दिन समापन




नगीना, बिजनौर। जमात ए इस्लामी हिंद संगठन की ओर से पिछले दस दिनों से चलाये गए नशा मुक्ति अभियान का चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के निवास पर बीती रात्रि समापन हो गया। जमात ए इस्लामी हिंद संगठन के जिलाध्यक्ष मोहतशिम नोमानी ने बताया कि 23 फरवरी को शहर में अलग-अलग जगह पर नुक्कड़ सभा कर देश के युवाओं व समाज के हर व्यक्ति को नशे जैसी लत से अपने आप को और अपने समाज को बचाने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में समाज के हर जाति धर्म के व्यक्ति का उन्हें सहयोग मिला है। मुहिम की विशेषता यह रही कि इस मुहिम के माध्यम से आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिला व बुराई से बचने के लिए लोगों में उत्साह भी दिखाई दिया। नशा मुक्ति अभियान की मुहिम में समाज के जिम्मेदार नागरिकों ने भी पूर्ण सहयोग किया। इस मुहिम में स्कॉलर पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक मौ0 शारिक मास्टर वसीम, तस्लीम अहमद, फुरकान अली, सभासद मौ0 शारिक, इरफान फलाही आदि का भारी योगदान रहा।

# सागर तालाब में चला स्वच्छता अभियान



महोबा। संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तृतीय चरण कर निरंकारी मिशन के सेवादारों द्वारा कीरत सागर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। रविवार के दिन प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना को साकार रूप देने के लिए कीरत सागर तालाब को स्वच्छ करने का कार्य संत निरंकारी मिशन के सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा ब्रांच महोबा के संचालक हेमराज जी मार्गदर्शन में किया गया।

यह जानकारी ब्रांच महोबा के मुखी विनोद कुमार राजपूत जी द्वारा दी गई। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पडल का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों तालाबों कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है. ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। आज भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज पूरी मानवता को यही प्रेरणा देते हैं कि हम सभी इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं।

# राज क्लब चीरा ने जीता एमएलए कप- 2025




- 51000 रुपए की इनामी धनराशि से पुरस्कृत हुई टीम
- बिरौरा ने उप विजेता बन जीते 25000 रूपए
- सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

ललितपुर। एमएलए कप 2025 का फाइनल के साथ ही समापन हो गया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने विजेता, उपविजेता, फर्स्ट रनर अप टीम के खिलाड़ियों और अन्य विजेताओं को इनामी राशि, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट बांटकर हौसला अफजाई की। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि आयोजन उच्चस्तरीय रहा, समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र है जिन्होंने क्षेत्रीय खिलाड़ियों के विकास के लिए अच्छी सोच के साथ बढ़िया आयोजन किया और घोषणा की कि अगले वर्ष 2026 में ग्रामीण क्षेत्र की और ज्यादा टीमें प्रतिभाग कर सके, इसके लिए एमएलए कप 2026 का विस्तार ब्लॉक स्तर तक किया जाएगा और इनामी राशि भी बढ़ाई जाएगी। आयोजक श्रीकांत कुशवाहा ने सभी 32 टीम के खिलाड़ियों, अतिथियों, दर्शकों, पत्रकारों, प्रशासन और सहयोगियों का सफलतम आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास दिखाया कि अगले वर्ष का टूर्नामेंट इससे भी ज्यादा भव्य और बेहतर होगा। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों का माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ आयोजन समिति के सदस्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टॉस जीतकर बिरौरा ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया, जो कि घातक साबित हुआ और 186 रन का पीछा करते हुए पूरी टीम 161 पर ऑल आउट हो गई। चीरा की टीम ने जितनी बेहतरीन बल्लेबाजी की, उतनी ही अच्छी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण किया। चीरा टीम का गेंदबाज रवि कबूतरा 4 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बना।

कार्यक्रम सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चैबे, धर्मेन्द्र गोस्वामी, वंशीधर श्रीवास, जिला सहकारी बैंक के उप सभापति श्रीकांत कुशवाहा, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटेरिया, भगत राठौर, राजेश लिटौरिया, संदीप बुंदेला, गौरव गौतम, रमेश कुशवाहा, देशपत कुशवाहा, दीपक राठौर, दीपेश राय डब्बू, धर्मेन्द्र राजा, शैलेन्द्र कुशवाहा, आर्यन कुशवाहा, अभिषेक सोनी, राहुल राजपूत, दीपक चैरसिया, राकेश त्रिवेदी, अरस्तू उपाध्याय, दीपक मिश्रा, रिक्की कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, नीलू कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## हस्तशिल्पी द्वारिका सोनी कला श्री अवॉर्ड से सम्मानित



बांदा। हरियाणा के फरीदाबाद में यहां के हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी को शजर स्टोन आर्ट में ह्यह्यकला श्रीह्लह्ल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। 7 से 23 फरवरी तक आयोजित 38वें सूरजकुण्ड अंतर्राष्ट्रीय क्रांपट मेला का आयोजन हुआ। हरियाणा टूरिज्म के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील कुमार ने आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले में शामिल लगभग 45 देशों के ओ डी ओ पी में चयनित उत्पाद के हस्तशिल्पियों में बाँदा जिले से शजर हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस मेले में शजर पत्थर से निर्मित मॉडल शिवमंदिर, ताजमहल, टेबिल लैम्प, ट्राफी, शफलिंग, ब्रोज सहित विभिन्न प्रकार के आभूषण विदेशी लोगों को बहुत पसंद आये। कुछ लोगों ने खरीदा तथा कई लोगों ने पसंदीदा मॉडलों को बुक किया। जिले का शजर विदेशों में भी पसंद किया जाने लगा है। इसके पूर्व भी श्रीलंका, नींदरलैंड, तंजनिया, साऊथ अफ्रीका में आयोजित मेलों में हस्तशिल्पी द्वारिका सोनी शजर पत्थर से बने उत्पादों को प्रदर्शित कर चुके हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शजर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। यही वजह है कि यहां के शजर उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई है और हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी को पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी भी सम्मानित कर चुके हैं। सूरजकुण्ड फरीदाबाद में मेले के अंतिम दिन डिवीजनल मैनेजर हरविंदर सिंह ने हस्तशिल्पी द्वारिका सोनी को एवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

# बिना विनियमन शुल्क जमा संचालित ईंट भट्ठों को बंद कराकर कार्रवाई करेंः डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी दते हुए बताया कि जिला बिजनौर में लगभग 294 ईट भटटे संचालित है। ईंट भटटा सत्र 2024-25 (01 अक्टूबर, 204 से 30 सितम्बर, 2025 तक) से प्रारम्भ हो गया है। ईंट भटटा स्वामियों से शासन से प्राप्त रॉयल्टी समाधान योजना के अन्तर्गत विनियमन शुल्क की धनराशि जमा करायी जाती है। ईंट भटटा सत्र 2024-25 के विनियमन शुल्क की धनराशि जमा किये जाने के लिये भटटा स्वामियों द्वारा कार्यालय में सम्पर्क किया जा रहा है। परन्तु सूची के अनुसार लगभग 108 ईंट भटटा स्वामियों द्वारा अभी तक विनियमन शुल्क राजकीय कोष में जमा नहीं किया गया है। जन समुदाय के माध्यम से शिकायतें प्राप्त हो रही है कि जनपद के ईट भटटा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि जमा किये बिना ईट भटटो का संचालन (ईट पथेर/फुकाई) का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त असिटेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, जिला पंचायत अधिकारी, खान अधिकारी/खान निरीक्षक को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थापित/संचालित उक्त ईट भटटों का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या लौटती डाक से कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि उक्त ईट भटटा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा किया गया है अथवा नहीं तथा वर्तमान इंट भटटा सत्र 2024-25 में उक्त ईट भटटे संचालित है अथवा नहीं। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्रान्तर्गत बिना विनियमन शुल्क जमा किये उपरोक्त ईट भटटों पर (ईट पथेर/फुकाई/संचालन) का कार्य न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थलीय निरीक्षण के दौरान यदि उपरोक्त ईट भट्टों में से किसी ईट भटटे स्वामी द्वारा ईट भटटा सत्र 2024-25 का विनियमन शुल्क की धनराशि जमा किये बिना अपने ईट भटटे का संचालन (ईट पथेर/फुकाई) का कार्य किया जाना पाया जाता है, तो उक्त ईट भटटे का संचालन कार्य तत्काल बन्द कराते हुए सम्बन्धित ईट भटटा स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपनी स्पष्ट आख्या संस्तुति सहित इस कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित तहसील द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त राजस्व निरीक्षक/लेखपाल से इस आशय की आख्या/प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाए कि उनके क्षेत्रान्तर्गत समस्त ईट भटटा स्वामियो द्वारा ईट भटटा सत्र 2024-25 का विनियमन शुल्क जमा कर दिया गया है।

## हत्यारोपियों को नहीं पकड़ रही पुलिस

ललितपुर। विगत दिनों ग्राम मऊमाफी की नहर में युवक का शव उतराता हुआ मिला था। प्रकरण में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर ली थी। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना करते हुये दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इस प्रकरण में अब पीड़िता की मां ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजते हुये शेष तीन और लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

नदीपुरा मछली मार्केट निवासी शीला पत्नी स्व.बाबूलाल यादव ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि विगत 15 फरवरी को उसकी भैंस खो गयी थी, जिसकी काफी खोजबीन करने पर भी वह नहीं मिली थी। बताया कि 18 फरवरी को उसका पुत्र अमर अपने मित्रों व 2-3 अज्ञात लोगों के साथ भैंस खोजने गये हुये थे, जिसके बाद से उसका पुत्र वापस नहीं आया।

**जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-बाँदा**

पत्रांक : पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2024-25/642 दिनांकः-24.02.2025

**अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस**

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेहूँ को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेहूँ के हैण्डलिंग कार्य हेतु चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद बांदा के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-8765985022 पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ., बाँदा

# हिन्दी विरोध की सियासत

तमिलनाडु और उससे पहले मद्रास प्रांत में हिंदी भाषा का विरोध बहुत पुराना है और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अर्थात डीएमके भाषा और उत्तर भारतीयों का विरोध करने में सबसे आगे रहती है। फिलहाल उसकी सरकार है, तो उसने नयी शिक्षा नीति में त्रि-भाषा फार्मूले का विरोध शुरू कर दिया है। जबकि भारत सरकार ने नयी शिक्षा नीति में त्रि-भाषा फार्मूले को इतना अधिक लचीला बनाया है कि किसी भी राज्य या भाषाई समाज पर कोई भाषा थोपी नहीं गयी है। त्रि-भाषा फार्मूले के तहत छात्र को अंग्रेजी, राज्य की भाषा के साथ एक और भारतीय भाषा को बढ़ना होगा अर्थात तीन भाषाओं में एक राज्य की भाषा, दूसरा अंग्रेजी और तीसरे भाषा के रूप में एक अन्य भारतीय भाषा के अध्ययन का प्रावधान किया गया है। इसमें कहीं भी हिन्दी को अनिवार्य नहीं किया गया है। लेकिन तमिलनाडु की डीएमके सरकार हिन्दी के नाम पर विवाद खड़ा करने में इतनी अधिक उत्साहित रहती है कि बेवजह विवाद खड़ी कर देती है। डीएमके की पूरी सियासत ही हिन्दी, उत्तर भारतीय और सनातन के विरोध के भरोसे चलती है। तमिलनाडु में सबसे पहले ब्रिटिश भारत में 1937 में हिंदी-विरोधी आंदोलन छेड़ा गया। बाद में पेरियार (ईवी रामासामी) और विपक्षी न्यायमूर्ति पार्टी (बाद में द्रविड़ कषगम) ने आधिकारिक भाषा के तौर




पर हिंदी का विरोध किया। संविधान निर्माण के दौरान भी यह गरम बहस का मुद्दा बना रहा। जब 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा तय कर दिया गया, तो 1965 के बाद कुछ गैर-हिंदी राज्यों ने उसे स्वीकार नहीं किया। वे राज्य अंग्रेजी के ही उपयोग के पक्षधर थे और अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर दुराग्रही थे। 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने आधिकारिक भाषा हिंदी और अंग्रेजी के अनिश्चित उपयोग के मद्देनजर आधिकारिक भाषा अधिनियम में संशोधन किए। जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और द्रमुक नेता अन्नादुरई के बीच त्रि-भाषा फॉमूर्ले पर संवाद तो हुआ, लेकिन हिंदी-विरोध का पूर्वाग्रह बना रहा। फिलहाल भाषा विरोध की सियासत तमिलनाडु में अभी भी लहराती रहती है। अब विवाद केंद्र सरकार और तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक सरकार तक आ पहुंचा है। तमिलनाडु में दुष्प्रचार किया जा रहा है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा, राजभाषा और उसके अध्ययन के लिए थोपा जा रहा है। तमिलनाडु को यह स्वीकार्य नहीं है। वोट बैंक का भी सवाल है। केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सरीखे दक्षिणी राज्यों में हिंदी-विरोध के आंदोलन और पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम हैं। वे उग्र भी नहीं हैं। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच यह मुद्दा सुलगता जा रहा है। दरअसल इसके पीछे डीएमके की सियासत है। 2026 में विधानसभा चुनाव है। भारत सरकार का सहज आग्रह है कि तमिलनाडु को संवैधानिक व्यवस्था को स्वीकार करना चाहिए जो कि उचित भी है। लेकिन सियासी लड़ाई छात्रों के नाम पर लड़ी जा रही है। केंद्र ने समग्र शिक्षा योजना के तहत तमिलनाडु के हिस्से के आर्थिक संसाधन फिलहाल रोक दिए हैं। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक तमिलनाडु भारत सरकार की भाषायी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करता। तमिलनाडु सरकार हिंदी के अध्ययन को छात्रों पर अतिरिक्त मानसिक बोझ और सांस्कृतिक आक्रमण बता रही है। दरअसल यह उसकी सियासत का हिस्सा है, अन्यथा त्रि-भाषा व्यवस्था में गैर हिन्दी भाषी राज्यों के लिए हिन्दी को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। तमिलनाडु सरकार को नयी शिक्षा नीति स्वीकार करनी चाहिए और तीसरी भाषा के चयन का अधिकार छात्रों को देना चाहिए। उसे भाषा के बजाय विकास और शिक्षा की राजनीति करनी चाहिए। लेकिन भावनाएं भड़काकर अपनी सियासत चमकाने की परंपरा तमिलनाडु में पुरानी है और डीएमके इसी राजनीति के सहारे राज्य में प्रमुख पार्टी बनी हुई है।

---

विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

# डीएमके की राजनीति का हिस्सा है भाषा विवाद

नरेंद्र शर्मा

> भाषा विवाद का समाधान केंद्र व राज्य के बीच सकारात्मक वार्ता और व्यवहारिक समझौते से होना चाहिए। इस तरह के विवाद से बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। तमिलनाडु के लोगों और डीएमके की सरकार को भी समझना चाहिए कि बच्चा जितनी अधिक भाषाएं जानेगा उतना ही ज्यादा होशियार होगा। राजनीति के लिए और विषय हो सकते हैं, लेकिन डीएमके भाषा विवाद भड़काती है।





किल्पौक (तमिलनाडु) स्थित भावना राजाजी विद्याश्रम स्कूल में एक कक्षा 3 का छात्र हिंदी की कविता न सुना सका तो हिंदी विषय की अध्यापिका पदमालक्ष्मी ने न सिर्फ. से पीटा बल्कि उसे स्कूल कैंपस में न घुसने देने की धमकी भी दी। यह आरोप संबंधित छात्र के पैरेंट्स का है, जिनकी शिकायत पर स्कूल प्रशासन ने अब पदमालक्ष्मी को निलम्बित कर दिया है। सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, छात्रों को शारीरिक दंड दिए जाने पर सख्त प्रतिबंध है और किसी भी प्रकार के शारीरिक, शाब्दिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रावधान है, जिसमें अध्यापक के निलंबन या बर्खास्तगी भी शामिल है। बहरहाल, यह स्थानीय खबर शायद राष्ट्रीय सुर्खी न बन पाती, अगर इस समय तमिलनाडु में डीएमके की सरकारअनावश्यक भाषा विवाद न खड़ी करती।

इस विवाद की पृष्ठभूमि यह है कि समग्र शिक्षा योजना के तहत तमिलनाडु को जो 2,152 करोड़ रुपये फंड्स में दिए जाने थे, उन्हें केंद्र सरकार ने रोक लिया है, क्योंकि तमिलनाडु ने पीएमश्री योजना (प्राइम मिनिस्टर स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) पहल में शामिल होने से इंकार कर दिया है। तमिलनाडु का कहना है कि वह पीएमश्री योजना में शामिल होने का तो इच्छुक है, लेकिन उसके साथ जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने की शर्त लगायी गई है, उसका सख्ती से विरोध करता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का कहना है कि अगर उनके राज्य को 10,000 करोड़ रुपये भी दिए जायेंगे तो भी वह एनईपी लागू नहीं करेंगे। तमिलनाडु की एनईपी पर मुख्य आपत्ति स्कूलों में तीन-भाषा फार्मूला लागू किये जाने पर बल देने के संदर्भ में है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस सिलसिले में कोई भी रियायत देने से स्पष्ट मना कर दिया है और इस बात पर बल दिया है कि तमिलनाडु को आवश्यक रूप से 'संविधान के अनुरूप' चलना चाहिए। इस पर स्टालिन का सवाल है कि संविधान का कौन-सा प्रावधान इस प्रकार का आदेश देता है। स्टालिन ने घोषणा की है कि उनका राज्य इस किस्म के 'ब्लैकमेल' के आगे नहीं झुकेगा और न ही ऐतिहासिक दो-भाषा नीति का त्याग करेगा। तीन-भाषा फार्मूला का प्रस्ताव सबसे पहले 1968 की एनईपी में लाया गया था, जिसे 2020 की एनईपी में बरकरार रखा गया है। दोनों में मुख्य अंतर यह है कि 1968 में एनईपी ने पूरे देश में हिंदी को अनिवार्य कर दिया गया था। हिंदी भाषी राज्यों के

सामयिक

लिए आवश्यक था कि वह हिंदी, अंग्रेजी के साथ कोई आधुनिक भारतीय भाषा (दक्षिण भारतीय भाषा को प्राथमिकता देते हुए) पढ़ाएं, जबकि गैर-हिंदी भाषी राज्यों के लिए यह था कि वह कोई स्थानीय क्षेत्रीय भाषा के साथ हिंदी व अंग्रेजी पढ़ाएं। इसके विपरीत एनईपी 2020 में अधिक लचीलापन है, तकनीकी तौरपर किसी भी विशिष्ट भाषा को किसी भी राज्य पर थोपा नहीं गया है। इसमें कहा गया है कि 'जो तीन भाषाएं बच्चे सीखेंगे वह राज्यों, क्षेत्रों और यकीनन छात्रों की अपनी पसंद की होंगी, जब तक कि तीन में से कम से कम दो भाषाएं भारत की देशज हों।'

इसका अर्थ यह है कि राज्य की भाषा के अतिरिक्त बच्चों को एक अन्य भारतीय भाषा सीखनी होगी और जरूरी नहीं कि वह हिंदी ही हो। इस नीति में द्विभाषिक शिक्षण पर बल दिया गया है, विशेषरूप से गृह भाषा/मातृ भाषा और अंग्रेजी में। तीन-भाषा फार्मूला में सुस्पष्टता के साथ वैकल्पिक पसंद के रूप में संस्कृत पर अत्यधिक बल दिया गया है। सवाल यह है कि तमिलनाडु में इस नीति का विरोध क्यों हो रहा है? तमिलनाडु में 'हिंदी को थोपने' का विरोध बहुत लम्बे समय से हो रहा है। जब 1937 में मद्रास प्रेसीडेंसी (अब तमिलनाडु) में सी राजगोपालाचारी (राजाजी) की सरकार ने सेकेंडरी स्कूलों में हिंदुस्तानी को अनिवार्य विषय बनाने का प्रस्ताव रखा था तो जस्टिस पार्टी ने इसका जबरदस्त विरोध किया था। इस आंदोलन में शामिल दो युवक थालामुत्तू व नटराजन का निधन हो गया था और वह हिंदी-विरोधी मुहिम के आइकॉन बन गये थे। राजाजी को मजबूरन इस्तीफा देना पड़ गया था और ब्रिटिश सरकार ने संबंधित आदेश को वापस ले लिया था। इसके बाद जब 1965 में हिंदी को पूरे भारत में एकमात्र आधिकारिक भाषा को स्वीकार करने की अंतिम तिथि करीब आने लगी तो तमिलनाडु में हिंसक प्रदर्शन आरंभ हो गये, जिनमें लगभग 70 लोग पुलिस की गोलीबारी या आत्मदाह में मारे गये। यह विरोध प्रदर्शन फिर शुरू हो गये जब 1967 में संसद ने आधिकारिक भाषा (संशोधन) कानून गठित किया और जब 1968 में आधिकारिक भाषा प्रस्ताव लाया गया, जिसमें हिंदी की शिक्षा को तीन-भाषा फामूर्ला का लाजमी हिस्सा बनाने की पेशकश थी।

जनवरी 1968 में मद्रास विधानसभा में पहली द्रमुक सरकार ने सीएन अन्नादुरई के नेतृत्व में तीन-भाषा फार्मूला को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया और साथ ही तमिलनाडु के स्कूलों के पाठ्यक्रम से हिंदी को हटा दिया गया। तब से इस राज्य में दो-भाषा नीति लागू है, जिसके तहत तमिल व अंग्रेजी में शिक्षा प्रदान की जाती है। इस नीति में फेरबदल करने के किसी भी प्रयास का तमिलनाडु की सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों, जिनमें द्रमुक व अन्ना-द्रमुक भी शामिल हैं, ने निरंतरता से विरोध किया है। इनके विरोध के चलते ही 2019 में कस्तूरीरंगन कमेटी को ड्राफ्ट एनईपी से हिंदी को अनिवार्य बनाने के प्रस्ताव को हटाना पड़ा था। जब तीन-भाषा फार्मूला में हिंदी को अनिवार्य बनाया ही नहीं गया है, तो इस नीति को हिंदी थोपने के रूप में क्यों देखा जा रहा है? तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियां व एक्टिविस्ट्स तीन-भाषा फार्मूला को एक ऐसे पर्दे के रूप में देखते हैं, जिसकी आड़ में हिंदी को थोपने की कोशिश की जा रही है। उनका तर्क है कि चूंकि भाषा अध्यापकों और शिक्षण मटेरियल के लिए संसाधनों का अभाव है इसलिए आखिरकार हिंदी को पढ़ाने की ही मजबूरी हो जायेगी। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार और बीजेपी के प्रमुख नेताओं ने नियमित तौरपर हिंदी को प्रोत्साहित करने की वकालत की है।

गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी अध्यापकों की नियुक्ति का समर्थन करने के लिए 2019 के केंदीय बजट में 50 करोड़ रुपए आवंटित किये गये थे। आलोचकों का दावा है कि केंद्र के एक्शन उसकी लफ्फाजी के अनुरूप नहीं हैं कि वह क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहित करना चाहता है, जैसा कि इस बात से जाहिर है कि केंद्रीय विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषा के अध्यापकों की नियुक्ति के लिए प्रयासों का अभाव है या यह सुनिश्चित करना कि हिंदी पट्टी वाले राज्यों में दक्षिण राज्यों की भारतीय भाषाओं की शिक्षा दी जाये। धर्मेंद्र प्रधान के बयानों से स्पष्ट है कि तीन-भाषा नीति पर कोई समझौता नहीं होगा और इसलिए तमिलनाडु के फंड्स को रोक लिया गया है। प्रधान चाहते हैं कि स्टालिन 'राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठें' और एनईपी 2020 को 'तंग नजर' से न देखें। दूसरी ओर स्टालिन ने प्रधान पर 'हिंदी थोपने' का आरोप लगाते हुए कहा है कि द्रमुक सरकार तमिल व तमिलनाडु के हितों से समझौता नहीं होने देगी। दरअसल, इस विवाद का समाधान केंद्र व राज्य के बीच सकारात्मक वार्ता और व्यवहारिक समझौते से ही संभव है। विवाद से बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। समझना यह चाहिए कि बच्चा जितनी अधिक भाषाएं जानेगा उतना ही ज्यादा होशियार होगा।

---

सोशल मीडिया

आज भागलपुर में पीएम मोदीजी की उपस्थिति में आयोजित किसान सम्मान निधि ट्रांस्फर समारोह में भाग लिया। समारोह में किसान निधि की 19वी किश्त भेगी गयी। नीतीश कुमार.



प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा देश के अन्नदाता के कल्याण के लिए शुरू की गयी पीएम किसान सम्मान निधि ऐतिहासिक साबित हो रही है। चिराग पासवान.



प्रधानमंत्री जी बिहार आप से पूछना चाहता है कि आप 20 साल से बिहार में व 11 साल से केंद्र सरकार में हैं, कब तक आप अपनी खामियां छुपाकर सिर्फ दोषारोपण करते रहेंगे। तेजस्वी यादव.



---

# श्रद्धा के रूप

आस्था हमारे जीवन, लक्ष्य, भाव और व्यवहार को परिभाषित, नियंत्रित और संयमित करती है। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है।

सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

# चुनावी रात में समाज सेवा...

व्यंग्यलोक

शहर में कई तरह के समाज सेवक घूम रहे हैं। वे अपने-अपने नेता का चरण चूम रहे हैं। समाज सेवा को आतुर ये सज्जन अपने वाहनों पर फ्री सेवा करने का बोर्ड टांगे हुए घूम रहे हैं। गलियों में, सड़कों पर ! समाज सेवा के नाम पर फ्री का लंगर और फ्री यात्रा के कामों में लगकर अखंड जागरण कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में मनोरंजन के लिए नाच-गान, खेलकूद और जादू के शामियाने भी सजा रहे हैं। बड़े-बड़े ढोल नगाड़े कूट रहे हैं। नक्कारखाने में तूती के स्वर फूट रहे हैं। हर किसी के मन में सेवा का कीड़ा कुलबुला रहा है। समाज सेवा, लोक सेवा, जनसेवा, दरिद्र नारायण की सेवा, वृद्ध बुजुर्गों की सेवा, आवारा जानवरों की सेवा, सेवा करने वाले की सेवा जैसे होर्डिंग, पंपलेट, बैनर आदि चारों ओर सजे हुए हैं। हर एक सेवक हाथ जोड़े, कमर दुहराते सेवा करने के लिए जमीन में गड़े जा रहे हैं। कई-कई समाज सेवकों ने पशुओं की सेवा से लेकर भूत प्रेतों की सेवा करने के लिए बड़े-बड़े एनजीओ खोल रखे हैं। ये एनजीओ कमीशन, दलाली, काले को सफेद, सफेद को काला, दूर करो अपना दिवाला जैसे मंत्र बुद-बुदाते राजधानी से लेकर गांव-गलियों तक पसारे पड़े हैं। देश सेवा को बेताब बेचारे एनजीओ को आदिवासी इलाकों से लेकर विदेशों तक हवाई यात्रा करनी पड़ रही है। मोटा माल बटोरने के बाद अपने शानदार आफिस में कागजों के घोड़े दौड़ाने में माहिर एनजीओ सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी के रूप में प्रतिष्ठा पाता है। समाज सेवा, देश सेवा का कीड़ा इनमें कुलबुलाता हुआ, इन्हें हर बार मंत्री की सीढ़ी तक पहुंचा देता है। कर्मठ, योग्य, ईमानदार, जनसेवक, जनता के रहनुमा, दलित सेवक, पिछड़ों के दोस्त, गरीबों के मसीहा, आम आदमी के साथी निस्वार्थ जनसेवक डॉ. नागनाथ को वोट दीजिए जैसे पोस्टर दीवारों पर अटे पड़े हैं। नागनाथ की टक्कर में सांपनाथ भी अपनी टोपी लहराते हुए कुर्सी बाजार में उतर गए हैं। होली, दीपावली, नववर्ष, ईद, चौथ माता, अंतरराष्ट्रीय मूर्खता दिवस आदि की बधाइयों के पोस्टर शहर के तमाम सूचना बोर्डों पर चस्पा कर दिए हैं। शहर की दीवारें व गांव की गलियां शुभकामनाओं से लथपथ हो गई है। इस मामले में नागनाथ और सांपनाथ दोनों का बड़ा कंपटीशन है। समाज सेवा का यह खेल पोस्टर वार से यात्रा वार व रोड शो में बदल गया है। निस्वार्थ समाज सेवा का लंबा सा बिल्ला अपने गले में टांगे सांपनाथ और नागनाथ जी कुर्सी साधना करने के लिए अखाड़े बाजी कर रहे हैं। महीनों से हर त्यौहार पर बधाई, शुभकामनाएं देते पोस्टरों पर लाखों खर्च करने वाले इन भावी विधायकों, पार्षदों व पंचों ने जरूरतमंदों की सेवा पर हजारों खर्च करने का दावा किया है। चुनावी रात में इनकी सेवा चरम पर होती है। सावधान आगे खतरनाक समाज सेवक खड़े हैं।



पूरन सरमा

# क्या शेयर बाजार के रास्ते दबे पांव आ रहा है संकट




शेयर बाजार में गिरावट

बीते साल 4 जून 2024 को 18वीं लोकसभा चुनावों के वास्तविक नतीजों के आने के बाद शेयर बाजारों के धड़ाम होने की सूनामी के पीछे कोई षड्यंत्र भले न देखा गया हो, लेकिन इस एक दिन में जिस तरह शेयर बाजार में 32 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ, क्या वह सब कुछ नॉर्मल था? शायद हम इसे नॉर्मल ही मानें, लेकिन इसी बीच दुनिया के दो अर्थशास्त्रियों की ऐसी भविष्य वाणियां सामने आयी हैं, जिन्होंने आम नहीं बल्कि शेयर बाजार के विशेषज्ञ खिलाड़ियों के भी होश ठिकाने लगा दिये हैं। ये दोनों भविष्यवाणियां अमरीका से आयी हैं और हैरानी की बात ये थी कि थोड़े बहुत अंतर के साथ ये बिल्कुल एक जैसी ही हैं। पहली भविष्यवाणी अमरीकी अर्थशास्त्री हैरी डेंट की थी, जिनका कहना है कि अगले साल तक दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आ सकती है। यह हाहाकारी गिरावट साल 1925 से 1929 के बीच आयी मंदी से भी ज्यादा भयानक होगी।

दूसरी भविष्यवाणी हालांकि पहली भविष्यवाणी से थोड़ी कम डरावनी है, लेकिन डराती यह भी थी। क्योंकि यह दूसरी भविष्यवाणी भी ऐसे व्यक्ति ने की है, जिसे शेयर बाजार का विशेषज्ञ माना जाता है। जी हां, अर्थशास्त्री गैरी शिलिंग की ख्याति ऐसी ही है। इनका मानना है कि अगले साल तक शेयर बाजार 30 से 40 फीसदी तक टूट जायेगा और यह भी दुनियाभर के आर्थिक और वित्त बाजार की कमर तोड़ने वाला होगा। गैरी शिलिंग की भविष्यवाणी में भी काफी कुछ वही तथ्य हैं, जिन्हें हैरी डेंटने अपनी भविष्य वाणी का आधार बनाया है। यह भी मानते हैं कि पिछले कुछ सालों से लगातार मंदी अंदर ही अंदर गहराती जा रही है, लेकिन शेयर बाजार ऐसा कुछ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, मानो मंदी नहीं बल्कि किसी जबरदस्त उछाल के लिए माहौल बन रहा हो। लेकिन अब यह षड्यंत्र देर तक नहीं चलेगा। हैरी डेंट का मानना था कि आमतौर पर इस तरह की मंदी के बुलबुले 5-6 सालों के अंदर रह रहकर फूटते हैं। लेकिन पिछले 14 सालों से जिस तरह से शेयर बाजार इस वास्तविक गिरावट को दबाते चले आ रहे हैं, उसके चलते अब यह एक साल के अंदर ही किसी ज्वालामुखी के विस्फोट की तरह भी फूट सकते हैं। यह विस्फोट इतना भयानक होगा कि इस स्वनामधन्य अर्थशास्त्री के मुताबिक अगले 14-15 सालों में भी शेयर बाजार उबर नहीं पाएंगे। हालांकि दोनों ही अर्थशास्त्रियों ने मुख्य रूप से यह भविष्यवाणी अमरीकी शेयर बाजारों को ध्यान में रखकर किया है। लेकिन हम सब ये जानते हैं कि दुनियाभर के शेयर बाजार आज की तारीख में अमेरिका के शेयर बाजारों से इस तरह से जुड़े हुए हैं, मानों उनके बीच आपस में गर्भनाल का संबंध हो। बहरहाल हैरी डेंट के मुताबिक अमेरिका का एसएंडपी 46 फीसदी, तो नैस्डेक में और भी बड़ी गिरावट आ सकती है, यहां तक कि एनवीडिया जैसे शेयर के बारे में तो हैरी डेंट की और कठोर भविष्यवाणी है।

अगर वाकई यह भविष्यवाणी सही हो गई तो अकेले अमरीका के ही नहीं बल्कि दुनियाभर के करोड़ों निवेशकों को खरबों खरबों डॉलर का नुकसान होगा और शेयर बाजार अगले कई वर्षों तक उबर नहीं पाएंगे। अगर यह इतनी खतरनाक भविष्यवाणी किसी दूसरे अर्थशास्त्री की होती तो लोग इसकी धज्जियां उड़ा देते। लेकिन यह भविष्यवाणी उस अर्थशास्त्री की हैं, जिसने 1989 में जापान के एसेट प्राइस बुलबुले के फूटने की सटीक भविष्यवाणी की थी और यही वह अर्थशास्त्री है, जिसने 90 के दशक के मध्य में ही कह दिया था कि 2000 में डॉट कॉम का बुलबुला ध्वस्त हो जायेगा और ठीक ऐसे ही हुआ। 1996-97 तक यह आलम था कि कोई भी डॉट कॉम कंपनी रातोंरात कामयाबी की बुलंदियां छू रही थी, लोग डॉट कॉम के बारे में कुछ कच्चा पक्का जानते थे, मगर डॉट कॉम कंपनियों के शुरू होते ही वह सोने के अंडे देने लगती थीं। साल 2000 में यह उठान ऐसी धड़ाम हुई कि एक झटके में डॉट कॉम कंपनियों को पानी देने वाली संस्थाएं तक नहीं बचीं। हैरानी की बात ये है कि यह अकेली डरावनी भविष्यवाणी तब और खतरनाक हो जाती है, जब शेयर बाजार के गॉड कहलाने वाले गैरी शिलिंग भी इसी की तरफ जाते हुए दिखते हैं। शिलिंग का भी मानना है कि 2008 में अमरीकी अर्थव्यवस्था में जो मंदी आयी थी और फिर कोरोना महामारी के चलते जो अमरीकी शेयर बाजार टूटे, वो खतरे की पूरी तस्वीर नहीं थी, उसके एक हिस्से थे। पूरी तस्वीर तो अब आयेगी, जो बेहद भयानक होगी।

-विजय कपूर.

## आपकी बात

### आतंकियों को पालता है पाक

पाकिस्तान आज आतंकवाद को पालने का दंश भुगत रहा है। आये दिन पाकिस्तान में सेना पर हमले हो रहे हैं और स्थिति गृहयुद्ध जैसी है। फिर भी वह आतंकियों को पालने पोसने से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख्तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा। दरअसल पाकिस्तान की सेना और सियासतदान इतने धूर्त हैं जिसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में जिस विदेश नीति का जिक्र किया है उसमें यह बताया है कि जब राजा की गद्दी पर खतरा आ जाये, तो उसे पड़ोसी देश का भय दिखाकर अपने पीछे एकजुट करना चाहिए। पाकिस्तान के हुक्मरानों ने इसे खूब आजमाया। शहबाज शरीफ ने भी आते की कश्मीर राग छेड़ दिया है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### यूपी में औद्योगिक विकास

उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक जातिवादी और अस्थिर राजनीति के कारण विकास पिछड़ता रहा। उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कमी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे छूट गया। इस कमी को अब दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार औद्योगिक विकास के प्रति गंभीर है और अब तक उसने 15 लाख करोड़ का निवेश कराने में सफलता पायी है। लेकिन प्रदेश अभी विकास के लिए लंबी यात्रा तय करनी है।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के सोहावल चैराहा स्थित दलित बस्ती के एक घर में 38 वर्षीय युवक का शव कमरे के अंदर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोहावल चैराहा स्थित दलित बस्ती निवासी मुकेश उर्फ छोटू पुत्र हरिराम रैदास उम्र लगभग 38 वर्ष रविवार को महाराजगंज थाना क्षेत्र के भवानीपुर रसूलाबाद अपनी ससुराल में हो रहे शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात में ही वहां से वापस अपने घर आ गया। सोमवार की सुबह लोगों ने उसे सोहावल चैराहे पर घूमते हुए देखा। दिन में लगभग 10 बजे सूचना मिली की मुकेश का शव उसके कमरे में पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर सुचित्तागंज चैकी प्रभारी चंद्रहास मिश्रा ने बताया कि मृतक युवक की पत्नी संगीता की सूचना पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

# अयोध्या सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण स्थलः प्रो. अमर सिंह

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ में ह्यअयोध्या महात्म्य (तेरहवीं शताब्दी ई0 से इक्कीसवीं शताब्दी ई0 तक) शीर्षक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की शुरूआत मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 अमर सिंह, विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के पूर्व निदेशक प्रो0 एस0 एन0 उपाध्याय, प्रो अनूप कुमार, विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह, ऋषभदेव जैन शोध पीठ के सह आचार्य डॉ0 देव नारायण वर्मा, प्रो0 कविता सिंह, डॉ0 संजय चैधरी, डॉ0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 अनूप पांडेय, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 अवध नारायण, डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, डॉ0 सतीश कुमार सिंह आदि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो0 अमर सिंह ने सर्वप्रथम अयोध्या का ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए अयोध्या महात्म्य में जैन धर्म के विभिन्न पहलुओं को किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है न केवल सनातन धर्म के लिए बल्कि जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह अत्यन्त पवित्र स्थल है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में ही जैन धर्म के पाँच तीर्थंकरों का जन्म हुआ था। तीर्थंकर ऋषभदेव, अजीतनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, अनन्तनाथ तथा धर्मनाथ ने अयोध्या में जन्म लेकर इस नगरी को जैन धर्मावलम्बियों के लिए पूज्यनीय बनाया। उन्होंने बताया कि तीर्थंकर भगवान श्री ऋषभदेव ने अयोध्या की धरती से ही सम्पूर्ण विश्व को विकसित करने का मूलमन्त्र दिया।

- अयोध्या में जन्मे भगवान श्रीराम ने सम्पूर्ण विश्व को पाठ पढ़ाया: प्रो. अजय प्रताप सिंह
- अवध विवि के श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ संगोष्ठी का आयोजन

संगोष्ठी में इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि भगवान राम के नाम के बिना अयोध्या के महत्व की चर्चा प्रारम्भ ही नहीं हो सकती। अयोध्या में जन्मे भगवान श्रीराम ने सम्पूर्ण विश्व को मयार्दा और आचरण का पाठ पढ़ाया जिसे आज हम सभी को आत्मसात करना है। उन्होंने भगवान श्रीराम के द्वारा जीवन के सभी पहलुओं पर स्थापित किए गए सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया। प्रौढ़ शिक्षा विभाग के प्रो0 अनूप कुमार ने अयोध्या के महात्म्य के अंतर्गत अयोध्या की त्याग, तपस्या, वैराग्य तथा पुरातन संस्कृति के बारे में बताया। उन्होंने रामायण से जुड़े सभी पात्रों के त्याग और समर्पण की चर्चा की। संगोष्ठी में श्री रामकथा संग्रहालय के पूर्व निदेशक प्रो0 एस0 एन0 उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या और भगवान श्रीराम एक दूसरे के पर्याय हैं। बिना श्रीराम के अयोध्या की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। उन्होंने श्री राम के आदर्शों को पर चलने के लिए सभी का आह्वाहन किया। साकेत महाविद्यालय की प्रो0 कविता सिंह ने अयोध्या में जैन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अयोध्या नगरी सभी धर्मों के लिए पवित्र है। यहाँ सनातन धर्म के अलावाँ जैन एवं बौद्ध धर्म का भी विकास हुआ है। जैन धर्म के 6 तीर्थंकरों ने अयोध्या नगरी में जन्म लेकर अयोध्या को अनादितीर्थ के रूप में प्रतिपादित किया। प्रो0 सिंह ने अयोध्या में स्थित जैन धर्म के विभिन्न मंदिरों एवं टोंक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी जिनालयों की वास्तुकला तथा उसमे स्थापित तीर्थंकरों की प्रतिमाओं को मूर्तिकला के अनुसार व्याख्या कर उनके महत्व को बताया। इसी क्रम में रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालयए अम्बेडकरनगर के सहायक आचार्य डॉ0 रविन्द्र कुमार वर्मा एवं डॉ0 अनूप पांडेय द्वारा भी अयोध्या महात्म्य से जुड़े अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये गए। संगोष्ठी में ऋषभदेव जैन शोध पीठ के सह आचार्य डॉ0 देव नारायण वर्मा द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में ऋषभदेव जैन शोध पीठ की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संगोष्ठी का संचालन महिला अध्ययन केन्द्र की डॉ0 स्नेहा पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अवध नारायण, डॉ0 डॉ0 नवीन तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रही।




## पूर्व सांसद डॉ. पुनिया ने कांवरियो में किये फल-जल वितरण



**बाराबंकी।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश व देश के कोने कोने से जनपद स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में कांवर लेकर जा रहे श्रद्धालुओ हेतु लगाये फल-जल वितरण शिविर का शुभारम्भ पूर्व सासंद डॉ0 पी0एल0 पुनिया ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर किया। इसके उपरान्त पूर्व सांसद ने कावंरियो मे फल व पानी वितरण किया। फल वितरण कार्यक्रम मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, अजीत वर्मा, अजय रावत, पिन्टू यादव, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, मोनू सिंह, आनन्द प्रताप रावत, गोपी कनौजिया, मोईनुद्दीन अंसारी, श्रीकान्त मिश्रा, धनन्जय सिंह, विजयपाल गौतम, कमल भल्ला आदि मौजूद रहे।

## 27 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 27 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अपहृता बरामद, 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना दरियाबाद पुलिस ने मु0अ0सं0 63/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अभियुक्त सियाराम उर्फ कारिया पुत्र जगनन्दा निवासी लोढेमऊ भुड़वा थाना टिकैतनगर को गिरफ्तार किया।

# श्रद्धालुओं से भरा ट्रैवलर पलटा, 12 घायल



**अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर सोमवार भोर में करीब 5:30 बजे अरुवावां गांव के सामने तेज रफ्तार एसयूवी की टक्कर से यात्रियों से भरा ट्रैवलर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में सात महिला समेत 12 लोग घायल हो गए।सभी कर्नाटक के निवासी हैं जो प्रयागराज में महाकुंभ स्नान कर अयोध्या दर्शन को जा रहे थे।

थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 5:45 बजे प्रयागराज से अयोध्या दर्शन करने आ रही भक्तों से भरी ट्रैवलर एक एसयूवी से टकरा गई। हादसा ट्रैवलर के चालक नरसिंम ला को नींद आने से हुआ। हादसे में एसयूवी पर सवार संगीता दुबे पत्नी वीरेन्द्र दुबे निवासी भावापुर थाना कोतवाली बीकापुर अयोध्या समेत ट्रैवलर में सवार राहुल, शारदा, नागम्मा, महादेवी, एरम्मा, सिदम्मा, सत्यमा, नीलमा, बाबू, राणी व चालक नरसिंम ला निवासी कर्नाटक घायल हो गए। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय अयोध्या मे भर्ती कराया गया। बताया कि तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मंडल स्तरीय फल साग भाजी व पुष्प प्रदर्शनी का समापन

**अयोध्या।** कंपनी गार्डन गुप्तार घाट पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय फल, साग भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में दूसरे दिन अपराह्न 2:00 बजे मुख्य अतिथि सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने प्रदर्शनी में मंडल के समस्त जनपदों से विभिन्न श्रेणियां के प्रदेशों यथा फल फूल एवं साग भाजी वह फल संरक्षण के विभिन्न उत्पाद व कलात्मक फूलों की रंगोली साज साज का अवलोकन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मंडलीय स्तरीय आयोजित प्रदर्शनी की भूरि प्रशंसा की साथ ही साथ गोष्ठी में उपस्थित जनमानस से फूलों की खेती प्रसंकरण इकाइयों को लगाने की तथा जनपद के विकासखंड पूरा बाजार में स्थापित की जाने वाली मशरूम इकाई पर यथाशीघ्र तैयार कर उसको स्वयं सहायता समूह से संचालित करने के निर्देश अधीक्षक राजकीय उद्यान उद्योग को दिए । इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषक भाइयों से अधिक से अधिक पुष्प उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया गया जिससे जनपद अयोध्या को आने वाले पर्यटकों से अच्छा संदेश जा सके। प्रदर्शनी में कृषकों द्वारा विभिन्न फसलों में 250 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी जिसमें से उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद एवं मंडल से आए किसको को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित क्रॉप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उपनिदेशक उद्यान अयोध्या मंडल गीता त्रिवेदी द्वारा कृषकों को उद्यानिक की खेती नवीनतम तकनीकियों का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। दो दिवसीय प्रदर्शनी में आए गार्डन ग्लोरी के सीईओ कौशलेंद्र अग्रवाल द्वारा पौधों के सुसज्जित स्टॉल और विभिन्न प्रकार के खूबसूरत पौधों ने आए हुए अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया।

श्री अग्रवाल ने बताया कि हमारी कंपनी गार्डन ग्लोरी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में कई स्थानों पर बेहतर से बेहतर पौधे लगाकर अयोध्या नगरी की शोभा बढ़ा रहे हैं आने वाले समय में पूरी अयोध्या में विभिन्न प्रकार की पौधे लगाकर पूरी अयोध्या को सुसज्जित करना उनका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में अरुण कुमार तिवारी अधीक्षक राजकीय उद्यान अयोध्या द्वारा मंडल से आने वाले कृषक गौतम, भारत कुमार, अरविंद कुमार सिंह, विशाल श्रीवास्तव, यशवंत पटेल तथा अन्य समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्र महाराज सिंह इण्टर कालेज का किया निरीक्षण



**बहराइच ।** जिले में प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल की हिन्दी विषय की बोर्ड परीक्षा का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ नगर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज, बहराइच का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

परीक्षा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने कक्ष-कक्षों का निरीक्षण करते हुए केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि जिसे विद्यालय का यहां पर सेन्टर आया है वहां के स्टाफ को ड्यूटी को परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था की जिम्मेदारी न सौपी जाय। डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष के अतिरिक्त सीसीटीवी कन्ट्रोल, प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का भी अवलोकन करते हुए केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ बोर्ड परीक्षा कराया जाय। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करेंगे 120 जोड़े

**बहराइच ।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 26 फरवरी 2025 को कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर मिहींपुरवा में ह्यह्यमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाअन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा व उपायुक्त मनरेगा को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 27 मार्च को

**बहराइच ।** समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (जनजाति विकास) बिछिया मिहींपुरवा, बहराइच में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षावार रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कक्षा 10 में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट द्वारा प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि बालिकाओं के लिए संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया अन्तर्गत कक्षा 06 में अनुसूचित जाति/जनजाति के 42, पिछड़ा वर्ग के 18 व समान्य वर्ग के 10 कुल 70, कक्षा 07 में सामान्य वर्ग के लिए 01, कक्षा 09 में अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग के 01-01 तथा कक्षा 11 में पिछड़ा वर्ग के लिए 01 कुल 74 स्थान रिक्त हैं। जबकि जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिछिया मिहींपुरवा अन्तर्गत केवल अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कक्षा 06 में 35, कक्षा 07 में 02 तथा कक्षा 08 में .01 कुल 38 स्थान प्रवेश हेतु रिक्त हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश के लिए 01 से 15 मार्च 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में आवेदन-पत्र निःशुल्क प्राप्त किये एवं जमा किये जा सकते हैं। परीक्षणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची 20 मार्च 2025 को सम्बन्धित विद्यालयों के सूचना पट पर चस्पा की जायेगी। जबकि 26 मार्च को प्रवेश-पत्र का वितरण किया जायेगा तथा 27 मार्च 2025 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र व परीक्षा का समय प्रवेश पत्र पर अंकित रहेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि रिक्त सीटों की संख्या घट-बढ़ सकती है।

# कृषकों के खातों में पहुंची सम्मान निधि

जिला संवाददाता(vol)




**बहराइच ।** भागलपुर बिहार में आयोजित कार्यक्रम में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जिले के 6 लाख 18 हजार से अधिक किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के रूप में रू. 124 करोड़ अन्तरित किये गये। भागलपुर में आयोजित मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम काकृषि विज्ञान केंद्र बहराइच एवं नानपारा, जिले के समस्त विकास खंडों, राजकीय कृषि बीज भंडारों, जन सेवा केन्द्रों एवं पंचायत भवनों पर लाइव प्रसारण दिखाया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान तथा कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक सदस्यों द्वारा प्रतिभागिता की गई। कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्र पंचायत प्रमुखों, सदस्य जिला पंचायत व भाजपा मण्डल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों एवं विकास खण्डों में प्रतिभाग कर किसानों को भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र/प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया तथा संकर मक्का बीज के मिनी किट का वितरण किया गया।

कृषि विज्ञानं केंद्र बहराइच पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किसानों को केंद्र की सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकाधिक योजनाओं का लाभ उठाकर कृषक अपनी में वृद्धि करें। जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव ने किसानों को जायद फसलों के बीज की उपलब्धता, कृषि विज्ञानं केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संदीप कनौजिया, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ नंदन सिंह, डॉ अनिल कुमार राजभर ने कृषि तकनीकि तथा मशरुम उत्पादन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, सोलर पंप योजना, प्रधानमंत्री फसल बिमा योजना, सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

# श्री अयोध्या के भंडारे में उज्जैन महाकाल ज्योतिर्लिंग के प्रधान पुजारी ने बांटा भोजन

**अयोध्या।** उज्जैन महाकाल ज्योतिर्लिंग के प्रधान पुजारी पंडित दिनेश तथा गुजरात शक्तिपीठ अंबा जी के पुजारी हर्षनाथ सात सदस्यीय दल के साथ रामनगरी पहुंचे। यहां उन्होंने राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन के उपरांत वह देर रात श्री अयोध्या न्यास द्वारा संचालित भंडारे में भाजपा कार्यालय सिविल लाइन पहुंचे। यहां उन्होंने भण्डारे के संचालन कर रहे कार्यकताओं से जानकारी ली। भण्डारे में भोजन बांटा। कार्यकताओं श्रद्धालुओं के विश्रामालय के तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा संचालित भंडारे का तीसरा चरण विगत तेरह दिनों से लगातार चल रहा है। इससे पूर्व मौनी अमावस्या पर तीन दिवस तथा बसंत पंचमी पर दो दिन अनवरत भंडारे का संचालन संस्था द्वारा किया गया है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया है। रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट के निकट होने के कारण यहां मेला स्पेशल गाड़ियों के आने पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हो उमड़ती है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया अतिथि देवो भव के भाव साथ रामभक्तों की सेवा की जा रही है। इस दौरान ओम प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र कोरी, योगेश मिश्र, वीरेंद्र बहादुर सिंह, दीपक पाठक, पंकज कनौजिया, राम धीरज पांडे, गोकरण द्विवेदी, राजेश सिंह, जिला जीत सिंह, विपुल सिंह, सूरज सोनकर, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, नन्हे गुप्ता, जय नारायण सिंह रिंकू, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



# सुश्री को श्रीमती लिखे जाने को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने दी नोटिस

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** त्रिवेदीगंज तृतीय से जिला पंचायत सदस्य व जिला योजना समिति सदस्य सुश्री नेहा आनंद ने उनके नाम के आगे शिलापट्टो मे श्रीमती लिखे जाने को लेकर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत समेत अपर मुख्य अधिकारी आशूतोष कुमार व अभियन्ता जिला पंचायत रविन्द्र सिह को द्वारा अधिवक्ता हिसाल बारी किदवाई की ओर से नोटिस दी है। नोटिस मे कहा गया है कि वह जिला पंचायत की निर्वाचित सदस्य है। चुनाव नामांकन पत्र एंव निर्वाचन प्रमाण पत्र पर भी वैवाहिक स्थिति अविवाहित लिखी हुई है। और वह मौजूदा अध्यक्ष के खिलाफ चुनाव जीती थी।

- डीडीसी सुश्री नेहा आनन्द ने पंचायत अध्यक्षा समेत अधिकारियो को दी 15 दिनो की मोहलत

वर्ष 2022 जिला पंचायत की वार्षिक डायरी मे चुनावी दस्तावेजो के अनुसार उनका नाम सुश्री नेहा आनन्द छपा है। लेकिन 2023 से लगातार उनका नाम श्रीमती नेहा आनंन्द के रुप मे प्रिन्ट कराया जा रहा है। सार्वजनिक रुप से श्रीमती लिखे जाने को लेकर उनकी छवि व प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। जिसके बाद उन्होने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 15 दिनो के अन्दर क्षमा मांगने व वैवाहिक स्थिति को सही कराये जाने की बात कही है।




# डीएम और एसपी ने किया क्षेत्र भ्रमण



**बहराइच ।** आसन्न महाशिवरात्रि एवं होली इत्यादि पर्वों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विकास खण्ड महसी अन्तर्गत महराजगंज कस्बा व फखरपुर के जैतापुर तथा शिवपुर अन्तर्गत बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण किया। डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजगंज के रामजानकी मन्दिर, जैतापुर स्थित शिव मन्दिर व देवी प्रसाद शिवालय तथा बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण कर महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले मेलों, भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों व निकलने वाली शिव बारात आदि के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महाराजगंज कस्बे के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने रामजानकी मन्दिर पहुंचकर वहां से निकलने वाली शिव बारात आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए परम्परागत ढंग से त्योहार मनाये जाने की अपील की। डीएम व एसपी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन समिति के समन्वय स्थापित करते हुए वॉलिंटियर्स के आधार एवं मोबाइल नम्बर की सूची तैयार कर लें तथा आवश्यकता के अनुसार उनके लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने अथवा पहचान पत्र पर विचार करें साथ ही शिवबारात में अप्रिय स्थिति से बचाव हेतु वॉलिंटियर्स की संख्या बढ़ा लें।

डीएम व एसपी द्वारा पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्योहार पंजिका का भली प्रकार से अध्ययन कर तद्नुसार आवश्यक प्रबन्ध के साथ-साथ अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की जाय। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर सर्तकता बनाये रखें तथा कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में ड्रोन कैमरों की मदद भी ली जाय।

डीएम व एसपी ने अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जैतापुर क्षेत्र का भ्रमण कर शिव मन्दिर व देवी प्रसाद प्रधान के शिवालय का भ्रमण कर शिव बारात के रास्तों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शिव बारात मार्गों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी दिये। मौके पर मौजूद शिव बारात समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शिव मन्दिर व शिवालय से शिव बारात निकलकर जैतापुर ग्राम का भ्रमण कर देवपुरी डीहा पर सम्पन्न होती है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में गन्दगी पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मी मोहम्मद अहमद को निलम्बित करने तथा एडीओ पंचायत मगन बिहारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि महाशिवरात्रि के मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत बेरीकेटिंग करा दी जाय तथा सभी प्रमुख शिवालयों एवं मन्दिरों के आस-पास तथा शिवबारात के रास्तों पर पर्याप्त साफ-सफाई भी करायी जाय।

इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी नानपारा अंजनी यादव व बीडीओ शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव ने धाम में चल रहे मेले व आगामी महाशिवरात्रि की तैयारियों के बारे में जानकारी प्रदान की।

## कुल्हाड़ी से प्रहार कर वृद्ध की हत्या, आरोपी फरार

**अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र स्थित मणि पर्वत के पास स्थित मनुहरि कुंड पर कबाड़ बीनने वाले एक युवक ने वृद्ध की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। मृतक कानपुर का निवासी था, बगल में स्थित वृद्धाश्रम में रहता था। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई है।जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के सिविल लाइन थाना बाबा घाट निवासी 66 वर्षीय लालता प्रसाद 8 फरवरी से मणि पर्वत स्थित वृद्धाश्रम में रह रहा था। सोमवार की सुबह करीब 7:10 बजे वह रोज की तरह बगल में स्थित मनुहरि कुंड पर धूप सेंकने के लिए गया था। इसी स्थान पर लगभग 28 साल का युवक जो कबाड़ बीनता था, रहता है। दोनों में किसी बात पर विवाद हुआ, जिस पर युवक ने वृद्ध के सिर पर कुल्हाड़ी से वारकर उसकी हत्या कर दी। चैकी प्रभारी बृजमोहन पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

संक्षेप

## महिलाओं ने की ठगी, कीमती जेवरात लेकर फरार

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। चांदा थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने टप्पेबाजी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। महिलाओं ने दो गांव में कई परिवारों को अपना शिकार बनाया पहले पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देकर विश्वास जीता। फिर कीमती जेवरात के बदले घरेलू सामान देने का झांसा देकर जेवर लेकर फरार हो गई। रजवाड़े रामपुर गांव में पहले दिन दो महिलाएं ज्योति के घर पहुंची उन्होंने पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देकर विश्वास जीता। अगले दिन पांव का मीना और चांदी के जेवर लेकर उनके बदले नए जेवर और कुछ पैसे दिए तीसरे दिन टीवी, फ्रिज, कूलर और वाशिंग मशीन देने का वादा कर ज्योति पुत्री रमेश यादव से कीमती जेवर ले लिए शाम 04:00 बजे तक सामान पहुंचाने का वादा कर फरार हो गई। इसी तरह बड़ेगांव में भी तीन महिलाओं को निशाना बनाया गया। सुनीता, गायत्री और कुंती से भी कीमती सामान देने का झांसा देकर जेवर ले लिया गांव में टप्पेबाजी की इस घटना के बाद से चर्चा का माहौल गर्म है। इस सम्बन्ध कोतवाल रवींद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात मुकदमा पंजीकृत मामले की जांच की जा रही है।

## डिवाइडर से टकराई कार, महिला की मौत, चार घायल

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। अचानक एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां एक महिला की मौत हो गयी। चार घायल है। वाराणसी की तरफ से आ रही एक श्रद्धालु से भरी ब्रेजा कार प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के ढकवा ओवर ब्रिज के डिवाइडर से अनियंत्रित होकर जा टकराई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और उसमे सवार सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने एक महिला की मौत की बताई। मृतक महिला की पहचान सरोज पत्नी अरविन्द निवासी ठोठवाड रेवाड़ी हरियाणा के रूप में हुई है, जबकि अरविन्द पुत्र सूरजभान व उनके पुत्र कार चालक मनीष पुत्र अरविन्द व अरविन्द की पुत्री प्रतिज्ञा पत्नी विनोद के अलावा पडोसी महिला चन्द्रकला पत्नी विजय यादव भी गम्भीर रूप से घायल हो गये सभी घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा से चिकित्सको ने हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हरियाणा से महाकुम्भ आये थे जहा से काशी विश्वनाथ वाराणसी दर्शन के उपरांत आयोध्या श्री रामलला के दर्शन को जा रहे थे।

## प्रयागराज में चार दिन से गायब बालक का मिला शव

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। कस्बा चांदा के प्रतापपुर कमैचा गांव निवासी 14 वर्षीय बालक अरमान पुत्र निसार अहमद का शव प्रयागराज जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र में मिला। परिवार वालो के मुताबिक अरमान पुत्र निसार अहमद को अरमान के बहनोई समीर पुत्र सगीर वर्तमान निवासी चांदा कस्बा का छोटा भाई शाहिद पुत्र सगीर, निवासी कपसा, फूलपुर, जनपद प्रयागराज बीते 18 फरवरी को अपनी स्पेलण्डर बाइक से प्रयागराज के धुरखा गांव अपने खाला के घर लेकर घुमाने गया था। इस सम्बन्ध में कोतवाल चांदा रवींद्र सिंह ने बताया कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही आ जाती, तब तक स्थिति स्पष्ट नही हो पाएगी।

# सामूहिक विवाह की तैयारियां पूरी

## हसरतें रह गईं अधूरी

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मंगलवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित होने वाला शादी समारोह अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। शादी नगर क्षेत्र के अमहट के पास स्थित अकारीपुर के ए.जे. टेंट हाउस और दिनेश कैटर्स को शादी की सारी जिम्मेदारियां दी गई थी। रविवार रात में ही टेंट हाउस और कैटर्स की 12 सदस्यीय टीम सारे सामानों के साथ अकारीपुर निवासी बच्चू गुप्ता ने बताया कि हम लोग सब्जी कटिंग का काम कर रहे थे। आदि सब्जी कट चुकी थी तभी कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद सारा सामान पैक कर रहे हैं। कालाजाम भी बन चुका था। उन्होंने बताया कि 1200 लोगों के भोजन बनाने की जिम्मेदारी मिली थी। टेंट लगाने वाले ने



समारोह स्थगित होने से 36 जोड़ों की हसरतें अधूरी रह गई। मामले को लेकर जिम्मेदार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। मालूम हो की शासन से ब्लॉक स्तर पर होने वाले शादी समारोह का आयोजन मंगलवार को होना था। इसके लिए मोतिगरपुर ब्लॉक के समाज कल्याण अधिकारी ओम प्रकाश सिंह दिन-रात करके सारी तैयारियां पूरी कर ली थी। कोतवाली ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर अपनी तैयारी में जुड़ गई। सोमवार को परिसर में मंच बनाकर टेंट खड़ा कर दिया गया था, दूसरी तरफ कैटर्स की टीम ने कालाजाम बनाकर सब्जी काटने का काम शुरू कर दिया था कि इसी बीच समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शादी समारोह स्थगित होने की जानकारी देते हुए उन्हें वापस जाने का निर्देश दिया गया। कैटर्स का काम कर रहे बताया कि शादी का प्रोग्राम था, जो रद्द हो गया। इसीलिए हम सब लोग टेंट खोल रहे हैं। शादी समारोह में दान के लिए, पूजा का सामान, लड़कियों का सामान, सभी के खाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी मिली थी।

### क्या कहते है जिम्मेदार...

मोतिगरपुर। ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें किसी भी जिम्मेदार द्वारा कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई थी। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से जब संपर्क किया गया तो पता चला कि वह सदन की कार्यवाही में शामिल है। उनके प्रतिनिधि गुड्डू उपाध्याय ने बताया कि विधायक द्वारा किसी कार्यक्रम को रोका नहीं गया है और न ही उन्हें इस तरह के किसी कार्यक्रम की जानकारी है। समाज कल्याण अधिकारी मोतिगरपुर ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उनके स्तर से ही गलती हुई है। विधायक और प्रमुख को समय से जानकारी नहीं दी जा सकी थी। विधायक के सदन में शामिल होने के कारण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। जल्द ही दूसरी तिथि निर्धारित कर समारोह संपन्न कराया जाएगा। बीडीओ महेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अपरिहार्य कारणों के चलते कार्यक्रम स्थापित हुआ है। जल्द ही दोबारा कार्यक्रम आयोजित होगा।

### 36 जोड़ों की होनी थी शादी....

मोतिगरपुर। ब्लॉक परिसर में आयोजित होने वाले शादी समारोह में कुल 36 जोड़े एक दूसरे के बंधन में बंधने वाले थे। सभी के परिजनों को दूरभाष पर कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना दी गई।

## 127 केंद्रों पर शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के 127 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाइस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गई है। इस बार कुल 79,666 परीक्षार्थी परीक्षा में पंजीकृत हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए जिले में 06 सचल दस्ते नियुक्त किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी कर रहे हैं।

जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, ताकि परीक्षा का संचालन निर्बाध और पारदर्शी तरीके से हो सके। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने 05 जोन और 22 सेक्टर में 127 परीक्षा केंद्रों को बांटा है। राजकीय इंटर कॉलेज स्थित कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जा रही है, ताकि नकल और अनुशासनहीनता पर कड़ी नजर रखी जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर और उनकी टीम द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि परीक्षा का माहौल शांतिपूर्ण और नकलविहीन रहे। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक स्वस्थ और नकलविहीन माहौल प्रदान करना है, ताकि वे अपनी परीक्षा को ईमानदारी से और शांति से पास कर सकें।

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी का शव कुएं में मिला, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी । जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के फतेहगंज मजरे फूला गांव में रविवार रात एक 18 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । जानकारी के अनुसार, फतेहगंज गांव निवासी छोटेलाल की पुत्री मंशा देवी (18) रविवार शाम शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी. परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और गांव के बाहर खेतों के पास स्थित कुएं के पास उसकी चप्पलें पड़ी मिलीं. संदेह होने पर जब ग्रामीणों ने कुएं में जाल डाला, तो मंशा का शव बरामद हुआ । घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मामले पर मोहनगंज थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है घटना को लेकर गांव में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

## सीडीओ ने किया विकास खंड कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण



अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज विकास खंड कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी विजयंत कुमार अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चल रहे सर्वेक्षण कार्य हेतु आवंटित ग्राम पंचायतों में गए हुए थे। इस पर सीडीओ ने बीडीओ बहादुरपुर को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण करने वाले प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का टूर रजिस्टर अथवा भ्रमण पंजिका में अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए। इसके अतिरिक्त, यह भी देखा गया कि कई कर्मचारियों ने अपनी मेज पर नाम पट्टिका तो लगाई थी, किंतु वे आईडी कार्ड धारण नहीं किए हुए थे। इस पर निर्देशित किया गया कि कार्यालय परिसर के भीतर सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपना आईडी कार्ड धारण करें। इसके उपरांत, मनरेगा सॉफ्ट पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायत सराय महेशा में मनरेगा के तहत चल रहे ₹तालाब खुदाई खुसरही भाग 5₹ कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला मेट उपस्थित थीं, तथा मनरेगा श्रमिक कार्य कर रहे थे। इस दौरान सीडीओ ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद भी किया। साथ ही, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), बहादुरपुर को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में कैंप का आयोजन कर ऐसे पात्र लाभार्थियों का चयन करें, जो शासन की पेंशन योजनाओं के लिए योग्य हैं, एवं उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। सीडीओ ने मुख्य चिकित्साधिकारी, अमेठी को भी निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में शिशुओं एवं बच्चों के टीकाकरण हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जाए। इसके तहत पात्र बच्चों की पहचान कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। अंत में, मुख्य विकास अधिकारी अमेठी ने खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, सभी ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार मनरेगा योजना के तहत अनिवार्य रूप से कम से कम एक कार्य संचालित रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## जल निगम की लापरवाही से नगर क्षेत्र में समुचित जल सप्लाई में बाधा



बछरावां रायबरेली। बछरावां नगर क्षेत्र में गत छः माह से हर घर नल हर घर जल जल योजना के तहत जल निगम द्वारा नगर के प्रत्येक वार्डों के प्रत्येक घर को जल सुनिश्चित करने के लिए पाइपलाइन डाली जा रही है। वहीं इसके साथ ही साथ तेज गति से सप्लाई के लिए पानी टंकी नंबर दो लगभग 30 40 वर्ष पूर्व बनी हुई है के उपरिहेड टैंक का मरम्मत कार्य भी वर्तमान में चालू है। जिसके कारण नगर वासियों को तीव्र गति से जल सप्लाई नहीं मिल पा रही है लोगों के अन्य कार्य भी बाधित हो रहे। जल सप्लाई में बाधा आने के कारण आम नागरिक को कठिनाइयों का सामना उठाना पड़ रहा है। वही इस संबंध में जब संवाददाता ने नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी से बात की तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में हमारे द्वारा जल निगम को कई बार सूचित किया गया है कि शीघ्र कार्य को पूर्ण करें जिससे सुनिश्चित ढंग से जलापूर्ति की जा सके। वही इस संबंध में संवाददाता ने जब बछरावां नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम आशीष से बात की तो उन्होंने बताया कि जल निगम के द्वारा किए जा रहे मरम्मत के कार्य में विलंब होने के कारण नगर वासियों को जलापूर्ति में कठिनाई हो रही है उपरिहेड टैंक की मरम्मत हो जाने के बाद जलापूर्ति सुचारू रूप से की जा सकेगी। जल निगम की लापरवाही से पाइपलाइन डालने के कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना उठाना पड़ रहा है। नगर वासियों ने जनपद के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है कि जलापूर्ति की समस्या का निराकरण कराया जाए।

## सभी केंद्र व्यवस्थापक संपन्न करायें नकल विहीन परीक्षा : डीएम

- कंट्रोल रूम में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की हो रही लाइव मॉनिटरिंग, सभी परीक्षा केंद्रों में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे
- डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर, की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 7 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 109 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए।

## बाइक की टक्कर से नवविवाहिता की मौत

गौरीगंज (अमेठी)। अपने भाई के साथ बाइक से ससुराल से मायके जा रही नवविवाहिता को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बुरी तरह घायल नवविवाहिता को गंभीर चोट आई और इलाज के दौरान उसका निधन हो गया। थाना गौरीगंज के पूरे गुरू मजरे सैंटा निवासी रमेश सरोज सुत बाबूलाल ने थाना गौरीगंज में दर्ज कराई एफआईआर में बताया है कि बीती 21 फरवरी को उसकी पुत्री रूबी अपने बड़े भाई विजय के साथ अपने मायके सैंटा से ससुराल पैंगा गांव जा रही थी। मनीपुर टंकी के पास विपरीत दिशा से उल्टी साइड से बिना नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स बाइक सवार पुनीत सरोज पुत्र बाबूलाल सरोज निवासी राजापुर समशेरियन भवानी शाहगढ ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रूबी और उसका भाई गिरकर चोटिल हो गये। गंभीर रूप से घायल रूबी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे एम्स रायबरेली रिफर किया गया। वहां भी आराम नहीं होने पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ रिफर किया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने उक्त तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एसडीएम ने परीक्षाओं का किया निरीक्षण




लालगंज रायबरेली। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं सुचिता पूर्वक चल रही हैं। यह जानकारी देते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट मिथिलेश तिवारी ने बताया कि प्रशासन नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए कटिबद्ध है। एसडीएम ने कहा कि शिक्षा विभाग के नियमों के तहत परीक्षार्थियों को हर तरह की सुविधा दी जा रही हैं। किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी सेंटर पर कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन नकल करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पहले दिन की परीक्षा सुचिता पूर्ण संपन्न हुई है। एसडीएम ने बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज और चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं चैक चैबंद मिली। उन्होंने बताया कि दोनों सेंटरों पर शिक्षा विभाग के नियमों के तहत पहले दिन की परीक्षाएं संपन्न हुई हैं। बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय में लगभग एक दर्जन स्कूलों का सेंटर है। हाई स्कूल की परीक्षा में 627 बच्चे एनरोलमेंट थे जिनमें 55 बच्चे गैर हाजिर रहे। वही इंटर की परीक्षा में 546 बच्चे एनरोलमेंट थे लेकिन 21 बच्चों ने परीक्षा नहीं दिया। वहीं परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों ने भी बताया कि पेपर अच्छा हुआ है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई है।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



सुलतानपुर (वीओएल)। दूबेपुर ब्लॉक के उदयपुर गांव में कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी के घर श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कथा व्यास, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी ने कृष्ण लीला का अद्भुत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमेशा अपने हृदय के करीब उन लोगों को रखा जिनका जीवन कष्टों से भरा था। श्रीकृष्ण की बांसुरी में कई छेद थे, लेकिन प्रभु ने उसे अपने होठों से लगाकर उसे अपनी आत्मा में समाहित कर लिया। उन्होंने यह भी कहा कि महापुरुष वही होते हैं जो अपने कष्टों को दूसरों पर नहीं आने देते। कृष्ण का जीवन मानवता का सर्वोत्तम दर्शन है, जिसमें उन्होंने बचपन से ही अनीति और अत्याचारियों के खिलाफ संघर्ष किया। कथा के दौरान श्री प्रपन्नाचार्य जी ने कृष्ण जी के जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि कृष्ण प्रेम, भक्ति, शक्ति, बैराग्य और सारे रसों के स्वामी हैं। उनके जीवन का हर प्रसंग जैसे गोपियों के इशारे पर नृत्य करना, कालिया के फन पर नृत्य करना और इंद्र के घमंड को चूर करना, हमें जीवन के सच्चे अर्थ सिखाता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन का आनंद लिया।

## ग्राम सभाओं में आयोजित समारोह में सदर विधायक ने की शिरकत



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं में आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए परिजनों को समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैदिक परंपरा के अनुसार आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम आपसी भाईचारे सद्भावना प्रेम की मिसाल है। उन्होंने आयोजनों को आपसी सौहार्द का जरिया बताया। अमावां क्षेत्र के विजय चंद्र सिंह के यहां आयोजित समारोह में मौजूद लोगों से मुलाकात करते हुए सदर विधायक ने कहा कि काफी अरसे से आपसी लोगों से मुलाकात नहीं हो पाती तो इन अवसरों पर मुलाकात होना सौभाग्य होता है। ग्राम सभा डिघिया में मनीष पांडे के यहां आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए उन्होंने परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें जीवन के रीति रिवाज को पूर्णता देने के लिए बधाई। शहर क्षेत्र के लिए रतापुर में षिव षंकर चैधरी के यहाँ सदर विधायक ने वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद लोगों से भेंट की तथा पारिवारिक सुख समृद्धि हेतु शुभकामनाएं दी। समारोह में आए लोगों ने अपनी समस्याएं बतायी तो सदर विधायक ने मुखरता से उनके निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का देखा गया लाइव प्रसारण



सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू कृषि विज्ञान केन्द्र सुलतानपुर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें जिले के 452 कृषकों और महिला कृषकों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सुलतानपुर के विधायक विनोद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, उप कृषि निदेशक श्री रामाश्रय यादव सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा एक आकर्षक किसान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, इफको, महिला किसान स्वयं सहायता समूह, जय ज्ञान एग्री प्रोड्यूसर कम्पनी और प्रगतिशील कृषक रामजग, दिलीप वर्मा, विमलेश वर्मा ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण हाईटेक नर्सरी के कद्दू, लौकी, विभिन्न फलदार पौधों और शोभाकार पौधों का प्रदर्शन रहा।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़

## 22 मोटरसाइकिलें जब्त, 7 अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिनांक 24.02.2025 को उ0नि0 विवेक कुमार सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह एवं प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम उ0नि0 श्री अनूप सिंह मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान टिकरिया तिराहा अमेठी के पास टिकरिया सीमेन्ट फैक्ट्री की तरफ से आ रहे 03 मोटरसाइकिलों पर सवार 04 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछा गया तो चारों व्यक्तियों ने अपना-अपना नाम जुनैद पुत्र अख्तर निवासी ग्राम नया का पुरवा मजरे



खैरापुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष, अरमान पुत्र गुरखू उर्फ मुस्तकीम निवासी नारा अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष, 3.मुसर्रफ अली उर्फ ननकू पुत्र सत्तार जोकर निवासी मदीना मस्जिद हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी उम्र करीब 30 वर्ष व 4.मोईन खान पुत्र मुन्नर खांन निवासी निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष बताया तथा मोटरसाइकिलों के कागजात मांगने पर दिखा न सके। पूछने पर आपाची मोटरसाइकिल यूपी 42 एडी 9786 को जगदीशपुर थानाक्षेत्र से, हीरो होण्डा स्लेण्डर प्लस यूपी 44 के 5776 को थानाक्षेत्र गोसाईगंज लखनऊ कमिश्नरेट से व पैशन प्रो बिना नम्बर प्लेट को थानाक्षेत्र अमेठी से चोरी करना बताया। अभियुक्तों की निशानदेही पर बेलखौर रोड पर बंद पड़ी फैक्ट्री के अन्दर से 19 अदद अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी व मोटरसाइकिलों की निगरानी करते हुए 03 अभियुक्त सुरजीत कुमार पुत्र रामेसुर निवासी ग्राम लाला का पुरवा मजरे डुडेरी थाना कमरौली जनपद अमेठी, .मो0 पट्टन पुत्र सफाउल्लाह निवासी ग्राम पूरे परवानी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी व रफीक अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम कोछित थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को मौके से गिरफ्तार किया गया । चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी के आधार पर सभी अभियुक्तों को समय करीब 04.35 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का मोटरसाइकिल चोरी करने का एक संगठित गिरोह है । हम लोग मिलकर विभिन्न जनपदों के विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करके बेच देते हैं ।

## 28 लाख रुपये के 236 मोबाइल फोन बरामद




रायबरेली। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के आदेशानुसार सर्विलांस टीम व विभिन्न थानों की टीम ने बरामद किए गए खोये और गुम हुए 28 लाख रुपये कीमत के 236 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। सोमवार को एसपी डॉक्टर यसवीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के किरण हाल में खुलासा करते हुए बताया कि जिन लोगों का मोबाइल खो गया या फिर कहीं रखकर भूल गए थे जिसकी खोजबीन के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया गया और ऑनलाइन फिर या फिर पुलिस के द्वारा जारी किया गए । लिंक के माध्यम से अपडेट करने वाले मोबाइल स्वामित्व को सौंपा गया और आज पुलिस अधीक्षक के द्वारा बड़ा खुलासा करते हुए सभी मोबाइलों फोनों को जो उनके स्वामित्व हैं। उनको पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बने किरण हाल में बुलाकर सौंपा गया जिसमें खोए हुए लगभग 236 मोबाइल है और जिसकी कीमत करीब 28 लाख रुपये बताई गई है।

संक्षेप

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एवं छटीकरा चैराहे के सौंदर्यीकरण, जल निकासी और साफ सफाई के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की बैठक में पीओ नेडा एवं वेंडरों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाए। एक-एक हजार रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य प्राप्त करें, किसी भी ग्राहक का उत्पीड़न न हो, समय से सभी वेंडर ग्राहकों को सर्विस दें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने छटीकरा चैराहे के सौंदर्यीकरण, जल निकासी और साफ सफाई के संबंध में ग्राम प्रधान छटीकरा, नगर निगम, एनएचएआई, जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। ग्राम प्रधान, नगर निगम एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि तीनों मिलकर समन्वय के साथ साफ सफाई एवं सिल्ट की सफाई कराना सुनिश्चित करें।

# डीएम और एसएसपी ने कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जनपद में स्कूल विद्यालयों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हो रहीं हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को शुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सोमवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा संचालित प्रारम्भ हुई हाइस्कूल और इण्टरमीडिएट की परिक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु सिरसागंज स्थित गिरधारी लाल इण्टर कॉलेज व दिगम्बर जैन इण्टर कॉलेज में चल रही परिक्षाओं का निरीक्षण किया, और वहां उन्होने चल रही परिक्षाओं का जायजा लिया।

साथ ही साथ उन्होने वहां सीसीटीवी कैमरें इत्यादि की भी जांच की, उन्होने परीक्षा की व्यवस्था में लगे सभी व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, कोई भी ऐसा परीक्षार्थी नही पाया जा रहा हो, जो किसी किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा दे रहा हो, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, साथ ही उन्होने परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों की भी जांच की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिरसागंज, जिला विद्यालय निरीक्षक, तहसीलदार इत्यादि मौजूद रहें।






## पहली और दूसरी पाली की परीक्षाएं शांति से सम्पन्न

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षायें आज से शुरू हो गयीं। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी निगरानी के बीच पहली पाली में सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक परीक्षा आयोजित हुयी। पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी और प्रारंभिक हिंदी का पेपर हुआ। वहीं इंटर के छात्रों ने सैन्य विज्ञान का पेपर दिया। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के प्रथम दिन आज प्रथम पाली में कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया।

इस तरह प्रथम पाली की परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुयी। पहली पाली में आयोजित प्रारंभिक हिंदी परीक्षा में जहां 01 संस्थागत बालक ने परीक्षा नहीं दी जबकि हिंदी परीक्षा संस्थागत बालक 1876, व्यक्तिगत बालक 02, संस्थागत बालिका 910 अनुपस्थित रहे। वही परीक्षा केंद्रों पर बाहरी लोगों के प्रवेश को लेकर काफी संख्या में पुलिस मुस्तेद रही। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज से कड़ी सुरक्षा व्यबस्था के मध्य प्रारंभ हो गयी।

जिला प्रसाशन नकल विहीन सीसीटीवी की निगरानी में बोर्ड परीक्षायें सम्पन्न कराने को लेकर परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की मौजूदगी में आज सुबह परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों को गेट पर तलाशी लेने के बाद कालेज में प्रवेश करने दिया गया। आज प्रथम पाली में उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मांट अभिनव जे जैन ने राया के राष्ट्रीय इंटर कालेज व राधागोपाल इंटर कालेज का निरीक्षण किया।

## गिले-शिकवे भुलाकर पति पत्नी को फिर से किया एक



**टूंडला।** महिला चौकी प्रभारी अलवीना पठान ने काउंसलिंग कर आपसी मनुमुटाव के कारण अलग अलग रह रहे पति पत्नी को फिर से एक किया। काल्पनिक नाम सुनीता पुत्री सतीश चन्द्र निवासी नगला कुम्हारान जनपद फिरोजाबाद की शादी करीब 11 साल पहले सौरभ पुत्र रमेश चंद निवासी इंद्रा ज्योति नगर टेढ़ी बगिया आगरा के साथ हुई थी। दोनों के पास 7 साल की बेटी और 1 साल का बेटा भी है। दोनों पति-पत्नी के बीच, परिवार में शादी के कार्यक्रम के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिस कारण दोनों पति-पत्नी में काफी अनबन हो गई। मामला रिपोर्टिंग चौकी टूंडला पर आ पहुंचा। त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला उप निरीक्षक अलवीना पठान द्वारा दोनों पति-पत्नी के 11 साल के शादी के रिश्ते की अहमियत को बताते हुए काउंसलिंग की गई और समझाया गया। दोनों पक्षों ने अपनी अपनी गलती का एहसास करते हुए गिले-शिकवे को खत्म किये और पुलिस का धन्यवाद करते हैं हुए हंसी खुशी घर से विदा हुए।

## भाजपा कार्यालय पर आवश्यक बैठक संपन्न

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी कैंप कार्यालय एटा रोड पर अटल जन्म शताब्दी वर्ष विधानसभा एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जन्म शताब्दी वर्ष वर्ष भर मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों में गोष्ठी का आयोजन होना है जिसमे पूर्व योजना प्रमुख सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर तैयार करनी है, व गोष्ठी के माध्यम से श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्मरणों को याद करते हुए उनके महान कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक में गोष्ठी की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई व गोष्ठी में भाजपा जिला फिरोजाबाद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें। बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र पाल सिंह पूर्व विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, नारखी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ संजू, नगला बीच मंडल अध्यक्ष विनोद पाल सिंह उर्फ बिन्नू, पचोखरा मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन, भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष अनंत प्रताप सिंह गोपाल कृष्ण अजीत कुशवाह, संदीप जैन, महेश माहौर रामू कुशवाह, जुबीन भारद्वाज शैलेंद्र धाकरे, विक्की प्रताप सिंह रामनरेश बघेल, देवांशु उपाध्याय गौरव सिसोदिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## ज्वेलरी का बैग वापस पाकर महिला ने ली राहत की सांस



**आगरा।** एत्मादपुर क्षेत्र के गिरवर गांव के सतेंद्र और उसकी पत्नी सालू ने उस समय राहत की सांस ली जब आटो में छूटा बैग उन्हें वापस मिल गया। इस बैग में लगभग साढ़े सात लाख रुपये की ज्वेलरी रखी हुई थी। गिरवर गांव निवासी सतेंद्र की पत्नी सालू दो दिन पहले एत्मादपुर में तहसील चौराहे पर ऑटो से उतरते समय अपना एक बैग छोड़ आई थी। महिला के पास तीन बैग थे। दो बैग और बच्चे तो आटो से उतार लिए, लेकिन तीसरे बैग को उतारना भूल गई। कुछ देर बाद तीसरा बैग आटो में ही छूटने का पता चलने पर महिला के होश उड़ गए थे क्योंकि उसमें साढ़े सात लाख रुपये कीमत की ज्वेलरी रखी हुई थी। इस महिला ने अपने पति को सूचना दी। पति ने पुलिस को सूचना इस तरह दी कि महकमे में खलबली मच गई। सतेंद्र ने पुलिस को बताया था कि उसकी पत्नी की साढ़े सात लाख की ज्वेलरी लूट ली गई है। पुलिस दौड़ी-दौड़ी महिला के पास पहुंची तो पता चला कि लूट नहीं हुई है बल्कि महिला से ही गलती से आटो में बैग छूट गया था। एत्मादपुर पुलिस ने हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आटो को तलाशना शुरू किया। उधर आटो चालक खुद ही एत्मादपुर थाने पहुंच गया और बताया कि जब वह आगरा पहुंचा तो उसने आटो में बैग रखा पाया तो वह इसे लौटाने आ गया।

# लूट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मोबाइल सर्विस सेंटर के कर्मचारी से 50 हजार रुपये और मोबाइल के फोल्डर लूटने वाले नकाबपोश बदमाशों को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर सोमवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए।

एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अलीगढ़ इगलास निवासी पवन कुमार जो कि एक मोबाइल सर्विस कंपनी में काम करते हैं। यहां काम करने के बादवह गोकुल बैराज स्थित कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रहते हैं। शुक्रवार की रात को वह सर्विस सेंटर से कमरे पर जा रहे थे। तभी उन्हें बालाजीपुरम क्षेत्र के आनंदपुरम रेस्टोरेंट के समीप नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे 50 हजार की नकदी एवं हजारों रुपये कीमत के मोबाइल फोल्डर लूट लिए। डीआईजी/एसएसपी शैलेश पांडेय ने



घटना के खुलासे के लिए हाईवे पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया। हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही और एसओजी प्रभारी राकेश यादव दोनों बदमाशों की सुरागकशी में जुट गए। उन्होंने दो सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे देखे। सीसीटीवी कैमरों की मदद से उन्होंने बदमाशों की पहचान कर ली। बीती रात को सूचना मिली कि क्षेत्र में लूट करने वाले नकाबपोश बदमाश भरतपुर रोड पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही एसओजी और हाईवे थाने के टीम भरतपुर रोड पर पहुंच गई और बदमाशों की तलाश में जुट गई। भरतपुर रोड स्थित एमएसपीएस स्कूल के पास खाली प्लाट में उन्हें बाइक सवार दो युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें टोका तो बाइक सवारों ने पुलिस फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल होकर बाइक से गिर गए। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम बलदेव के नगला बदना निवासी सोनू छौंकर और राया के गांव मदैम निवासी सौरभ अग्रवाल बताया। तलाशी में इनके कब्जे से 45 हजार रुपये की नकदी, 4 लूटे गए एंड्राइड मोबाइल, दो तमंचा-कारतूस तथा चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस उनसे पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।

## चर्मशोधन समिति का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सिरसागंज स्थित चर्मशोधन समिति का निरीक्षण किया, सिरसागंज स्थित चर्मशोधन समिति जहां पर पहले चर्मशोधन इत्यादि का कार्य होता था, वहां पर अब यह कार्य बंद हो गया है, अब इस कार्य के लिए प्रयुक्त हो रही जमीन पर कुछ बाहरी लोगों ने कब्जा इत्यादि कर लिया है, निरीक्षण के दौरान उन्होने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इस भूमि का उपयोग किसी अन्य उपयोगी सरकारी कार्य के लिए किया जाए, यहां पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित किसी महत्वपूर्ण कार्य को किया जाए, उन्होने कहा कि पूरी जमीन की पैमाइश कराकर पिलर इत्यादि लगा दिए जाए, साथ ही साथ जो अवैध कब्जाधारी है, उन्हे तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी तहसीलदार, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## खंदौली में तीन गौ सेवकों पर हमला घायल प्रधान समेत कई पर केस दर्ज

**आगरा।** खंदौली के ग्राम प्रधान राजकुमार उर्फ राजू और उनके परिवारीजनों समेत छह लोगों के खिलाफ गौ सेवकों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज हुआ है। इस हमले में तीन गौ सेवकों को गंभीर चोटें आई हैं। गौ सेवक खंदौली के ही रामू जूरैल द्वारा थाना खंदौली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दिन से अंजलि विहार क ?लोनी, गढ़ी नैनसुख के पास एक गाय बीमारी की हालत में पड़ी थी। रामू जूरैल, मोनू और प्रदीप इस गाय की सेवा कर रहे थे। इन तीनों गौ सेवकों ने गाय को गौशाला भिजवाने के लिए डायल 112 पर कल कर दिया। पुलिस की ओर से इस मामले में ग्राम प्रधान राजकुमार उर्फ राजू से सम्पर्क किया गया। प्रधान ने कोई कार्यवाही नहीं की तो गौ सेवकों ने खंदौली ब्ल ?क के एडीओ को फोन कर कहा कि बीमार गाय के इलाज के लिए पशु चिकित्सक भेज दें। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम प्रधान राज कुमार, भाई दशरथ, साले राम कुमार के अलावा कपिल और अतुल तथा छह-सात अज्ञात लोगों ने तीनों गौ सेवकों पर हमला बोल दिया। मारपीट में तोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

# डीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार सहित समस्त उप जिलाधिकारियों, डिप्टी कलेक्टरों एवं तहसीलदारों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने फॉर्मर्स रजिस्ट्री एवं एग्रीकल्चर क्रॉप सर्वे की खराब स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उक्त कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए कि न्यायालय में ससमय बैठे तथा वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि जाति, निवास, आय आदि प्रमाण पत्रों को समयबद्धता के साथ बनाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अंश निर्धारण, आई.जी.आर.एस, ई परवाना, ई खसरा, कुरा बटवारा आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रतिदिन फाइलों को देखे, पोर्टल चेक करे तथा निस्तारण हेतु लेखपालों के साथ बैठक करे। उन्होंने चेतावनी दी कि लेखपालों की लापरवाही से कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए। सभी उप जिलाधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। धारा 24, 80, 67, 34 आदि मामलों में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों से होलिका दहन वाले प्वाइंट का निरीक्षण करने तथा थानों में पीस कमेटी की बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप




जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में प्राइवेट हॉस्पिटलों की मैपिंग, संचालकों के साथ बैठक, एम्बुलेंस की जरूर पर उपलब्धता तथा होली के विभिन्न आयोजनों के दौरान आकस्मिक स्थिति में इलाज प्रदान करने हेतु निर्देशित करने को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरंतर गौशालाओं के निरीक्षण करने तथा बेसहारा गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि आपके क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटना का आपको पता होना चाहिए। आपको तत्काल समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु मौके पर उपस्थित होना चाहिए। उन्होंने सभी को अपने अपने तहसीलों में रंगाई पुताई करवाने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। अवैध खनन पर अंकुश लगाने तथा सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मांट अभिनव जे जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह गुप्ता, छाता श्वेता, गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, महावन आदेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह, प्राजक्ता त्रिपाठी, प्रीति जैन, रितु सिरोही, अजीत कुमार, राज कुमार भास्कर, नरेंद्र कुमार यादव सहित तहसीलदार उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का हो रहा आर्थिक सशक्तीकरणः डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन का यह प्रयास है कि जिलें में महिलाऐं आर्थिक रूप से सशक्त् बने, आर्थिक सशक्तिकरण से न केवल महिलाओं को सुरक्षा प्राप्त होती है, अपितु महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्त होने से समाज और राष्ट्र का निर्माण भी होता है, उनके इस आर्थिक सशक्तिकरण में स्वंय सहायता समूह प्रमुख भूमिका अदा कर रहा है, जिलाधिकारी का यह प्रयास है कि स्वंय सहायता समूह के माध्यम से महिलाऐं न केवल आर्थिक दृष्टि से अपितु वैचारिक रूप से भी सशक्त हो, स्वयं सहायता समूहों के जरिए सामुहिक निर्णय लेने की क्षमता को बढावा मिलता है, साथ ही साथ स्वंय सहायता समूहों के सदस्यों के हुनर और कौशल को एक नया आयाम भी मिलता है, स्वंय सहायता समूहों के जरिए गरीबों को वित्तीय सहायता दी जाती है, समूह से जुडने के बाद समूह से जुडे. लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलता है, समूह में काम करने से बैंक से लोन आसानी से मिल जाता है, जिलाधिकारी ने इस दिशा में विशेष प्रयास करते हुए समूहों को वित्तीय मदद उपलब्ध कराई है, जिलाधिकारी की इस विशेष पहल के परिणाम स्वरूप अरांव ब्लॉक के 267 समूहों को 145.64 लाख, एका ब्लॉक के 175 समूहों को 150.62, फिरोजाबाद ब्लॉक के 225 समूहों को 347.57 लाख, जसराना के 175 समूहों को 92.90 लाख, खैरगढ ब्लॉक के 264 समूहों को 132 लाख, मदनपुर ब्लॉक के 362 समूहों को 338.38 लाख, नारखी ब्लॉक के 186 समूहों को 213.99 लाख, शिकोहाबाद के 228 समूहों को 224.79 लाख जबकि टूण्डला ब्लॉक के 194 समूहो को 262.99 लाख के ऋण वितरण किए गए, इस प्रकार जनपद में कुल 1931.23 लाख ऋण वितरण किए गए, जिलाधिकारी का प्रयास है, कि इन समूहों को और सशक्त बनाया जाए, जिससे हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के ग्राम स्वराज्य के सपने को साकार किया जा सके।

## पहले दिन 5097 छात्रों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा तलाशी के बाद ही मिला प्रवेश

**आगरा।** पहले दिन हाईस्कूल की हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। आगरा में कुल 1.23 लाख परीक्षार्थी शामिल होने थे, जिनमें से 5097 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। आगरा में यूपी बोर्ड की परीक्षा सोमवार से 166 केंद्रों पर शुरू हो गई है। इसमें 1.23 लाख परीक्षार्थी शामिल होने थे, लेकिन 5097 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह परीक्षा केन्द्रों पर चेकिंग के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रही। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पाबंद किए गए थे। परीक्षार्थी आधा घंटा पहले ही केंद्र पर पहुंचे। 166 केंद्रों में 57 संवेदनशील और 21 अतिसंवेदनशील केंद्र हैं। परीक्षा में 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 187 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए। हाईस्कूल में 61,890 और इंटरमीडिएट में 61,915 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। सोमवार को पहली पाली सुबह 8:30 बजे से परीक्षा शुरू हुई, जिसमें हाईस्कूल की हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शुरू होगी, इसमें हाईस्कूल की हेल्थ केयर और इंटरमीडिएट की हिंदी और सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। परीक्षा में 5,921 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 3,372 शिक्षक माध्यमिक विद्यालय और 2,549 बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक हैं। नकल करने पर 10 साल तक की सजा हो सकती है। सॉल्वर पकड़े जाने पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। उम्रकैद की सजा का प्रावधान है।

# रिफाइनरी ने उन्नत मोतियाबिंद सर्जरी के लिए रामकृष्ण मिशन को सौंपी फेको मशीन

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने अपनी स्थापना के बाद से ही विभिन्न सीएसआर पहलों के अंतर्गत स्थानीय निवासियों के लाभ के लिए काम किया है। मथुरा रिफाइनरी में बुनियादी ढांचे का विकास, शौचालयों का निर्माण, स्कूल के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराना, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, चिकित्सा सुविधाएं आदि कॉपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रमुख क्षेत्र हैं।

इसी क्रम में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत, मथुरा रिफाइनरी ने रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन को फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन प्रदान की। मथुरा रिफाइनरी की इस पहल से आरकेएमएस में नेत्र उपचार सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और लोगों




को काफी फायदा मिलेगा। मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी ने हाल ही में आरकेएमएस में आयोजित एक समारोह के दौरान इस मशीन का उद्घाटन किया और इसे स्वामी सुप्रकाशानंद, सचिव आरकेएमएस को सौंपाद्यफेकोइमल्सीफिकेशन मशीन मोतियाबिंद के इलाज की नवीनतम तकनीक है। यह मशीन धुंधले लेंस को तोड़ने और हटाने के लिए अल्ट्रासोनिक ऊर्जा का उपयोग करती है और फिर उसके स्थान पर एक आईओएल (इंट्रा ओकुलर लेंस) प्रत्यारोपित किया जाता है। इस मशीन में इस्तेमाल की गई तकनीक बहुत उन्नत है। यह मशीन मथुरा रिफाइनरी द्वारा 76.49 लाख. रुपये की लागत से आरकेएमएस को सौंपी गई है। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम एक प्रतिष्ठित संस्थान है जिससे मथुरा रिफाइनरी कई वर्षों से जुड़ी है द्य पिछले कई सालों में रिफाइनरी की ओर से आरकेएमएस के उद्देश्य का समर्थन किया है और सहायता प्रदान की गयी है जिसमें वित्तीय वर्ष 2015-16 में रु. 14 लाख की लागत से एक एम्बुलेंस, महिला छात्रों को उनके जीएनएम पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2019-20 से लगातार दो बैचों को 63 लाख रुपये से प्रायोजित किया है, वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 62.00 लाख रुपये की लागत से 200 किलोवाट रूफ टॉप ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र प्रदान किया है।

## दुल्हन से छेड़छाड व बारातियों से मारपीट करने वाले 6 गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना रिफाइनरी के गांव करनावल गौशाला में गत दिन दुल्हनों के साथ छेडछाड़ व बारातियों के साथ मारपीट करने वाले 06 लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि 21 फरवरी की रात्रि मे गांव करनावल गौशाला रिफाइनरी दवंगो द्वारा दुल्हनों के साथ छेडछाड कर बरातियों के साथ मारपीट की घटना करने वाले लोकेश उर्फपिंटर पुत्र गुलाब सिंह, रोहताश पुत्र कालीचरन, श्रीपाल पुत्र गुलाब सिंह, पवन पुत्र मुरारी, बृजेश पुत्र मुन्ना उर्फ मुन्नालाल, बटुआ उर्फ रवि पुत्र मोहर सिंह निवासीगण ग्राम गौशाला थाना रिफाइनरी रिफाइनरी के गांव अगनपुरा के जंगल से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक अंगूठी लेडीज, एक सरिया लोहे का व एक डंडा बरामद किया है। घटना में फार अन्य लोगों के गिरफ्तारी के लिये लगातार पुलिस टीम दबिश दे रही है।

## महाशिवरात्रि पर जन्मस्थान से निकलेगी भव्य शिव-बारात

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान, के तत्वावधान में भव्य एवं दिव्य शिव बारात का परंपरागत आयोजन महाशिवरात्रि 26 फरवरी बुधवार को किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि यह दिव्य एवं अलौकिक शिव बारात बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान से दोपहर लगभग 12:00 बजे प्रारम्भ होगी। भोले की यह बारात रूपी शोभायात्रा नगर में डीगगेट, मण्डी रामदास, चैक बाजार, स्वामीघाट, छत्ता बाजार, होली गेट, भरतपुर गेट होते हुये श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर पहुँचकर पूर्ण होगी। भगवान शिव की बारात को स्वाभाविक स्वरूप देने हेतु कलाकारों की भेषभूषा इस प्रकार तैयार करायी जा रही है कि इसे देख लोग रोमांचित हो जायेंगे। शिव बारात रूपी इस दिव्य शोभायात्रा में अनेकों बैण्ड एवं डीजे अपनी सुमधुर ध्वनि में अनौखी छटा बिखेरेंगे। इस वर्ष मेरठ, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, कासगंज, चन्दौसी, बहजोई एवं झाँसी आदि स्थानों से शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आने वाले स्वरूप अपनी भावमयी उपस्थिति प्रस्तुति से शिव बारात्त की भव्यता को अनूठा स्वरूप प्रदान करेंगे। शास्त्रीय मान्यताओं और परंपराओं के अनुरूप श्रीकृष्ण जन्मस्थान से निकलने वाली शिव बारात के दर्शन के लिए सम्मिलित होने वाले भक्तजन के भाव के अनुरूप दर्शन हों, ऐसा संस्थान का प्रयास है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान के भागवत भवन में स्थित केशवेश्वर महादेव के दुर्लभ पारद शिवलिंग का शास्त्रोक्त विधानों के अनुरूप अभिषेक का कार्यक्रम सपूर्ण रात्रि (चारों प्रहर) में किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि 26 फरवरी बुधवार को नगर में निकाली जाने वाले औघड़दानी भगवान शिव की इस दुर्लभ बारात में सम्मिलित होकर बारात का यथायोग्य स्वागत-दर्शन कर शिवाशीष प्राप्त करें।

संक्षेप

## इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 की शुरुआत

नई दिल्ली। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में अपनी यात्रा तेज कर रहा है और आत्मनिर्भर भारत के तहत एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, वैसे-वैसे बिजली क्षेत्र की भूमिका आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। इस बदलते परिदृश्य में, आईईईएमए ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 की भव्य शुरूआत की। इलेक्रामा के 16वें संस्करण में भारत की विद्युत और ऊर्जा तकनीकों में क्षमता प्रदर्शित की गई है, जिससे इसकी भूमिका एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में और मजबूत होती है।

## अंग्रेजी भाषा की शिक्षा पर नये सिरे से हो विचार

नई दिल्ली। न्यू डायरेक्शंस साउथ एशिया 2025, ब्रिटिश काउंसिल की भाषा परीक्षण और मूल्यांकन पर प्रमुख कॉन्फ्रेंस, ने 21 फरवरी को नई दिल्ली, भारत में दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी शुरूआत की। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आरंभ ब्रिटिश काउंसिल के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक समारोह के साथ हुआ। ब्रिटिश काउंसिल के अंग्रेजी भाषा अनुसंधान के निदेशक प्रोफेसर बैरी ओ'सुल्लीवन ओबीई ने कॉन्फ्रेंस के विषय प्रौद्योगिकी और परंपरा अंग्रेजी भाषा सीखने की प्रणालियों में मूल्यांकन का बदलता चेहरा पर मुख्य व्याख्यान दिया। अंग्रेजी एक महत्वपूर्ण वैश्विक भाषा बनी हुई है, जो दुनिया भर में शिक्षा और करियर में प्रगति के लिए कार्यात्मक आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्रेरित करती है। भारत में, जहाँ 129 मिलियन लोग अंग्रेजी बोलते हैं, जो जनसंख्या का लगभग 10.6 फीसद है, अंग्रेजी प्रवीणता और मूल्यांकन, अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर पाने हेतु समर्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## द वेकिंग ऑफ ए नेशन की कास्ट में दिखी ताजगी

बंगलुरू। राम माधवानी की आगामी सीरीज द वेकिंग ऑफ ए नेशन फिल्मांकन के अपने अनोखे तरीके के कारण बाकी शोज और फिल्मों से अलग है। उन्होंने न केवल फिल्मांकन में बल्कि कलाकारों के चयन में भी एक खास दृष्टिकोण अपनाया, ताकि कहानी की गहराई और वास्तविकता को पूरी तरह से उभारा जा सके। अपने शूटिंग के तरीकों पर बात करते हुए, वे फिल्मांरकन की नई-नई तकनीक के बारे में बता रहे हैं, जो इस सीरीज को जीवंत बनाती है। राम माधवानी ने कहा कि मुझे अक्स र कहा जाता है कि मैं एक्टकर का डायरेक्टटर हूं। मैं वाकई अपने एक्टबर की सेवा में रहता हूं। मैं मानवीय चेहरे के भावों में यकीन करता हूं। जब मैंने इन कलाकारों को परखा, तो मुझे कास्ट में एक ताजगी, मासूमियत और जुनून नजर आया, जो स्क्रिप्ट के लिए एकदम उपयुक्त था।

## वार्षिक पेरेंट्स डे का आयोजन



लखनऊ। बालागंज स्थित सिटी इंटरनेशनल स्कूल और एशियन किड्स द्वारा वार्षिक पेरेंट्स डे का आयोजन सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम के आडिटोरियम में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न स्टेज परफॉर्मेंसेस से पेरेंट्स के मन को मोह लिया। विशेषकर कव्वाली और नुक्कड़ नाटक ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया और सभी पेरेंट्स अपने बच्चों की परफॉर्मेंसेस से आश्चर्यचकित हो गए। स्कूल पेरेंट्स के साथ मिलकर बच्चों को उच्चकोटि की शिक्षा के साथ एक अच्छा वातावरण देने के लिए कटिबद्ध है जिससे प्रत्येक बच्चे अपनी आंतरिक क्षमता और योग्यता के अनुरूप कामयाबी हासिल कर सके।

## टीओआईएसए 2025 का ऐतिहासिक आयोजन

लखनऊ। टीओआईएसए का सातवां संस्करण भारतीय खेल उत्कृष्टता के असाधारण समारोह के साथ संपन्न हुआ, जो देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। लखनऊ में आयोजित इस भव्य समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खेल दिग्गज और गणमान्य व्यक्ति एक साथ आए, जिन्होंने विभिन्न खेल विधाओं में उपलब्धियों को सम्मानित किया। क्रिकेट दिग्गज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाजी सनसनी स्मृति मंधाना ने क्रिकेट पुरस्कार जीते, जबकि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और स्प्रिंट सनसनी ज्योति याराजी ने एथलेटिक्स श्रेणी में दबदबा बनाया। एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, शतरंज प्रतिभा गुकेश डी और निशानेबाजी की स्टार मनु भाकर ने प्रतिष्ठित स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार साझा किया।

# सेंसेक्स में 850 अंकों की गिरावट



मुंबई। प्रमुख शेयर सूचकांकों में सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 850 अंक से अधिक टूटकर 75,000 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया।

बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी बाजार में कमजोरी और जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 856.65 अंक यानी 1.14 प्रतिशत टूटकर 74,454.41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 923.62 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 242.55 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,553.35 पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,542.45 अंक यानी दो प्रतिशत गिर चुका है। इस दौरान निफ्टी में 406.15 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की गिरावट आई। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा स्टील और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, नेस्ले और आईटीसी बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,449.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस महीने अब तक विदेशी निवेशकों ने इक्विटी बाजारों से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। इसके साथ ही 2025 में कुल निकासी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। स्टॉक्सबॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेय रानाडिव ने कहा, बड़े शेयरों, खासकर आईटी क्षेत्र में हुई गिरावट के कारण प्रमुख शेयर सूचकांकों में कमजोरी आई। उन्होंने कहा कि इसका असर अन्य सूचकांकों पर पड़ा और मिडकैप तथा स्मॉककैप सूचकांक नुकसान में आ गए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट हुई। जापान का निक्की छुट्टी के कारण बंद था। यूरोपीय बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों ने घरेलू बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा है और लगातार अस्थिरता के कारण खुदरा निवेशकों में अनिश्चितता पैदा हो रही है। स्मॉलकैप सूचकांक में 1.31 प्रतिशत की गिरावट आई और मिडकैप सूचकांक 0.78 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.04 प्रतिशत बढ़कर 74.46 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया।

# रेलवे अगले वर्ष में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा



भोपाल। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि रेलवे अगले वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग भी तेजी से बढ़ा रहा है।

मध्यप्रदेश के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद मध्यप्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) 2025 को ऑनलाइन संबोधित करते हुए रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने 2030 तक रेलवे को शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक यह 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा। मंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करने के बारे में कहा कि अब तक रेलवे को आपूर्ति करने के लिए।,500 मेगावाट क्षमता पहले ही तय की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ आज हस्ताक्षरित 170 मेगावाट बिजली खरीद समझौता (पीपीए) इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेलवे, वारी एनर्जीज और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) के बीच पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि रेलवे मध्यप्रदेश से जो भी नवीकरणीय ऊर्जा है, उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। उन्होंने कहा कि यदि मध्यप्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित कर सकता है, तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है। हम पवन ऊर्जा में भी रुचि रखते हैं। वैष्णव ने कहा कि रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए मध्यप्रदेश के साथ हस्ताक्षरित समान मॉडल पर अन्य राज्यों के साथ भी पीपीए पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को 2025-26 के लिए 14,745 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड रेल बजट मिला है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले मध्यप्रदेश में रेलवे लाइनों के निर्माण की दर सालाना केवल 29-30 किमी हुआ करती थी, जो अब बढ़कर 223 किमी प्रति वर्ष हो गई है। काम की गति 7.5 गुना बढ़ गई है और कोष में 23 गुना वृद्धि की गई है।

## सोना 350 रुपये बढ़कर 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 350 रुपये बढ़कर 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उंचाई के पास जा पहुंचा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 350 रुपये बढ़कर 88,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम था। भू-राजनीतिक और व्यापारिक तनावों के कारण अनिश्चितता से बचाव के लिए सुरक्षित निवेश के तौर पर मांग बनी रहने के कारण सोमवार को सोने में हल्की बढ़त दर्ज की गई। पिछले सप्ताह 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने क्रमशः 89,450 रुपये और 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई उंचाई को छुआ। हालांकि, चांदी एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इसके अलावा गांधी ने यह भी कहा कि अमेरिकी डॉलर ने इस कीमती धातु को अतिरिक्त बढ़ावा दिया है। डॉलर सूचकांक में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई और मिश्रित अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़े के बीच यह नीचे कारोबार कर रहा है।

## अमेरिकी शुल्क वृद्धि का ज्यादा असर भारत पर

नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के कार्यकाल में कई एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को उच्च शुल्क का सामना करना पड़ सकता है, जबकि भारत, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड पर इस जवाबी कदम का सबसे अधिक असर होगा।

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट अमेरिकी व्यापार शुल्क से एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ने की संभावना में कहा कि वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसी अर्थव्यवस्थाओं का अमेरिका के प्रति आर्थिक जोखिम अपेक्षाकृत अधिक है। इसका अर्थ है कि यदि शुल्क लगाया गया तो इनपर इसका सबसे बड़ा आर्थिक प्रभाव होगा।

एसएंडपी ने कहा कि भारत और जापान की अर्थव्यवस्थाएं घरेलू रूप से अधिक उन्मुख हैं, जिससे इन शुल्क का असर उन पर कुछ कम होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह भारत सहित अपने व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क लगाएंगे। नया अमेरिकी प्रशासन पहले ही चीन से आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क और इस्पात तथा एल्यूमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू कर चुका है। हमारा मानना है कि यह इसका अंत नहीं हो सकता। अनिश्चितता बहुत अधिक है, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन ने साझेदार अर्थव्यवस्थाओं पर व्यापार शुल्क लगाने में काफी बेबाकी दिखाई है।

## रुपया चार पैसे टूटकर बंद

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बीच रुपया सोमवार को चार पैसे टूटकर 86.72 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के स्थिर रहने से घरेलू मुद्रा में गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया 86.58 प्रति डॉलर पर खुला और अंत में 86.72 (अस्थीय) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.68 पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, आरबीआई 28 फरवरी को 10 अरब अमेरिकी डॉलर की तीन-वर्षीय खरीदाबिक्री अदला-बदली के लिए तैयार है, जिससे प्रीमियम में और कमी आएगी।

## पेपॉइंट इंडिया ने महाकुंभ में प्रदान की 15 करोड़ लेन-देन की सुविधा

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक सम्मेलनों में से एक महाकुंभ 2025 में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु एकत्र होते हैं। इस दौरान पेपॉइंट इंडिया ने तीर्थयात्रियों और छोटे व्यापारियों के लिए निर्बाध वित्तीय सेवाएं सुनिश्चित करते हुए 15 करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन को सुगम बनाया। इस बड़े आयोजन में बैंकिंग से जुड़ी अनूठी चुनौतियों को देखते हुए पेपॉइंट इंडिया ने प्रयागराज में महत्वपूर्ण जगहों पर अपने बूथ स्थापित किए हैं, जहां सुरक्षित नकद निकासी, जमा, धन हस्तांतरण और डिजिटल लेनदेन जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

## एम्सट्रेड की सुपर हैवी ड्यूटी एसी रेंज लॉन्च

लखनऊ। एम्सट्रेड कंस्यूमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पिछले 6 सालों से हिन्दुस्तान में कंस्यूमर ड्यूरेबल इंडस्ट्री में एसी, एलईडी वाशिंग मशीन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकर बेच रही है और अब तक करीब 2000 करोड़ का व्यवसाय कर चुकी है और 11 लाख घरों तक यह उत्पाद पहुंच चुके हैं। हाल ही में हमारी कंपनी को एक बहुत बड़ी कंपनी हेला इनफ्रा मार्केट ने 54 प्रतिशत स्टेक के साथ अधिग्रहित कर लिया है जोकि भविष्य में कंपनी की ग्रोथ में बहुत मददकार होगा।

## भारतीय कंपनियों का राजस्व आठ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

नयी दिल्ली। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और सरकारी खर्च में तेजी के कारण भारतीय कंपनियों का राजस्व चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सात से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

इक्रा को उम्मीद है कि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितताओं और भारत से वस्तु निर्यात पर दबाव के कारण निजी पूंजीगत व्यय सीमित रहेगा। इसके बावजूद, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर जैसे कुछ उभरते क्षेत्रों और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे कुछ खंडों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। निजी निवेश को भारत सरकार की विभिन्न उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रमों से भी समर्थन मिलेगा। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पिछली तिमाही में भारतीय कंपनियों के परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) में सुधार दिख रहा है और इसके 18.2-18.4 प्रतिशत पर बरकरार रहने की संभावना है। ग्रामीण मांग वर्ष 2025 की पहली छमाही में बेहतर रहने की उम्मीद है, जिसे खरीफ की अच्छी फसल और चालू रबी सत्र के लिए अनुकूल अनुमानों से मदद मिलेगी। इसके अलावा, 2025 में सामान्य और अच्छी तरह वितरित मानसून भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शहरी मांग, जो पिछली कुछ तिमाहियों से सुस्त रही है, में सुधार की उम्मीद है।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स कंपनी का तीसरी तिमाही परिणामों में शानदार प्रदर्शन

अहमदाबाद। टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने तीसरी तिमाही और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिजनेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दर्शाती है। 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत 15,159.21 लाख रुपये हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 लाख रुपये था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7 फीसद बढ़कर 291.42 लाख रुपये हो गया जो पहले 189.55 लाख रुपये था। ग्लोब टेक्सटाइल्स के मजबूत प्रदर्शन का प्रमुख कारण स्ट्रेटेजिक इनिशियेटिव्स, मांग में बढोत्तरी, अच्छी ओपरेशन्स क्षमता और टारगेटेड मार्केट डेवलपमेन्ट है। कंपनी के प्रोफिट में बढ़ोत्तरी मुख्य रूप से वोल्यूम ग्रोथ, इफेक्टिव कोस्ट ओप्टिमाइजेशन और वेल डिफाइन्ड प्रोडक्ट मिक्स के कारण संभव हुई है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, रेवेन्यू 20.8 फीसद बढ़कर 42,397.79 लाख रुपये हो गया।

## अमेजन प्राइम सदस्यों को 2024 में अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड मिली

नई दिल्ली। हर साल, अमेजन ग्राहक सिर्फ प्राइम सदस्यता लेकर बड़ी बचत कर रहे हैं। 2024 में, प्राइम सदस्यों को अब तक की सबसे तेज डिलीवरी मिली और उन्होंने पहले से कहीं अधिक बचत की। तेज डिलीवरी और बड़ी बचतः 2024 में अमेजन इंडिया ने प्राइम सदस्यों के लिए अब तक की सबसे तेज डिलीवरी की और 41 करोड़ से ज्यादा आइटम उसी दिन या अगले दिन पहुंचाए, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरत का सामान समय पर मिला। सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर पिछले साल औसतन 3300 रुपये से अधिक की बचत भी की है, जो वार्षिक प्राइम सदस्यता शुल्क से दोगुनी से भी ज्यादा है।

## सामाजिक न्याय के प्रति सामाजिक सुरक्षा देश की प्रतिबद्धता का बुनियादी स्तंभः मांडविया

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि सामाजिक सुरक्षा भारत की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का एक बुनियादी स्तंभ बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि इसकी पहुंच 2021 में कुल आबादी का 24.4 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 48.8 प्रतिशत हो गई है। मांडविया ने सामाजिक न्याय 2025 पर क्षेत्रीय संवाद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, बेरोजगारी दर 2017-18 में छह प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई है, जबकि श्रम बल भागीदारी दर 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 60.1 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि ये सकारात्मक संकेतक हमारे सुधारों और उपायों के प्रभाव को रेखांकित करते हैं। श्रम सुधार भारत की कार्यबल नीतियों को आधुनिक बनाने के प्रयासों का आधार रहे हैं। 29 श्रम कानूनों को चार सरल श्रम संहिताओं में समेकित करने से श्रमिक कल्याण, सार्वभौमिक मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा मिला है।

## नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स दिसंबर 2029 फंड लॉन्च

नई दिल्ली। बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स - दिसंबर 2029 फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड और सॉवरेन-समर्थित निवेश का मौका प्रदान करता है। यह फंड 90 फीसद स्टेट डेवलपमेंट लोन्स और 10फीसद सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) वाले पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिए डिजाइन किया गया है। दिसंबर 2029 में निर्धारित मैच्योरिटी के साथ, यह फंड निवेशकों को निवेश अवधि और रिटर्न क्षमता पर स्पष्टता के साथ विकसित ब्याज दर साइक्लि में भाग लेने की सुविधा देता है। न्यू फंड ऑफर 25 फरवरी को निवेश के लिए खुलेगा और 05 मार्च को बंद होगा।

पेज एक का शेष

### 61 देशों

विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया। विदेश मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। हमने गैंडे, भैंसे, हिरणों की विभिन्न प्रजातियों को देखा। उन्होंने कहा, हमने इसके बारे में सिर्फ़ किताबों में पढ़ा था और फ़िल्मों में देखा था। यह दिन की शुरुआत करने का एक बेहतरीन तरीका है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि बहुत सारे पर्यटक काजीरंगा आ रहे हैं। जयशंकर ने कहा, मुझे बताया गया है कि इस मौसम में तीन लाख से अधिक पर्यटक काजीरंगा आए हैं। यह बहुत अच्छा है। हम चाहते हैं कि असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्य पर्यटन और निवेश दोनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान बनाएं। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं कि हमारे पास प्राकृतिक और रचनात्मक दोनों तरह का पर्यटन है और लोगों को देश के विभिन्न राज्यों में जाना चाहिए। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पहले पोस्ट किया, राजदूतों के साथ काजीरंगा नेशनल पार्क में सुबह-सुबह सफारी। असम के प्राकृतिक वन्यजीव दृश्य वास्तव में अद्भुद और बेजोड़ हैं। अगला पड़ाव-एडवांटेज असम 2.0।

### भारत की

तक नई रेल लाइन और रेल पुल को भी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा हमारा यह भागलपुर संस्कृति और ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण रहा है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय के कालखंड में यह वैश्विक ज्ञान का केंद्र हुआ करता था। हम नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन गौरव को आधुनिक भारत से जोड़ने का काम शुरू कर चुके हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के बाद अब विक्रमशील में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है। मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चैधरी जी समेत बिहार सरकार की पूरी टीम को बधाई देता हूं। आप इस परियोजना से जुडी जरूरतों को पूरा करने में तेजी से जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा बिहार को समृद्धि के नए पथ पर ले जाने के लिए हम ऐसे ही मदद करते रहेंगे। उन्होंने कहा आज जो किसान सम्मान निधि दी गई है, उसके तहत बिहार के किसानों के खाते में सीधे करीब 1600 करोड रुपए पहुंच चुके हैं। मोदी ने कहा, हमने लाल किला से कहा था कि भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। ये स्तंभ हैं- गरीब, अन्नदाता किसान, हमारे नौजवान तथा हमारे देश की नारी शक्ति। राजग सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर यहां नीतीश जी के नेतृत्व में चल रही सरकार हो, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा बीते दशक में हमने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी शक्ति से काम किया है। किसानों को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद, सिंचाई की सुविधा, पशुओं को बीमारी से बचाव चाहिए तथा उन्हें आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए, पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था।

### देश में

ऑपरेशन कनविक्शन के तहत सरकार द्वारा मजबूत पैरवी करके जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक 51 अभियुक्तों को अदालतों से मौत की सजा दिलाई गई है जबकि 6287 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 1091 अभियुक्त को 20 वर्ष से अधिक का कारावास व 3867 अभियुक्तों को 10 से 19 वर्ष तक का कारावास दिलाया गया है। उनके मुताबिक, 5788 अभियुक्तों को पांच से नौ वर्ष तक की सजा और 51748 अभियुक्तों को पांच वर्ष तक की सजा दिलाई गई है। आदित्यनाथ ने कहा कि नवंबर 2019 से अब तक चिह्नित माफिया गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई में प्रभावी पैरवी करते हुए 7400 अपराधियों को अलग-अलग अभियोगों में आजीवन कारावास की सज़ा दिलाई गई है तथा दो अपराधियों को मौत की सजा दिलाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, कि हमने इसके साथ ही एटीएस को अत्याधुनिक तकनीक और अस्त्र-शस्त्र प्रदान करते हुए वर्ष 2017 से अब तक 130 आतंकवादियों और 171 रोहिंग्या लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने पुलिस सुधारों का जिक्र करते हुए कहा, कि हमने लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू की है।

### समाजवादियों व

दर्शाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री (अखिलेश यादव) के पास कुंभ की समीक्षा करने का समय नहीं था और एक गैर सनातनी को इसका प्रभारी बनाया गया था। विधानसभा में अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि हमने आपकी (सपा) तरह आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया है। आपके समय में मुख्यमंत्री के पास आयोजन को देखने और समीक्षा करने का समय नहीं था और इसलिए उन्होंने एक गैर सनातनी (मोहम्मद आजम खान) को कुंभ का प्रभारी नियुक्त किया था। आदित्यनाथ 2013 में आयोजित कुंभ का जिक्र कर रहे थे जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे और उन्होंने मोहम्मद आजम खान को कुंभ मेले का प्रभारी बनाया था। मुख्यमंत्री ने कहा, कि लेकिन यहां मैं खुद कुंभ की समीक्षा कर रहा था और अब भी कर रहा हूं। यही कारण है कि 2013 में जो भी कुंभ में गया, उसने वहां अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, प्रदूषण देखा। मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में नहाने लायक पानी नहीं था। मॉरीशस के प्रधानमंत्री इसका उदाहरण हैं जिन्होंने स्नान करने से इनकार कर दिया था। आदित्यनाथ ने कहा, कि इस बार लगातार लोग आ रहे हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति वहां आए। भूटान नरेश आए, दुनिया के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष वहां आए। सभी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। उन्होंने कहा कि पहली बार उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, सभी स्थानों के लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और उन्होंने इसे सफल बनाया। महाकुंभ में एक समुदाय विशेष के साथ भेदभाव के सपा सदस्यों के आरोप को गलत बताते हुए आदित्यनाथ ने कहा, कि जो आप कहते हैं कि भेदभाव हुआ है, तो मैं जानना चाहता हूं कि आखिर किसके साथ भेदभाव हुआ है? वहां न जाति का भेद है, न क्षेत्र का भेद है, न मत और मजहब का भेद है। किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया। सारे लोग एक घाट पर स्नान कर रहे हैं।

### सड़क हादसों

थे, जहां वे हलवाई का काम करते थे। जबकि, सुलतानपुर जिले में आम्बेडकर नगर के महरूआ थानाक्षेत्र में बलईपुर के पास मोटरसाइकिल से आ रहे दो युवकों की किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोस्तपुर थानाक्षेत्र में बिसनागरपुर भटपुरा के रौशन लाल निषाद (40) की बेटी माधुरी की तीन मार्च को शादी है, इसलिए वह शादी का कार्ड बांटने रविवार शाम आंम्बेडकर नगर गया। उसके साथ में पड़ोसी शिव प्रसाद निषाद (33) भी था। शाम करीब पांच बजे दोनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। तभी बलईपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। स्थानीय लोग दोनों को बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने जयसिंहपुर पुलिस को घटना की सूचना दी।

### अक्षय, कैटरीना

करवाई। वहीं कैटरीना ने भी संगम में स्नान किया और वहां भंडारे का प्रसाद भी लोगों को वितरित किया। उन्होंने भी महकुंभ की भव्यता और दिव्यता की जमकर तारीफ की। सोनाली बेंद्रे ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद कहा कि महाकुंभ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ तथा इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिकता को और उन्होंने करीब से महसूस किया। एकनाथ शिंदे ने कहा, कि यहां का महाकुंभ बहुत अद्भुत है। यह सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस सुव्यवस्थित आयोजन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद दूंगा। पंकजा गोपीनाथ मुंडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ में जिस सुव्यवस्थित ढंग से विशाल जनसमूह के प्रबंधन की व्यवस्था की है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा, कि मैं यहां अध्ययन करने आई हूं ताकि 2027 में त्र्यंबकेश्वर कुंभ की तैयारी में इन अनुभवों का लाभ लिया जा सके। ज्ञानेश कुमार ने कहा, कि मैं स्वयं को बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं अपने माता-पिता और परिवार के साथ मां गंगा का आशीर्वाद लेने आया हूं। बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने भी महाकुंभ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

### महाकुंभ भगदड़

सदस्यों ने मेला के अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी विषयों एवं तथ्यों पर पड़ताल की। उन्होंने बताया, कि आयोग ने सभी संस्थाओं के साथ भी बातचीत शुरू की है और सभी अभिलेखों का परीक्षण आरंभ किया है। सदस्यों द्वारा मांगे गए सभी अभिलेख अधिकारियों द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया, कि आयोग की अगली बैठक महाशिवरात्रि के बाद होगी जिसमें और दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। आज आयोग वापस चला गया है और महाशिवरात्रि के बाद अगली बैठक करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने इससे पूर्व, 31 जनवरी को संगम नोज स्थित घटनास्थल का निरीक्षण किया था और अधिकारियों से जानकारी ली थी। इसके बाद आयोग के सदस्यों ने एसआरएन अस्पताल में भर्ती घायलों से पूछताछ की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डीके सिंह शामिल हैं। महाकुंभ हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्य न्यायिक आयोग ने अपने गठन के अगले ही दिन से काम शुरू कर दिया। आयोग को जांच करने के लिए एक महीने का समय मिला है। सोमवार को हुई आयोग की बैठक में मेलाधिकारी विजय किरण आनंद, डीआईजी (कुंभ) वैभव कृष्ण, अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी को भगदड़ की घटना में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी और 60 लोग घायल हुए थे जिन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### उत्तराखण्ड :

उच्चाधिकारियों के साथ तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन उत्तराखंड के लिए सदैव बहुत शुभ होता है। केदारानाथ धाम, माणा, आदिकैलाश की प्रधानमंत्री की यात्रा एवं प्रवास के बाद इन जगहों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में काफी अधिक वृद्धि हुई है। इसी तरह इंवेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री के आगमन के फलस्वरूप राज्य में साढे तीन लाख करोड़ रुपये की लागत के पूंजी निवेश के एमओयू हुए और अभी तक राज्य में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश की ग्राउंडिंग शुरू हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने आज अपने स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर हर्षिल से मुखवा तक की गयी तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




# न्यूज़ीलैंड ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

## बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान का सफर खत्म, ब्रेसवेल को चार विकेट, न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 236 रन पर रोका था

रावलपिंडी। रचिन रवींद्र के शतक और कप्तान टॉम लाथम के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया। न्यूजीलैंड की जीत के साथ ही ग्रुप ए से मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों का सफर टूनामेंट में समाप्त हो गया है। इस ग्रुप से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में नौ विकेट पर 236 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड की इस टूनामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है।

वहीं ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को नौ विकेट पर 236 रन पर रोक दिया। ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ब्रेसवेल ने 26 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि तेज गेंदबाज विलियम ओ रोर्के ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 48 रन देकर दो विकेट हासिल किए। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 110 गेंद में नौ चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के पास न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था। सातवें नंबर के बल्लेबाज जाकिर अली ने अंत में 55 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद शंटो और तनजीद हसन (24) ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। ब्रेसवेल ने तनजीद को मिडविकेट पर केन विलियमसन के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। मेहदी हसन मिराज (13) ने आते ही कदमों का इस्तेमाल करते हुए सीधा छक्का जड़ा लेकिन ओरोर्के की गेंद को मिड ऑन पर सेंटनर के हाथों में खेल गए। विलियमसन ने इसके बाद ब्रेसवेल की गेंद पर तौहीद ह्रदय (07) का शानदार कैच लपका जबकि मुशफिकुर रहीम भी पांच गेंद गेंद दो रन बनाने के बाद ब्रेसवेल का शिकार बने। मुशफिकुर ने स्लॉग स्वीप का प्रयास किया लेकिन उनके शॉट में वह ताकत नहीं थी।





# पूर्व पाक खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ हार के लिए रिजवान एंड कंपनी की आलोचना की

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट के दिग्गजों ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में भारत के खिलाफ हार के बाद मौजूदा राष्ट्रीय टीम को नीरस और प्रेरणाहीन करार दिया है जबकि इस दबाव वाले मैच में विफल रहने के लिए बाबर आजम की सबसे ज्यादा आलोचना की गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मोहम्मद रिजवान की टीम को छह विकेट से मिली करारी हार पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है जिससे चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट में पहुंचने की टीम की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।



पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों ने टीम के दृष्टिकोण, रवैये और योजना की आलोचना की है। महान क्रिकेटर वसीम अकरम ने 2026 टी20 विश्व कप से पहले सफेद गेंद की टीम में आमूलचूल परिवर्तन की मांग की है। क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक शोएब अख्तर ने तो बाबर आजम को धोखेबाज तक कह दिया। पूर्व कप्तान और कोच मुहम्मद हफीज ने तीनों तेज गेंदबाजों शाहीन अफरीदी, हारिस राउफ और नसीम शाह को टीम से बाहर करने की मांग की। अकरम ऑफ स्पिनर अबरार अहमद द्वारा शुभमन गिल को शानदार गेंद पर आउट करने के बाद बाहर जाने का इशारा करके दी गई विदाई से भी नाराज थे। अकरम ने कहा कि हर चीज का एक समय होता है। क्या उसे यह बताने वाला कोई नहीं है कि तुम क्या कर रहे हो? मैच की स्थिति को देखिए, तुम दबाव में हो और तुम ऐसे जश्न मना रहे हो जैसे तुमने पांच विकेट लिए हों। पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद इस नतीजे से हैरान नहीं थे लेकिन उन्होंने आश्चर्य जताया कि खिलाड़ी इतने दबाव में क्यों दिख रहे थे। उन्होंने कहा कि व्यवस्था, चयनकर्ताओं और इन सब पर दोष मढ़ना बेकार है। सवाल यह है कि क्या इन चयनित खिलाड़ियों में कुछ कमी है? क्या पीसीबी उनका ख्याल नहीं रखता? क्या उन्हें पर्याप्त भुगतान नहीं किया जाता? तो बड़े मैचों और टूर्नामेंटों में प्रदर्शन करने के लिए जुनून, जोश और पेशेवर रवैया कहां है।

## संक्षेप

### मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा: कुलदीप

दुबई। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे। कुलदीप ने यहां पत्रकारों से कहा कि चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। बांग्लादेश के खिलाफ भी मेरी लय अच्छी थी। कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।

कुलदीप ने कहा, मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा।

### अब कोई नहीं पूछेगा कि क्या विराट फॉर्म में हैः राजकुमार शर्मा

दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की साहसिक पारी से बेहद खुश और राहत महसूस कर रहे उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत के इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म पर अब सवाल उठने बंद हो जाएंगे। कोहली ने फॉर्म में वापसी करते हुए वनडे में अपना 51वां शतक जमाया, जिससे भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत हासिल करके चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा, अब तो नहीं पूछोगे कि विराट फॉर्म में नहीं है। कोहली ने इससे पहले वनडे में अपना आखिरी शतक नवंबर 2023 में लगाया था। पिछले कुछ वर्षों से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण इस स्टार बल्लेबाज की काफी आलोचना हो रही थी। शर्मा ने कहा कि कोहली कभी खराब फार्म में थे ही नहीं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और उसने आज यह फिर से साबित कर दिया। वह हमेशा मजबूत टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। वह पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने देश के लिए सबसे अधिक मैच जीते हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान वनडे में 14000 रन भी पूरे किए।

# बीसीसीआई के अधिकारियों ने कहा-कोई भी कोहली की तरह दबाव नहीं झेल सकता



दुबई। पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाने वाले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने दबाव में असाधारण धैर्य का शानदार परिचय दिया। कोहली के नाबाद शतक की मदद से भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर ने पीटीआई से कहा, विराट कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान दिखाया कि दबाव कैसे झेलना होता है और देश के लिए कैसे खेलना है। अपनी बेहतरीन पारियों के जरिए विराट ने कई लोगों का दिल और देश के लिए मैच जीते हैं। शुक्ला ने कहा कि कोहली का शतक शानदार था। जिस तरह से उन्होंने अपना शतक बनाया। जिस तरह से उन्होंने भारतीय टीम को स्थिरता प्रदान की, वह कोई नहीं कर सकता। कोहली का वनडे में यह 51वां शतक है, जिसमें सात चौके शामिल हैं।

आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा, पूरा देश विराट के शतक का इंतजार कर रहा था। उन्होंने आज जिस तरह से बल्लेबाजी की वह देखने लायक शानदार पारी थी। आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भारत के अच्छे प्रदर्शन में आईपीएल ने अहम भूमिका निभाई है।

### सीएसके ने श्रीराम को सहायक गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

चेन्नई। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने एक्स पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं। बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं। श्रीराम इससे पहले 2016-2022 तक ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं।

# घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाना अच्छा है, लेकिन खिलाड़ियों को आराम भी दिया जाना चाहिएः शिखर

दुबई। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का समर्थन किया है लेकिन उन्होंने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह किया है ताकि खिलाड़ियों को थकान नहीं हो।



पिछले साल अपने करियर को अलविदा कहने वाला यह खिलाड़ी मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के चार टूर्नामेंट दूत में से एक के रूप में यहां मौजूद है। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। धवन मैच देखने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गए। मैच के दौरान मीडिया से बात करते हुए उनसे पूछा गया कि क्या बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लेना अनिवार्य करके सही काम किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा फैसला है। मेरी एक ही बात है कि खिलाड़ियों पर अत्यधिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। लेकिन लोग इस पर नजर रखेंगे। धवन ने कहा कि यह अच्छी बात है कि मौजूदा खिलाड़ियों को घरेलू मैच भी खेलना चाहिए जैसे विराट (कुछ सप्ताह पहले दिल्ली के लिए) खेले थे और स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। साथ ही उन्हें काफी आराम भी मिलना चाहिए। बीसीसीआई का यह निर्देश भारत के ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक टेस्ट दौरे के बाद आया है जिसमें टीम 1-3 से हार गई थी और एक दशक में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवा बैठी। बोर्ड के निर्देश के बाद रोहित शर्मा, कोहली और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी राज्य टीमों के लिए कम से कम एक मैच खेला। धवन ने रोहित की प्रशंसा की जो अब तक काफी अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। कप्तान रोहित पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 20 रन पर आउट हो गए, लेकिन धवन ने इसका सकारात्मक पक्ष देखा।

उन्होंने कहा, वह आउट हो गए लेकिन उन्होंने ऐसा जोश पैदा किया जिसका दूसरों ने फायदा उठाया। 39 वर्षीय धवन ने कहा कि 2013 से शुरू हुए अपने करियर में उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया, उससे वह संतुष्ट हैं। उन्होंने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और सभी प्रारूपों में 10,000 से अधिक रन बनाए।

# गिल आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे : बांगड़

दुबई। पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ और नवजोत सिंह सिद्धू ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुआई करेगा।



गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था। बांगड़ ने जियोहॉटस्टार से कहा कि साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं। गिल की तकनीक के बारे में बात करते हुए बांगड़ ने कहा कि उनकी नींव वाकई बहुत मजबूत है और इसमें वनडे में लगभग ढाई साल के प्रदर्शन का आत्मविश्वास भी शामिल है। एकदिवसीय क्रिकेट में वह अद्भुत रहे हैं। बांगड़ ने कहा कि उसकी टाइमिंग इतनी शानदार है। सिद्धू ने गिल की भी तारीफ़ की जो 50 ओवर के प्रारूप में शानदार फॉर्म में हैं। सिद्धू ने कहा, देखिए बरगद के पेड़ के नीचे कुछ भी नहीं उगता और भारतीय क्रिकेट का बरगद के पेड़ मूल रूप से रोहित शर्मा और विराट कोहली हैं। लेकिन जब आप शुभमन गिल को देखते हैं तो यह खिलाड़ी उस बरगद के पेड़ की छाया से उभरकर परिपक्व हो गया है।

### भारत एफआईएच प्रो लीग के कड़े मुकाबले में इंग्लैंड से 2-3 से हारा

भुवनेश्वर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को कड़ी टक्कर देने के बावजूद सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में इंग्लैंड से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जिसके लिए कप्तान सैम वार्ड के दो गोल दागे। इंग्लैंड ने जैकब पेटन (15वें मिनट) के जरिए पहला गोल किया जबकि वार्ड (19वें और 29वें मिनट) ने दो गोल कर दिए। भारत के लिए अभिषेक (18वें मिनट) और सुखजीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच बराबरी की स्थिति रही और दोनों टीमें शुरुआती गोल के लिए एक-दूसरे पर दबाव बनाती रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने रक्षण में कई गलतियां कीं, विशेषकर कप्तान हरमप्रीत सिंह ने जो लय में नहीं दिखे। ऐसी ही एक गलती पर इंग्लैंड ने 15वें मिनट में पेटन के मैदानी प्रयास से गोल कर दिया। हालांकि अभिषेक ने तीन मिनट बाद एक बेहतरीन मैदानी कोशिश से स्कोर बराबर कर दिया। लेकिन इंग्लैंड ने एक मिनट बाद फिर से भारत को हैरान कर दिया जब वार्ड ने पेटन के साथ मिलकर एक शानदार मैदानी गोल किया।

# मीराबाई मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

## कहा- छोटे-छोटे बदलाव बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस बड़ी स्वास्थ्य समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं।



इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की। तीस वर्षीय पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई ने एक्स पर लिखा, मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा नामित किए जाने पर बहुत खुशी है। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसे सही जीवनशैली का विकल्प चुनकर और सक्रिय, स्वस्थ और फिट रहने का विकल्प चुनकर समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमें भारत के इस दिशा में आगे बढ़ने और हमारी विकास यात्रा का समर्थन करने की जरूरत है। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से देश में बड़े बदलाव हो सकते हैं और भारत को फिट बनाने के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। इस पहल के हिस्से के रूप में चानू ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को नामित किया जिनमें मौजूदा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, निशानेबाजी के दिग्गज गगन नारंग, पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, पुरुष हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, पेरिस खेलों के पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह, टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और पैरालंपिक निशानेबाजी चैंपियन अवनी लेखरा शामिल हैं।

# कोहली अभी दो-तीन साल तक और खेलेंगेः सिद्धू

नयी दिल्ली। पिछले छह महीनों में विराट कोहली की दृढ़ता और चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ उनके नाबाद शतक को देखकर पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू को लगता है कि भारत का यह स्टार बल्लेबाज अगले दो से तीन साल तक खेलना जारी रखेगा। कोहली ने फॉर्म में वापसी करते हुए वनडे में अपना 51वां शतक जमाया, जिससे भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत हासिल करके चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सिद्धू ने जिओ हॉटस्टार पर कहा कि चरित्र किसी संकट में नहीं बनता है, यह प्रदर्शित होता है। वह जुनूनी खिलाड़ी है और यह शतक देखने के बाद मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह अगले दो से तीन साल तक और खेलेगा तथा 10 या 15 शतक और लगाएगा। उन्होंने कहा कि किसी के लिए भी अंतिम अग्निपरीक्षा यह है कि वह प्रतिकूल समय से कैसे गुजरता है, वह प्रतिकूल परिस्थितियों को कैसे स्वीकार करता है। पिछले छह महीनों से इतना कुछ चल रहा था कि उन्होंने अपना क्षण चुना। पाकिस्तान के खिलाफ उनके इस शतक को लोग वर्षों तक याद रखेंगे। सिद्धू ने कहा कि विराट कोहली जैसे क्रिकेटर एक पीढ़ी में एक बार ही पैदा होते हैं।

# तेल का उपयोग घटायें, मोटापे से बचें

## प्रधानमंत्री ने उमर, महिंद्रा, मोहनलाल को मोटापे के खिलाफ जागरुकता अभियान के लिए नामित किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उद्योगपति आनंद महिंद्रा और अभिनेता मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रों के 10 लोगों को नामित किया।



इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से मोटापे से बचने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैं मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और भोजन में तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए कुछ लोगों को नामित करना चाहूंगा। मैं उनसे यह भी अनुरोध करता हूं कि वे भी आगे ऐसे 10 और लोगों को नामित करें ताकि हमारा आंदोलन बड़ा हो सके। मोदी ने जिन अन्य हस्तियों को नामित किया है उनमें भोजपुरी गायक-अभिनेता निरहुआ, निशानेबाज मनु भाकर, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, अभिनेता आर माधवन, गायिका श्रेया घोषाल और सामाजिक कार्यकर्ता एवं सांसद सुधा मूर्ति के नाम शामिल हैं। मोटापे के खिलाफ लड़ाई की जोरदार वकालत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से भोजन में कम तेल का उपयोग करने और 10 अन्य लोगों को यह चुनौती देने का आग्रह किया था। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर खुश हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के अभियान से जुड़ने के लिए 10 लोगों को नामित किया। अब्दुल्ला ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी जीवनशैली से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, साथ ही चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां भी पैदा होती हैं। आज मैं मोटापे के खिलाफ प्रधानमंत्री के अभियान में शामिल होने के लिए इन 10 लोगों को नामित कर रहा हूं और उनसे इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए 10-10 और लोगों को नामित करने का अनुरोध कर रहा हूं। अब्दुल्ला द्वारा नामित लोगों में बायोकॉन की प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति सज्जन जिंदल, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान, सांसद सुप्रिया सुले और पूर्व वुशु खिलाड़ी कुलदीप हांडू शामिल हैं। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था की जरूरत है, बल्कि एक स्वस्थ आबादी की भी जरूरत है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि खाना पकाने के तेल का 10 प्रतिशत कम उपयोग करना भी बड़ा योगदान दे सकता हैअ यह योगदान आपकी सेहत के लिए हो सकता है, आपके बटुए के लिए हो सकता है या फिर एक स्वस्थ दुनिया के लिए हो सकता है। इस आह्वान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद।

# संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक महिलाओं को शामिल करना आवश्यक : राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं।

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने आईं महिला शांति रक्षकों के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शांति मिशन में महिलाओं की उपस्थिति इसे और अधिक विविध और समावेशी बनाती है। मुर्मु ने कहा, महिला शांति रक्षकों की स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए आदर्श बन सकती हैं। वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में अधिक सक्षम हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जिन शांति मिशनों में महिला कर्मियों का प्रतिशत अधिक है, वे हिंसा को कम करने तथा दीर्घकालिक शांति समझौते प्राप्त करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिकाधिक महिलाओं को शामिल करें। राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में योगदान के भारत के गौरवशाली इतिहास को याद किया, जिसमें 50 से अधिक मिशनों में 2,90,000 (2.90 लाख) से अधिक शांति रक्षकों ने सेवाएं दी हैं। मुर्मु ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए नौ सक्रिय मिशनों में 5,000 से अधिक भारतीय शांति रक्षक तैनात हैं। मुर्मु ने कहा कि आज संयुक्त राष्ट्र के छह मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति रक्षक तैनात हैं। 1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया तक, हमारी महिला शांति रक्षकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्चतम परंपराओं का प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, महिला शांति रक्षक शांति स्थापना में महिलाएं: एक ग्लोबल साउथ परिप्रेक्ष्य विषय पर एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हैं।

संक्षेप

## मणिपुर में एके 56 राइफल सहित 11 हथियार सौंपे गये

इंफाल। मणिपुर के थौबल और इंफाल पूर्वी जिलों में लोगों ने एके 56 राइफल सहित कम से कम 11 हथियार सौंप दिए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार को थौबल जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में लोगों ने एक एसएमजी कार्बाइन सहित मैगजीन, एक आंसूगैस गन, दो स्नाइपर राइफल, एक डबल बैरल गन, एक सिंगल बैरल गन, एक .38 एमएम पिस्तौल, दो इंच के दो मोर्टार शेल, दो इंप्रोवाइज्ड आईईडी, सात हैंड ग्रेनेड सहित सात आग्नेयास्त्र उन्हें सौंप दिये। उन्होंने बताया कि रविवार को इंफाल पूर्व जिला एसपी कार्यालय में लोगों ने एक एके 56 राइफल तथा मैगजीन, एक एमएएस सीरीज बोल्ट एक्शन स्नाइपर राइफल तथा एक 303 राइफल सहित तीन आग्नेयास्त्र सौंपे। इंफाल पूर्वी जिले में दो हथगोले और 44 कारतूस भी सौंपे गए। इंफाल थाने में सोमवार को एक 9 एमएम कार्बाइन ए। भी सौंपी गयी। इस दौरान चुराचांदपुर जिले के लांगजा इलाके में रविवार को तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक .303 राइफल, मैगजीन, तीन सिंगल बैरल (देशी) बंदूक, 81 मिमी का एक मोर्टार (पंपी), तीन आईईडी, गोला-बारूद और तीन इम्प्रोवाइज्ड बम जब्त किये। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को संघर्षग्रस्त राज्य के लोगों से, लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सात दिनों के भीतर स्वेच्छा से सौंपने का आग्रह किया था।

## अमित शाह एवं शिवकुमार ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि समारोह में हिस्सा लेंगे



कोयंबटूर। ईशा योग केंद्र में 26 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। केंद्र ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है।

बयान में कहा गया है कि योग केंद्र के संस्थापक सदगुरु इस अवसर पर एक मुफ्त ध्यान ऐप का अनावरण करेंगे। इसमें कहा गया है, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 26 फरवरी 2025 को ईशा योग केंद्र में आदियोगी और सदगुरु की उपस्थिति में महाशिव्रात्रि समारोह में शामिल होंगे। बयान में कहा गया है कि पूरी रात चलने वाला यह समारोह बुधवार को शाम छह बजे शुरू होगा और अगली सुबह छह बजे इसका समापन होगा। इसमें कहा गया है कि कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री एवं अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## राहत पैकेज को अनुदान में बदलें : प्रियंका गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वायनाड भूस्खलन त्रासदी को लेकर घोषित राहत पैकेज को अनुदान में बदला जाए तथा इसके क्रियान्वयन की अवधि बढ़ाई जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि 529.50 करोड़ का राहत पैकेज पर्याप्त नहीं है तथा इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं करने से वहां के लोगों में निराशा है। वायनाड के मुंडक्कई और चूरलमाला क्षेत्र में 30 जुलाई 2024 को हुए भूस्खलन में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। इस आपदा ने इन दोनों क्षेत्रों को लगभग पूरी तरह से तबाह कर दिया था। वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने पत्र में कहा कि वायनाड की सांसद के रूप में मुझे लगा कि यह मेरा कर्तव्य है कि मैं आपको अपने निर्वाचन क्षेत्र में चूरलमाला और मुंडक्कई के लोगों की दुर्दशा से अवगत कराऊं। यह वास्तव में हृदयविदारक है कि एक भयानक त्रासदी से उनका जीवन और आजीविका के नष्ट होने के छह महीने बाद भी वे अपने जीवन को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश में अकल्पनीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने भूस्खलन से हुई तबाही का उल्लेख करते हुए कहा कि केरल के सांसदों के लगातार आग्रह के बाद केंद्र सरकार ने हाल ही में तबाही के पीड़ितों के लिए 529.50 करोड़ रू के राहत पैकेज की घोषणा की है जो कि अपर्याप्त है। प्रियंका गांधी का कहना था, यह पैकेज दो शर्तों के साथ है। पहली शर्त है कि जो धनराशि वितरित की जाएगी, वो अनुदान के रूप में नहीं, बल्कि ऋण के रूप में दी जाएगी।

## बांग्लादेश: वायुसेना केंद्र पर उपद्रवियों के हमले का सुरक्षा बलों ने दिया जवाब



ढाका। दक्षिण-पूर्वी तटीय शहर कॉक्स बाजार में बांग्लादेश की वायु सेना के अड्डे पर सोमवार को किए गए हमले का सुरक्षाकर्मियों ने माकूल जवाब दिया और इस दौरान एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्रालय के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) निदेशालय ने कहा कि उपद्रवियों ने दोपहर के समय कॉक्स बाजार के समिति पारा के पास वायु सेना अड्डे पर अचानक हमला कर दिया।

आईएसपीआर के एक बयान में कहा गया, बांग्लादेश वायु सेना इस संबंध में आवश्यक कार्वाई कर रही है। तटीय जिले के उपायुक्त मोहम्मद सलाहुद्दीन ने कहा, झड़प के दौरान 30 वर्षीय स्थानीय व्यापारी शिहाब कबीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि हमले के कारणों की गहन जांच की जाएगी। हालांकि, रिपोर्टों में कहा गया है कि यह घटना हवाई अड्डे के विस्तार की परियोजना के कारण हुई, जिसके लिए पड़ोस के लोगों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है और इस प्रस्ताव का कुछ लोगों ने विरोध किया था। यह हमला गृह मामलों के सलाहकार, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एम. जहांगीर आलम चौधरी द्वारा सुबह-सुबह संवाददाता सम्मेलन में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ।

उन्होंने सोमवार को लगभग 3 बजे ढाका में अपने आवास पर मीडिया को बताया कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पूर्ववर्ती अवामी लीग सरकार के सहयोगी देश को अस्थिर करना चाहते हैं, लेकिन किसी भी तरह से उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आतंकवादी कहीं भी खड़े न हो सकें और किसी भी कीमत पर अपराधों को रोका जा सके।

## भारत के प्रति शत्रुता की भावना से अस्थिर हुआ पाक



जम्मू। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि भारत ने कभी भी पाकिस्तान के प्रति दुर्भावना नहीं रखी लेकिन पड़ोसी देश ने नयी दिल्ली के प्रति शत्रुता की अपनी भावना से खुद को अस्थिर कर लिया है।

ठाकुर ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) की फंडिंग को लेकर चल रहे विवाद के बारे में दावा किया कि भारत में मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि ने उन लोगों को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है जो भारत में लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर साजिश कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहाकि सीमा पर गोलीबारी के लिए पाकिस्तान को अतीत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। यदि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतें बंद नहीं करता है, तो हमारी सेनाएं जानती हैं कि उसे कैसे जवाब देना है, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत को अस्थिर करने की कोशिश में खुद को अस्थिर कर लिया है। कोई नहीं चाहता कि उसका पड़ोसी देश विफल राष्ट्र बने, हमने कभी उसका बुरा नहीं चाहा लेकिन जिसने बुरी नजर रखी वो बर्बाद हो गया। उन्होंने रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत का भी जिक्र किया।

## पत्नी की पिटाई व तेजाब पीने को मजबूर करने पर पति समेत तीन लोग दोषी: कोर्ट

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2019 में एक महिला को तेजाब पीने के लिए मजबूर करने के आरोपी दो लोगों को दोषी ठहराया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ट्विंकल वाधवा ने महिला के पति को स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के अपराध के लिए दोषी ठहराया और कहा कि यह साबित हुआ है कि उसने उसे बेल्ट से पीटा था। अदालत महिला के पति शमीन, सास हसीना और ननद शबनम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 326 ए (स्वेच्छा से तेजाब का इस्तेमाल करके गंभीर चोट पहुंचाना आदि) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थी। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि शमीन ने अपनी पत्नी की पिटाई की, जिसके बाद अन्य लोगों ने उसे 5 मार्च, 2019 को तेजाब पीने के लिए मजबूर किया। अदालत ने 14 फरवरी को अपने फैसले में कहा कि पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दोहराते हुए अपनी पीड़ा और संबंधित घटनाओं को स्पष्ट रूप से सुनाया। अदालत सजा पर फैसला 12 मार्च को सुनाएगी।

इंटरटेनमेंट...

## महाभारत पर फिल्म बनाना मेरा सपना : आमिर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने शनिवार को कहा कि वह महाकाव्य महाभारत को बड़े पर्दे पर पेश करने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। एबीपी नेटवर्क के आइडियाज ऑफ इंडिया 2025 कार्यक्रम में आमिर ने यह भी कहा कि वह बच्चों पर केंद्रित फिल्में और कार्यक्रम अधिक बनाना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा महाभारत पर फिल्म बनाना मेरा सपना है। शायद अब मैं इस सपने के बारे में सोच पाऊंगा। देखते हैं कि इसमें मेरा कोई किरदार होगा या नहीं। मुझे बच्चों से जुड़ा कंटेंट बनाने में भी दिलचस्पी है। भारत में हम बच्चों के लिए कम कंटेंट बनाते हैं। आमतौर पर हम विदेश के कंटेंट डब करके रिलीज करते हैं। मैं बच्चों पर केंद्रित कहानियां बनाना चाहता हूं।



उन्होंने कहा एक अभिनेता के तौर पर मैं एक समय में एक ही फिल्म करता हूं और मैं इससे खुश हूं। लेकिन एक निर्माता के रूप में, मैं ज्यादा फिल्में बनाना चाहता हूं। अगले महीने मैं 60 साल का हो जाऊंगा और आने वाले 10-15 वर्षों तक मैं ज्यादा काम करना चाहता हूं, नयी प्रतिभाओं को अवसर देना चाहता हूं। रंग दे बसंती, दिल चाहता है, लगान और 3 इडियट्स जैसी फिल्मों के लिए मशहूर आमिर ने कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग में लेखकों को अधिक पहचान और समर्थन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा। भारत में अधिक सिनेमाघरों की जरूरत है। चीन में एक लाख से अधिक सिनेमाघर हैं, जबकि हमारे यहां केवल 10,000 सिनेमाघर हैं। हमें ऐसे सिनेमाघर चाहिए, जो बड़े पैमाने पर दर्शकों की उम्मीदों को पूरा करें। आमिर ने अपने बेटे जुनैद खान की हालिया प्रदर्शित फिल्म लवयापा की असफलता पर भी बात की और कहा कि इससे वह निराश हुए। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि फिल्म अच्छी है और जुनैद ने भी काफी अच्छा काम किया है। एक पिता के रूप में मैं अपने बेटे की फिल्म को लेकर दस गुना ज्यादा तनाव में था। रिलीज से दो हफ्ते पहले, मैं सोच रहा था कि मैं इतना चिंतित क्यों हूं? यह मेरी फिल्म नहीं है, न तो मैंने इसमें अभिनया किया है, न ही इसका निर्माण या निर्देशन किया है। लेकिन फिर भी मैं बेचैन था। आमिर ने उम्मीद जताई कि जुनैद फिल्म उद्योग में आगे बढ़ेगा और सीखेगा। उन्होंने कहा, हम जुनैद के साथ एक फिल्म कर रहे हैं, जो नवंबर या दिसंबर में रिलीज होगी। यह एक रोमांटिक फिल्म है और इसकी कहानी बहुत अच्छी है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सफलता और असफलता का सामना करना पड़ता है। आमिर जल्द तारे जमीन पर की सीक्वेल सितारे जमीन पर में नजर आएंगे। इस फिल्म के 2025 के मध्य में सिनेमाघरों में दस्तक देने की संभावना है।

## रणवीर इलाहाबादिया से करीब पांच घंटे तक हुई पूछताछ

मुंबई। महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने इंडियाज गॉट लैटेंट शो विवाद के सिलसिले में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी से सोमवार को करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले इलाहाबादिया और चंचलानी नवी मुंबई स्थित साइबर मुख्यालय में अलग-अलग पेश हुए। हालांकि वे एजेंसी द्वारा पूर्व में जारी समन पर पेश नहीं हुए थे। महाराष्ट्र साइबर और मुंबई पुलिस समय रैना के यूट्यूब शो पर इलाहाबादिया की विवादास्पद टिप्पणी की जांच कर रही है, जिसके कारण अश्लीलता फैलाने का मामला दर्ज किया गया है। शो, इंडियाज गॉट लैटेंट, तब चर्चा में आया जब इलाहाबादिया ने भद्दी टिप्पणियां कीं, जिसकी व्यापक निंदा हुई। एक अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि इलाहाबादिया और चंचलानी पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे साइबर मुख्यालय में उपस्थित हुए, जिसके बाद उनके बयान दर्ज किए गए। मीडिया की नजरों से बचने के लिए इलाहाबादिया ने चेहरे पर काला मास्क पहना हुआ था और वह शाम करीब पांच बजे मुख्यालय से निकलते हुए देखे गए। वह एक निजी टैक्सी में सवार होकर चले गए।

## एक्स ने लॉक किया मेरा खाता : अनुपम खेर

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अभिनेता अनुपम खेर के खाते को निलंबित कर दिया गया। खेर ने कहा है कि वह यह जानना चाहते हैं कि उनका खाता आखिर क्यूं निलंबित किया गया और किस पोस्ट ने नियमों का उल्लंघन कर दिया। हालांकि अब उनका खाता बहाल कर दिया गया है। खेर 2007 से इस मंच का इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि जब उन्हें इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई तो वह हैरान रह गए। यह स्पष्ट नहीं है कि उनका खाता कब निलंबित किया गया था। खेर ने पोस्ट में लिखा, प्रिय एक्स। भले ही मेरा खाता बहाल हो गया है, लेकिन इसे बंद देखकर मुझे आश्चर्य हुआ। मैं सितंबर 2007 से इस मंच पर हूं। हमेशा एक्स (पूर्व में ट्विटर) के नियमों और कॉपीराइट के नियमों का ध्यान रखता हूं। इसलिए मुझे यह थोड़ा बेतुका लगा। जानना अच्छा लगेगा कि मेरी किस पोस्ट ने आपके नियमों का उल्लंघन किया है? धन्यवाद। खेर (69) ने पोस्ट के साथ एक स्क्रीनशॉट संलग्न किया जिसमें कहा गया था कि उनका खाता लॉक कर दिया गया है। नोट में लिखा था, आपका अकाउंट लॉक कर दिया गया है क्योंकि एक्स को आपके अकाउंट पर पोस्ट की गई सामग्री के लिए डिजिटल मिलेनियम कॉपीराइट एक्ट (डीएमसीए) नोटिस मिला है। खेर हाल ही में कंगना रनौत निर्देशित फिल्म इमरजेंसी में नजर आए थे।



## शौंकी सरदार के सेट पर गुरु रंधावा घायल



नयी दिल्ली। पंजाबी गायक और अभिनेता गुरु रंधावा फिल्म शौंकी सरदार के सेट पर एक एक्शन दृश्य की शूटिंग के दौरान घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रंधावा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अस्पताल से एक फोटो साझा कर इस घटना की जानकारी दी। फोटो में वह बिस्तर पर लेटे हुए नजर आ रहे हैं। उनके गले में सर्वाइकल कॉलर और सिर पर पट्टी बंधी हुई है। रंधावा ने लिखा, मेरा पहला स्टंट, मेरी पहली चोट, लेकिन मेरा हौसला बरकरार है। शौंकी सरदार के सेट पर मिली एक याद। एक्शन करना बहुत मुश्किल काम है, लेकिन अपने दर्शकों के लिए मेहनत करता रहूंगा। अभिनेता के इस पोस्ट पर कई फॉलोअर और प्रशंसकों ने प्रतिक्रिया देते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। एक प्रशंसक ने लिखा, जल्दी ठीक हो जाइए। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा, अपना ध्यान रखिए और जल्दी ठीक हो जाइए। फिल्म शौंकी सरदार का निर्देशन धीरज रतन कर रहे हैं और इसमें गुरु रंधावा के साथ निमृत कौर अहलूवालिया भी अहम किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म आगामी 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com